www.epaper.azadsipahi.in

* ओड़िशा संस्करण

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची 09 अगस्त, 2025 , शनिवार, वर्ष 10, अंक 290, श्रावण, शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा, संवत 2082, पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00




Euro Kids Pre-School
EUROKIDS GLOBAL SCHOOL
CBSE PATTERN
Play Group | Nursery | Euro Jonior (LKG) | Euro Senior (UKG) | AGE GROUP 1.8 TO 6 YEARS
OFFERS YOU
Class 1 | Class 2 | Class 3 | Class 4 | Class 5
आपके बच्चों को दे सही शुरूआत
ADMISSION OPEN
KOKAR RIMS ROAD, TUNKI TOLA, RANCHI
7903079507, 8092334348

## हेमंत सोरेन को ऐसे ही धरती पुत्र नहीं कहते

# खेत में उतरे मुख्यमंत्री, बढ़ाया किसानों का मान

- धनरोपनी का किया अवलोकन
- कहा, कृषि हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ के साथ-साथ हमारी अस्मिता, संस्कृति
- किसान खुशहाल होगा, तभी राज्य और देश सशक्त बनेगा

आजाद सिपाही संवाददाता





**रामगढ़/गोला।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का इन दिनों दूसरा ही रूप देखने को मिल रहा है। गुरुजी के निधन के बाद उनके श्राद्ध कर्म के लिए वह पैतृक गांव नेमरा में हैं। 'बाबा' के जाने के दुख को कम करने के लिए हेमंत अपने को गांव के जीवन में ढाल कर लगातार खुद को व्यस्त रख रहे हैं। श्राद्ध कर्म के रोजाना के कार्य करने के बाद के समय में गांव के लोगों से मिलना-जुलना और साथ ही वहां के जीवन को आत्मसात करने की कोशिश करते दिख रहे हैं। इसी क्रम में हेमंत शुक्रवार को खेत-खलिहान में उतरे। माटी से सने पांव। कभी मेड़ पर चलते खेतों को देखा, तो कभी पानी भरे खेत में उतर गये। मुख्यमंत्री ने कहा कि खेतों की हरियाली किसानों की कड़ी मेहनत को दर्शाती है। जब फसलें लहलहायेंगी, तो यह उनके चेहरे की मुस्कान बनेगी।

बताते चलें कि बारिश का मौसम है और खेतों में धनरोपनी हो रही है। मुख्यमंत्री सफेद धोती और चादर ओढ़े, हाथ में डंडा लिये, गांव के खेतों और मेड़ पर कुछ ग्रामीणों के साथ चले। इसके बाद खेत में उतर कर धान रोप रहीं महिलाओं के पास पहुंचे, उनसे बातचीत की। धान रोप रहीं स्थानीय ग्रामीण महिलाओं से संवाद करते हुए खेती-किसानी के ताजा हालात से रूबरू हुए। मुख्यमंत्री को खेत में अपने बीच देखकर किसानों के चेहरे खिल उठे। उनकी खुशियां देखते ही बन रही थीं। इस दौरान मुख्यमंत्री ने किसानों से सीधा संवाद किया और उनकी परेशानियां तथा समस्याओं को जाना। उन्होंने कहा कि किसानों का कल्याण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। आपके लिए सरकार कई कल्याणकारी योजनाएं चला रही है। अप इन योजनाओं से जुड़ें और अपने को सशक्त बनायें। मैं आपके लिए हमेशा खड़ा हूं। आपको जो परेशानी हो बतायें, उसका निराकरण निश्चित तौर पर होगा। हेमंत ने कहा कि कृषि ना सिर्फ अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, बल्कि हमारी पहचान, अस्मिता, संस्कृति और परंपरा की भी वाहक है। किसान खुशहाल होगा, तभी देश-राज्य समृद्ध होगा। हमारी सरकार किसानों को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nursing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

## धनबाद के नीरज सिंह हत्याकांड में पूर्व विधायक को राहत

# संजीव सिंह को आठ साल बाद सुप्रीम कोर्ट से जमानत

- सिंह मेंशन में जश्न आतिशबाजी हुई, लड्डू बांटे गये

आजाद सिपाही संवाददाता





**धनबाद।** झरिया के पूर्व विधायक संजीव सिंह को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिल गयी है। वे धनबाद के पूर्व डिप्टी मेयर नीरज सिंह समेत चार लोगों की हत्या मामले में 2017 से जेल में बंद हैं। संजीव सिंह को निचली अदालत से जब जमानत नहीं मिली, तो उन्होंने झारखंड हाइकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। यहां से भी उन्हें राहत नहीं मिली थी। इसके बाद वे जमानत के लिए सुप्रीम कोर्ट गये थे। आखिरकार उन्हें वहां से राहत मिली।

**23 मार्च 2017 को मामला हुआ था दर्ज:** पूर्व विधायक संजीव सिंह 11 अप्रैल 2017 से जेल में बंद हैं। उन पर धनबाद के पूर्व डिप्टी मेयर नीरज सिंह की हत्या का आरोप है। इस कांड में नीरज सिंह सहित चार लोगों की गोली मार कर हत्या कर दी गयी थी। नीरज सिंह हत्याकांड मामले में 23 मार्च 2017 को सरायढेला थाना में नीरज के भाई अभिषेक सिंह की लिखित शिकायत पर संजीव सिंह, मनीष सिंह, पिंटू सिंह, महंत पांडेय और गया प्रताप सिंह के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज हुई थी। इस हत्याकांड में पुलिस को संजीव सिंह की भूमिका षडयंत्रकारी की मिली, जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था।

**कोयलांचल में जश्न, बांटी मिठाइयां, फोड़े पटाखे:** पूर्व भाजपा विधायक संजीव सिंह को सुप्रीम कोर्ट से जमानत की खबर मिलते ही पूरे कोयलांचल में उत्सव व उल्लास का माहौल है। धनबाद, झरिया सहित आसपास के क्षेत्रों में समर्थकों ने पटाखे फोड़े और मिठाइयां बांटीं। सरायढेला स्थित सिंह मेंशन (संजीव सिंह का आवास) में भी जश्न का माहौल रहा। वहां जुटे परिजनों व कार्यकर्ताओं को झरिया विधायक रागिनी सिंह ने खुद मिठाई खिलाकर अपनी खुशी साझा की।

### फैसले से पूरे परिवार को नयी उम्मीद मिली

विधायक रागिनी सिंह ने मीडिया से बातचीत में कहा कि हमें न्यायपालिका पर शुरू से ही भरोसा था। आज न्याय की जीत हुई है। सुप्रीम कोर्ट से संजीव सिंह को जमानत मिलना इस बात का प्रमाण है कि सच कभी दबता नहीं। अब हमें विश्वास है कि संजीव सिंह जल्द ही बाइज्जत बरी भी होंगे। संजीव सिंह की मां कुंती देवी इस खबर को सुनकर भावुक हो गयीं। उन्होंने नम आंखों से कहा यह सच और न्याय की जीत है। हमें हमेशा विश्वास था कि एक दिन सच्चाई सामने आयेगी। मेरा बेटा निर्दोष है। उसे राजनीतिक साजिश के तहत फंसाया गया था। कोर्ट के फैसले से पूरे परिवार को नयी उम्मीद मिली है।

# जो भारत में नहीं जन्मा, वह वोट नहीं डालेगा: अमित शाह

- गृह मंत्री ने सीएम के साथ सीतामढ़ी में माता जानकी मंदिर का भूमि पूजन किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**सीतामढ़ी।** गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को सीतामढ़ी में माता जानकी मंदिर का भूमि पूजन किया। इस दौरान डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी भी उनके साथ मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नीतीश कुमार ने पुरानी सरकार को घेरा। अमित शाह ने एसआइआर से लेकर ऑपरेशन सिंदूर पर अपनी बात रखी। अमित शाह ने एसआइआर पर लालू-राहुल को घेरते हुए कहा कि जो भारत में जन्मा नहीं, उसे वोट देने का अधिकार नहीं। घुसपैठिये इन लोगों के वोट बैंक हैं। इसलिए इनको (महागठबंधन) परेशानी है। शाह ने कहा कि बिहार में चुनाव होने वाला है। मेरे आने से पहले पूरे अखबार भरे पड़े हैं कि एसआइआर होना चाहिए या नहीं। जनता बताये कि घुसपैठिये को वोटर लिस्ट से निकालना चाहिए या नहीं। लालू बतायें कि किसको बचाना चाहते हैं। बांग्लादेश से आकर बिहार के युवाओं की नौकरी खा जाते हैं। लालू-कांग्रेस उनको बचाना चाहती है। जो भारत में जन्मा नहीं है उसे वोट देने का अधिकार भी नहीं है।

**लालू-तेजस्वी को चुनौती दी:** गृह मंत्री ने कहा कि तेजस्वी यादव मुझसे पूछते हैं कि एनडीए सरकार ने मिथिलांचल के लिए क्या किया। मैं बनिया का बेटा हूं, पाई-पाई का हिसाब रखता हूं। तेजस्वी बतायें उनके माता-पिता के राज में गुंडई और अपहरण के अलावा क्या हुआ। मैं लालू को चैलेंज देता हूं। आयें और पुनौराधाम में ही मिथिलांचल के लिए किए कामों को गिना दें।

**हमने पाकिस्तान में घुसकर मारा:** ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए शाह ने कहा कि कांग्रेस की सरकार में आतंकी बम फेंक कर भाग जाते थे। कोई पूछने वाला नहीं था। हमने पहलगाम हमले का बदला लिया। पाकिस्तान को घर में घुसकर मारा। ये लालू एंड पार्टी इस पर सवाल उठाती है।



### अमित शाह ने रखी मंदिर की पहली ईंट

मूसलाधार बारिश के बीच गृहमंत्री अमित शाह ने मंदिर की पहली ईंट रखी। मंदिर को नेपाल के फूलों से सजाया गया है। भूमिपूजन के लिए 21 तीर्थों की मिट्टी, 11 नदियों का जल मंगवाया गया था। अयोध्या के हनुमान गढ़ी से ईंट भी पहुंची थी। 50 एकड़ में 882 करोड़ की लागत से मां जानकी के भव्य मंदिर का निर्माण किया जायेगा। पूरे मंदिर का निर्माण खास किस्म के सैंड स्टोन (बलुआ पत्थर) से होगा। ये पत्थर राजस्थान से मंगवाये जा रहे हैं। मंदिर की ऊंचाई 156 फीट होगी, जो अयोध्या के राम मंदिर से पांच फीट कम है।

SACRED CHILD ACADEMY
PLAY SCHOOL
Pre Nursery | KG - I | Nursery | KG - II
ADMISSION OPEN





Tiril Road, Kokar, Ranchi
9661169815

## रक्षाबंधन पर केंद्रीय कैबिनेट का बड़ा फैसला

# पीएम उज्ज्वला योजना के तहत 12 हजार करोड़ रुपये की मंजूरी

आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाइ) के तहत 2025-26 के लिए 12,000 करोड़ रुपये की सब्सिडी को मंजूरी दे दी। रक्षाबंधन से ठीक पहले लिये गये इस फैसले से 10.33 करोड़ परिवारों को लाभ मिलेगा। इसके साथ ही केंद्रीय कैबिनेट ने तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी) को 30,000 करोड़ रुपये की एलपीजी सब्सिडी को मंजूरी दे दी है। सूचना व प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को कैबिनेट में लिए इन फैसलों की जानकारी दी।

**देश में लगभग 10.33 करोड़ पीएमयूवाइ कनेक्शन :** देश भर के गरीब परिवारों की वयस्क महिलाओं को मुफ्त एलपीजी कनेक्शन प्रदान करने के लिए मई 2016 में पीएमयूवाइ शुरू की गयी थी। 1 जुलाई तक, भारत में लगभग 10.33 करोड़ पीएमयूवाइ कनेक्शन हैं। सरकार की ओर से एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) के लाभार्थियों को प्रति वर्ष 9 रिफिल (और 5 किलोग्राम सिलेंडर के लिए आनुपातिक रूप से) के लिए 14.2 किलोग्राम सिलेंडर पर 300 रुपये की सब्सिडी को मंजूरी दी है। इस पर 12,000 करोड़ रुपये का व्यय होगा। भारत अपनी एलपीजी आवश्यकता का लगभग 60 प्रतिशत आयात करता है।

# मोदी वोट चुराकर प्रधानमंत्री बने: राहुल



- बेंगलुरु में वोटर अधिकारी रैली को किया संबोधित
- चुनाव आयोग इलेक्ट्रॉनिक डाटा दे, तो साबित करेंगे

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेंगलुरु।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को कहा कि नरेंद्र मोदी तीसरी बार 25 सीट के मार्जिन से प्रधानमंत्री बने हैं। 25 सीट ऐसी हैं, जिन्हें भाजपा ने 35 हजार या कम वोट से जीतीं। अगर हमें इलेक्ट्रॉनिक डाटा मिल जाये, तो हम साबित कर देंगे कि मोदी चोरी करके प्रधानमंत्री बने हैं। राहुल ने कहा कि चुनाव आयोग को पिछले 10 साल की देश की सारी इलेक्ट्रॉनिक वोटर लिस्ट और वीडियोग्राफी देनी चाहिए। ये सब नहीं देंगे, तो क्राइम है। भाजपा को चुनाव चोरी करने दे रहे हैं। पूरे देश को चुनाव आयोग से वोटरों का डाटा मांगना चाहिए। राहुल गांधी कर्नाटक के बेंगलुरु में फ्रीडम पार्क में आयोजित कांग्रेस की 'वोट अधिकार रैली' में बोल रहे थे। उनके साथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे भी रैली में शामिल हुए।

### दावे सही, तो शपथ पत्र पर हस्ताक्षर करें वरना देश से माफी मांगें: चुनाव आयोग

### राहुल ने कहा, संसद में संविधान की शपथ ली है

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** चुनाव आयोग ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी से कहा है कि वे वोट चोरी के अपने दावे को सही मानते हैं, तो हलफनामे पर हस्ताक्षर करके दें। अगर उन्हें अपने दावों पर भरोसा नहीं है, तो देश से माफी मांगें। न्यूज एजेंसी ने चुनाव आयोग के सूत्रों के हवाले से इसकी जानकारी दी। इधर, राहुल ने कहा कि चुनाव आयोग मुझसे हलफनामा मांगता है। वो कहता है कि मुझे शपथ लेनी होगी। मैंने संसद में संविधान की शपथ ली है। उन्होंने कहा कि आज जब देश की जनता हमारे डाटा को लेकर सवाल पूछ रही है, तो चुनाव आयोग ने वेबसाइट ही बंद कर दिया है। आयोग जानता है कि जनता उनसे सवाल पूछने लगी, तो उसका पूरा ढांचा ढह जायेगा।




बताते चलें कि राहुल ने गुरुवार को भी आरोप लगाया था कि कर्नाटक के महादेवपुरा विधानसभा क्षेत्र में 1,00,250 फर्जी वोट बनाये गये, जिससे भाजपा को फायदा हुआ। भाजपा और चुनाव आयोग की मिलीभगत से यह धांधली हुई, जिसने ढट मोदी को तीसरी बार सत्ता में पहुंचाया।

## चाइबासा में आइइडी विस्फोट

# कोबरा बटालियन के दो जवान घायल

- एयरलिफ्ट कर लाया गया रांची, अस्पताल में हालत स्थिर

आजाद सिपाही संवाददाता



**चाइबासा।** झारखंड में नक्सलियों के खिलाफ सुरक्षा बलों का ऑपरेशन जारी है। इसी बीच पश्चिमी सिंहभूम जिले के चाइबासा में आइइडी विस्फोट में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के दो जवान घायल हो गये। यह घटना सारंडा जंगल के मानके इलाके में जराइकेला के पास हुई। यह जंगल एशिया के सबसे घने जंगलों में से एक है। बताया जा रहा है कि घटना के समय सीआरपीएफ की कोबरा बटालियन के जवान तलाशी अभियान चला रहे थे।

घायल दोनों जवानों को तुरंत पैदल दीघा कैंप ले जाया गया, जहां से उन्हें हेलीकॉप्टर द्वारा रांची के अस्पताल पहुंचाया गया। फिलहाल दोनों की हालत स्थिर बतायी जा रही है। स्थानीय थाना पुलिस के अनुसार, घटना उस समय हुई जब कोबरा बटालियन के जवान सारंडा के घने जंगल में तलाशी अभियान चला रहे थे। हालांकि इस विस्फोट में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन दो जवान घायल हो गये। उन्हें तत्काल कैंप लाया गया और फिर बेहतर इलाज के लिए रांची भेज दिया गया।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW



# दिशोम गुरु के सच्चे सिपाही हैं हेमंत सोरेन

## ■ पैतृक गांव नेमरा में दिख रहा है मुख्यमंत्री का जमीनी रूप

## ■ पुत्र धर्म का पालन करते हुए परंपराओं में डूबे नजर आते हैं

आजाद सिपाही विशेष

हेमंत सोरेन झारखंड के मुख्यमंत्री हैं। लोग उन्हें उसी नजर से देखते हैं। पूरे राज्य में मान-सम्मान, मेल-मुलाकात मुख्यमंत्री की तरह होती है। वहीं, राज्य में एक छोटा सा गांव ऐसा भी है, जहां हेमंत को मुख्यमंत्री के तौर पर नहीं, बेटा, भाई, दादा के तौर पर देखा जाता है। यह एहसास होता है हेमंत सोरेन के पैतृक गांव नेमरा पहुंचने पर। लोगों से बातचीत करने पर एहसास होता है कि यहां की मिट्टी से किस तरह हेमंत सोरेन के दादा का लगाव था। किस तरह गुरुजी शिबू सोरेन का जुड़ाव था। हेमंत सोरेन भी नेमरा में मुख्यमंत्री नहीं, गांव का बेटा बने हुए दिखते हैं। नेमरा की मिट्टी से पिता और दादा की तरह उनका भी लगाव दिखता है। नतीजतन यहां के लोग हेमंत सोरेन को मुख्यमंत्री नहीं, गांव का बेटा मानते हैं। इस बात को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दो दिन पहले अपने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया था। इसका एहसास नेमरा पहुंच कर ही हो सकता है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इन दिनों नेमरा में हैं। वह गुरुजी के श्राद्ध कर्म गांव से ही संपन्न कर रहे हैं। गुरुवार की शाम कुछ समय के लिए 'आजाद सिपाही' परिवार की ओर से प्रबंध निदेशक राहुल सिंह, राज्य समन्वय संपादक अजय शर्मा और छायाकार प्रदीप ठाकुर के साथ राजनीतिक संपादक प्रशांत झा नेमरा गये थे। इस यात्रा का मकसद गुरुजी को श्रद्धांजलि देना और मुख्यमंत्री से मिल कर संवेदना व्यक्त करना था। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात भी हुई। साथ ही गांव के लोगों से भी मिलने का मौका मिला। नेमरा यात्रा के दौरान जो एहसास हुआ, उसकी एक झलक प्रस्तुत कर रहे हैं **राजनीतिक संपादक प्रशांत झा।**



प्रशांत झा

वैसे तो नेमरा गांव पहचान का कभी मोहताज नहीं रहा, लेकिन दिशोम गुरु शिबू सोरेन के निधन के बाद इसका नाम राष्ट्रीय स्तर पर हो रहा है। रांची से 82 किमी दूर रामगढ़ जिले में एक छोटा सा गांव नेमरा है। गुरुजी के नाम से मशहूर शिबू सोरेन का चार अगस्त को दिल्ली के गंगाराम अस्पताल में निधन हुआ। अस्पताल में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत तमाम नेता उन्हें श्रद्धांजलि देने पहुंचे। गुरुजी के पार्थिव शरीर को उसी दिन शाम में रांची लाया गया। रात भर रांची के मोरहाबादी स्थित उनके आवास पर पार्थिव शरीर को रखा गया। दूसरे दिन यानी पांच अगस्त को पार्थिव शरीर को विधानसभा लाया गया। आवास और विधानसभा में राज्य के खास और आम लोगों ने उन्हें नम आंखों से श्रद्धांजलि दी। इसके बाद पार्थिव शरीर को नेमरा ले जाया गया, जहां संथाली रीति-रिवाज और राजकीय सम्मान से अंतिम संस्कार हुआ। अंतिम संस्कार में हजारों की संख्या मं लोग उमड़ पड़े। जन सैलाब ऐसा उमड़ा कि पांव रखने की जगह नहीं थी। 7-8 किमी तक केवल लोग ही लोग नजर आ रहे थे। लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, बिहार विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी यादव समेत राष्ट्रीय और राज्य के कई नेता नेमरा गांव पहुंच गये। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अभी नेमरा में हैं। गुरुजी को श्रद्धांजलि देने हर दिन गणमान्य लोग पहुंच रहे हैं। राज्यपाल संतोष गंगवार हों या फिर समाजवादी पार्टी सुप्रीमो अखिलेश यादव, सभी का नेमरा आना-जाना लगा है। इसलिए गुरुजी के नाम की तरह नेमरा का नाम भी राष्ट्रीय स्तर पर चमकने लगा है।

### नेमरा में पुत्र धर्म निभा रहे हेमंत

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इन दिनों नेमरा में हैं। वह पुत्र का पिता के प्रति जो धर्म होता है, उसे निभा रहे हैं। सफेद कपड़े में खुद को लपेटे, चप्पल पहने, गांव के लोगों से घर-घर जा कर मिलना, उनके साथ उठना-बैठना चल रहा। हर दिन श्राद्ध कर्म से जुड़े अनुष्ठानों को पूरा करना, गांव और परिवार के बड़े-बुजुर्ग से विचार-विमर्श करना और उन्हीं के बीच पिता को खोने का दर्द छिपाते हुए गांव के छोटे-छोटे बच्चों को गोद में उठा कर हंस-बोल लेना। यह सब उनके सोशल मीडिया अकाउंट पर दिख रहा। हर दिन सोशल मीडिया पर हेमंत कुछ न कुछ पोस्ट कर रहे, जिसमें पिता शिबू सोरेन को मिस करने और शोकमग्न होने की झलक दिखती है। वहीं पुत्र धर्म और गांव से लगाव दिखाई देता है। इन सब के बीच बच्चों के साथ समय बिताते हुए दुख को कम करने और छिपाने का प्रयास भी झलकता है। जब नेमरा गया, तो सोशल मीडिया के पोस्ट को वहां प्रत्यक्ष रूप से देखने को मिला।

### मिट्टी में महसूस होती है गुरुजी की मौजूदगी

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गुरुवार को अपने सोशल मीडिया पर झार-जंगल के बीच खड़े अपनी एक तस्वीर के साथ पोस्ट किया था।

उन्होंने लिखा, नेमरा की यह क्रांतिकारी और वीर भूमि, दादाजी की शहादत और बाबा के अथाह संघर्ष की गवाह है। यहां के जंगलों, नालों-नदियों और पहाड़ों ने क्रांति की उस हर गूंज को सुना है-हर कदम, हर बलिदान को संजोकर रखा है। नेमरा की इस क्रांतिकारी भूमि को शत-शत नमन करता हूं। वीर शहीद सोना सोबरन मांझी अमर रहें! झारखंड राज्य निर्माता वीर दिशोम गुरु शिबू सोरेन अमर रहें! सचमुच नेमरा जाने पर यह एहसास होता है।

मुख्य सड़क के पास से उनके घर तक गुरुजी की याद में बड़ी तस्वीर के साथ उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए पोस्टर लगे हैं। जंगल-पहाड़ों से घिरा गांव कच्चे-पक्के मकान, लोगों की जीवन शैली, बोलचाल सब कुछ अलग अनुभव कराता है। बातचीत में लोगों का दर्द और मिट्टी में गुरुजी के रचे-बसे होने का एहसास होता है।



### लगा ही नहीं मुख्यमंत्री के साथ चल रहा

गुरुवार शाम जब हम नेमरा गांव पहुंचे, तो मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन हाथ में टॉर्च लिये गांव के 40-50 लोगों के साथ घूम रहे थे। उनके पीछे सुरक्षा कर्मी और अधिकारी मौजूद थे। रांची या अन्य जगहों पर जहां किसी आम व्यक्ति को मुख्यमंत्री तक पहुंचना कठिन होता है, वहीं गांव में सभी बेरोक-टोक उन तक तक पहुंच रहे थे।

उनके साथ चलते हुए यह एहसास ही नहीं हो रहा था कि राज्य के मुख्यमंत्री घूम रहे हैं। अगर हेमंत सोरेन के सुरक्षा कर्मी और पुलिस के अधिकारी मौजूद नहीं होते, तो ऐसा लगता कि गांव का कोई सामान्य नेता या सामाजिक कार्यकर्ता लोगों के साथ है। मुख्यमंत्री का व्यवहार भी ऐसा ही था। वह भी आते-जाते लोगों से रुक कर एक-दो मिनट स्थानीय भाषा में बतिया लेते। वहीं चलते-चलते अकेले ही गांव के एक व्यक्ति के घर के अंदर चले गये। वहां 10 करीब मिनट अंदर रहे, बात की। वापस अपने घर के पास पहुंचे, तो एक बच्चे को गोद में उठा कर हंसने-बोलने लगे।



### गांव आत्मा में बसा है

गांव में लोगों से बातचीत हुई। उनसे मुख्यमंत्री और गुरुजी के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने स्थानीय भाषा में तमाम सवालों के जवाब दिये। बहुत अधिक तो बात समझ में नहीं आयी, लेकिन इतना जरूर समझ में आया कि गुरुजी शिबू सोरेन के निधन से वे दुखी थे।

गुरुजी उनके लिए भगवान से कम नहीं थे। दूसरा हेमंत सोरेन गांव के लिए मुख्यमंत्री नहीं, बेटा, भाई, दादा हैं। मुख्यमंत्री के व्यवहार में भी यही झलक रहा था। चेहरे पर थकान, पिता के निधन का शोक के साथ गांव के जीवन में खुद को ढाले दिखे हेमंत सोरेन।

नेमरा में बिताये कुछ पल और लोगों से थोड़ी-बहुत बातचीत ने दिखा दिया कि गुरुजी की तरह हेमंत का भी अपने पैतृक गांव से लगाव है।

वह आत्मा से गांव से जुड़े हैं। राज्य के सर्वोच्च पद पर बैठे होने के बाद भी पांव गांव की जमीन पर हैं। वह गांव की समस्या, वहां की जीवन शैली, वहां के दुख-दर्द को बखुबी जानते हैं। इसलिए संभवतः वह अक्सर कहते हैं कि यह गांव की सरकार है।

# बाबा से किये वादों को पूरा कर रहा : हेमंत सोरेन

**मुख्यमंत्री पुत्र धर्म के साथ निभा रहे राजधर्म**

**नेमरा स्थित पैतृक आवास से सरकारी कामकाज निपटा रहे**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़/गोला।** एक तरफ 'बाबा' के परलोक गमन की असहनीय पीड़ा, तो दूसरी तरफ राज्य के प्रति जिम्मेदारियों को निभाने की चिंता। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपनी जिंदगी के सबसे कठिन समय से गुजर रहे हैं। गुरुजी के निधन का शुक्रवार को पांचवां दिन था। दुःख-दर्द और आंसू थम नहीं रहा है। दिल-दिमाग बेचैन, विचलित और व्यथित है। ऐसे विषम हालात में भी वे पुत्र धर्म के साथ राजधर्म निभा रहे हैं। वे रामगढ़ जिला के नेमरा स्थित पैतृक आवास में एक ओर स्मृति शेष दिशोम गुरु शिबू सोरेन जी के निधन के उपरांत के रस्म रिवाज को पारंपरिक विधि-विधान से निभा रहे हैं, तो दूसरी तरफ शासन-प्रशासन चलाने का भी फर्ज बखूबी निभा रहे हैं, ताकि राज्य के विकास की गति में कोई अवरोध नहीं हो।



## जनता से मिली दायित्व निभाने की हिम्मत

राज्य के वरिष्ठ अदिकारी शुक्रवार को नेमरा पहुंचे। मुख्यमंत्री के साथ जरूरी मुद्दों पर बातचीत की। संचकिाओं का निष्पादन कराया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि दिशोम गुरु शिबू सोरेन के निधन के बाद दुःख और मुसीबत की घड़ी में जिस तरह राज्य की जनता मेरे पूरे परिवार के साथ खड़ी रही, उसी से मुझे यह हिम्मत मिली कि मैं इन कठिन परिस्थितियों में भी इस राज्य के प्रति अपने दायित्वों को निभा सकूं।

**राज्यहित को लेकर संवेदनशील हैं मुख्यमंत्रीः**

मुख्यमंत्री शोक की इस घड़ी में भी राज्यहित से जुड़े विषयों को लेकर पूरी तरह संवेदनशील हैं। व्यक्तिगत भावनाओं और दुःख-दर्द को सीने में दबाकर वे सरकारी कामकाज को बेहतर तरीके से निभाने का लगातार प्रयास कर रहे हैं। जरूरी संचिकाओं का निष्पादन करने के साथ सभी वरीय पदाधिकारियों के साथ नियमित संवाद बनाये हुए हैं। सरकार की गतिविधियों की निरंतर जानकारी लेने के साथ-साथ उन्हें निर्देशित किया है कि वे अपने कार्यों में तत्परता व निरंतरता बनाये रखें। इस बात का विशेष ध्यान रखें कि आमजनों की समस्याओं का तत्काल निराकरण हो। कहीं भी किसी भी कार्य में कोताही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने वरीय पदाधिकारियों से यह भी कहा कि वे उन्हें हर पल अद्यतन सूचनाओं से अवगत कराते रहें और आवश्यकतानुसार निर्देश प्राप्त करें।

## संघर्ष की मिसाल थे बाबा

मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा कहा करते थे कि सार्वजनिक जीवन में हमेशा आम जनता के लिए खड़ा रहना। वे संघर्ष की मिसाल थे। उन्होंने कभी झुकना नहीं सीखा। इस राज्य के लिए हमेशा लड़ते रहे। उन्होंने कभी भी अपने व्यक्तिगत हितों को तरजीह नहीं दी। संसद से सड़क तक इस राज्य के लिए संघर्ष करते रहे। आज झारखंड है, तो यह दिशोम गुरु की देन है। अब उनका साया हमारे ऊपर से उठ चुका है। हालांकि वे हम सभी के लिए पथ प्रदर्शक और मार्गदर्शक रहेंगे। उन्होंने इस राज्य की खातिर मुझसे कई वचन लिये थे। मैं उनसे किये वादों को पूरा करने का हर संभव प्रयास कर रहा हूं।

# धार्मिक मान्यताओं और स्थानीय परंपराओं के अनुरूप सीएम हेमंत ने किया अनुष्ठान





**दिशोम गुरु शिबू सोरेन के पारंपरिक श्राद्ध कर्म का चौथा दिन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** दिवंगत दिशोम गुरु शिबू सोरेन के पारंपरिक श्राद्ध कर्म का आज चौथा दिन है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने धार्मिक मान्यताओं, संस्कारों और स्थानीय परंपराओं के अनुरूप शुक्रवार को सवेरे बाबा को भोजन परोसे जाने की रस्म निभाई।

दरअसल यह एक ऐसी रस्म - रिवाज है, जिसमें दिवंगत व्यक्ति की आत्मा की शांति और मोक्ष के लिए श्राद्ध कर्म के दौरान हर दिन स्थानीय विधि- विधान और परंपरा के अनुरूप इसे निभाया जाता है। जिसे मुख्यमंत्री ने पूरे विधि विधान से पूरा किया। मुख्यमंत्री पूरी रीति रिवाज के साथ अनुष्ठान को पूरा कर रहे हैं। एक-एक कार्यक्रम को बारीकी से कर रहे हैं। जिसमें उनका परिवार पूरा सहयोग कर रहा है। खासकर विधायक कल्पना सोरेन और बसंत सोरेन पूरे कार्यक्रम में साये की तरह साथ दिख रहे हैं। जबकि गांव के बड़े बुजुर्ग उन्हें रीति रिवाज की जानकारी देते नजर आ रहे हैं।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
200000 Subscribers
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 26.1 °c | 22.2 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.27 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.22 बजे |



# आप सिर्फ मेरे ससुर नहीं, झारखंड के बाबा भी थे : कल्पना सोरेन

## कहा- आपके बिना जीना मुश्किल है, पर आपके सपनों को जीना अब हमारा धर्म है

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड राज्य के प्रणेता, पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद शबू सोरेन के निधन के पांच दिन बीत गये हैं, लेकिन उनके घर-परिवार वाले उन्हें भूल नहीं पा रहे हैं। परिजन उनके साथ बिताये पलों को याद कर रहे हैं। स्वर्गीय शिबू सोरेन की बहू, वर्तमान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी और राज्य के गांडेय विधानसभा क्षेत्र से विधायक कल्पना सोरेन भी उन्हीं में से एक हैं।

स्वर्गीय शिबू सोरेन की बहू और गांडेय से विधायक कल्पना सोरेन ने शुक्रवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि जब पूरा देश आपको (शिबू सोरेन को) अश्रुपूरित नेत्रों से विदा कर रहा है, मैंने एक कोना पकड़ लिया है। अपनी आधी जिंदगी जिस वटवृक्ष के साये में महफूज होकर काटी, आज आपके जाने से वह बेटी-सी बहू अपनी टूटी हुई हिम्मत बटोरने का साहस नहीं कर पा रही है।

उन्होंने लिखा, मैं जानती हूं। आप सिर्फ मेरे ससुर नहीं थे, आप झारखंड के बाबा थे, हर उस बच्चे के, जिसने जंगलों की गोद में जन्म लिया और संघर्ष को पहली सांस में महसूस किया। जब मैं पहली बार इस परिवार में आयी, तो आपके व्यक्तित्व पर गौरव हुआ। आपकी सादगी, आपकी आवाज में ठहराव और सबसे जरूरी आपका सुनना। आप सुनते थे हर किसान की चिंता, हर औरत का दर्द, हर मां की खामोशी, हर झारखंडी के अरमान।

कल्पना सोरेन ने आगे लिखा कि आपने राजनीति को घर की तरह जिया, जहां सत्ता नहीं, संबंधों का सम्मान होता है। आपके पास बड़ी डिग्रियां से भी बड़ी दूरदर्शी दृष्टि थी। आपने केवल झारखंड को खड़ा नहीं किया, हम सबको आत्मनिर्भर होने का हौसला दिया। जब आप झारखंड कहते थे, तो वो शब्द भूगोल नहीं, संवेदना बन जाता था।

कल्पना सोरेन ने अपने पोस्ट में लिखा, मैंने आपको कभी पिता की तरह देखा, कभी एक संत की तरह और कभी एक तपस्वी की तरह, जो न सत्ता चाहता था, न वाहवाही, बस अपनी माटी की, अपने लोगों की इज्जत चाहता था। आज आप नहीं हैं, पर आपकी चाल की गूंज हर गांव के रास्ते पर है। आपकी चप्पलों की खामोशी विधानसभा में गूंज रही हैं। बाबा, आपने झारखंड को छोड़ा नहीं है, आप तो हर उस बेटी की आंखों में हैं, जो अपने जंगल, अपने खेत, अपने सपनों को बचाना चाहती है। आप हर उस मां की सांसों में हैं, जो चाहती है कि उसके बेटे भी एक दिन आपकी तरह गुरु एवं सच्चे इंसान बने। आपका सपना, अब हमारी जिम्मेदारी है।

विधायक कल्पना सोरेन ने लिखा है कि मैं एक बहू नहीं, आपकी बेटी हूं। आपसे वादा करती हूं कि आपका नाम सिर्फ इतिहास में नहीं रहेगा, वो हर लड़की के साहस में, हर गांव के संघर्ष में और झारखंड की हर सांसों में जिंदा रहेगा। आपको झारखंड की हर बेटी का नम्र प्रणाम। आप हमारे संस्कार बन गये हैं। आपके बिना जीना मुश्किल है, पर आपके सपनों को जीना अब हमारा धर्म है।

भाकृअनुप-केन्द्रीय चावल अनुसंधान संस्थान
कटक (ओडिशा)-753006, भारत
ICAR-CENTRAL RICE RESEARCH INSTITUTE
CUTTACK (ODISHA)-753006, INDIA

विज्ञापन संख्या / Advertisement No.: 22/YP-II/2025-26 दिनांक / Date: 09.08.2025

प्रत्यक्ष साक्षात्कार हेतु सूचना / Notice for walk-in-Interview

प्रधान अन्वेषक, ईएपी-245 योजना के तहत सभी योग्य उम्मीदवारों को एक (01) यंग प्रोफेशनल-II के चयन हेतु को भाकृअनुप-कें.चा.अनु.सं., कटक, ओड़िशा में वॉक-इन-इंटरव्यु हेतु आमंत्रित करते है। अधिक जानकारी के लिए कृपया भाकृअनुप-कें.चा.अनु.सं., की वेबसाइट: https://icar-crri.in/walk-in-interview-3/ पर जाएं।

P.I. of the project **EAP-245,** invites all the eligible candidates for **walk-in-Interview** for the post of one (01) **Young Professional-II (YP-II)** at ICAR-CRRI, Cuttack, Odisha. For further details please visit to ICAR-CRRI website: https://icar-crri.in/walk-in-interview-3/.

प्रधान अन्वेषक / PRINCIPAL INVESTIGATOR

## संगठन सृजन अभियान के लिए प्रदेश कांग्रेस ने जिलावार ग्राम पंचायत पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की

रांची (आजाद सिपाही)। संगठन सृजन अभियान के तहत पंचायत स्तर पर संगठन की मजबूती और गठन के लिए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के स्थायी आमंत्रित सदस्य और झारखंड प्रभारी के राजू के निर्देश पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने जिलावार ग्राम पंचायत पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव सह मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने बताया कि जिलों के लिए नियुक्त पर्यवेक्षक नियमित रूप से संबंधित ग्राम पंचायतों का दौरा करेंगे और ग्राम पंचायत कांग्रेस कमेटी के गठन एवं प्रभावशाली संचालन को जिला एवं प्रखंड अध्यक्षों के साथ समन्वय स्थापित कर सुचारू रूप से काम करेंगे। जिलावार नियुक्त पर्यवेक्षक में बंधु तिर्की, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष-गुमला, सिमडेगा, पश्चिमी सिंहभूम, जलेश्वर महतो प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष-बोकारो, रामगढ़, हजारीबाग, शहजादा अनव प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष-रांची ग्रामीण, लोहरदगा, खूंटी, राजीव रंजन प्रसाद, अध्यक्ष, गो सेवा आयोग-कोडरमा, चतरा, संजय लाल पासवान अध्यक्ष, आवास बोर्ड-गोड्डा, दुमका, देवघर, जयशंकर पाठक अध्यक्ष, हिंदू धार्मिक न्यास बोर्ड-गढ़वा, पलामू एवं लातेहार, रवींद्र सिंह अध्यक्ष, मार्केटिंग बोर्ड-धनबाद, जामताड़ा, गिरिडीह, शमशेर आलम उपाध्यक्ष, अल्पसंख्यक आयोग-साहिबगंज, पाकुड़, ज्योति सिंह मथारू उपाध्यक्ष, अल्पसंख्यक आयोग-पूर्वी सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां।

### निर्मल महतो के शहादत दिवस पर झामुमो ने दी श्रद्धांजलि

## सूदखोरी के खिलाफ निर्मल महतो का संघर्ष अमिट है : विनोद कुमार पांडेय

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** शहीद निर्मल महतो के शहादत दिवस पर झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) रांची जिला समिति ने शुक्रवार को जेल मोड़ स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही उनके बताये मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला संयोजक प्रमुख मुश्ताक आलम ने की।

मौके पर झामुमो के केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने कहा कि दिवंगत दिशोम गुरु शिबू सोरेन के नेतृत्व में निर्मल महतो ने झारखंड अलग राज्य आंदोलन को जो मजबूती दी, वह अपने मुकाम तक पहुंचा। उन्होंने कहा कि झामुमो ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो सालभर राज्य आंदोलन के सभी योद्धाओं को उनके शहादत दिवस पर नमन करती है, चाहे वे निर्मल महतो हों, विनोद बिहारी महतो हों या अन्य वीर आंदोलनकारी। उन्होंने कहा कि महाजनी शोषण और सूदखोरी के खिलाफ इनका संघर्ष अमिट है।

वहीं केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि गुरुजी और निर्मल दा की जोड़ी ने कोयलांचल से संथाल परगना, पूर्णिया से बांका और कोल्हान से लेकर ओड़िशाा-बंगाल तक जनता के संघर्ष को एक सूत्र में जोड़ा। आज हमारी जिम्मेदारी है कि उनके दिखाये मार्ग पर हम आगे बढ़ें, यही सच्ची श्रद्धांजलि होगी। जिला संयोजक प्रमुख मुस्ताक आलम ने भी निर्मल महतो के संघर्षों को याद करते हुए उनके अधूरे सपनों को पूरा करने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में सिल्ली विधायक अमित महतो, अश्विनी शर्मा, पवन जेडीया, डॉ हेमलाल मेहता, अंतू तिर्की, कलाम आजाद, आदिल इमाम, महावीर विश्वकर्मा, डॉ तालकेश्वर महतो, आफताब आलम, अफरोज अंसारी, डॉ बबलू राम सहित बड़ी संख्या में नेता-कार्यकर्ता मौजूद थे।

### आजसू ने रांची और जमशेदपुर में दी शहीद निर्मल महतो को श्रद्धांजलि

## निर्मल दा ने जिस साहस और निष्ठा के साथ संघर्ष किया, वह अद्वितीय है : सुदेश महतो

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची/जमशेदपुर।** आजसू के संस्थापक शहीद निर्मल महतो के शहादत दिवस पर शुक्रवार को आजसू प्रमुख और पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो ने रांची और जमशेदपुर में निर्मल महतो को श्रद्धांजलि दी। सुदेश महतो ने रांची के निर्मल महतो चौक, अनगड़ा, सिल्ली, सोनाहातु और तमाड़ के अलावा जमशेदपुर में चमड़िया गेस्ट हाउस, निर्मल समाधि स्थल पर निर्मल महतो की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस, विधायक निर्मल महतो, पूर्व विधायक डॉ लंबोदर महतो, मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत, केंद्रीय उपाध्यक्ष प्रवीण प्रभाकर, हसन अंसारी, हरेलाल महतो, सागेन हांसदा, सपन सिंहदेव, संजय मेहता, डॉ मुकुंद मेहता समेत वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भी माल्यार्पण किया और शहीद निर्मल महतो के बलिदान और संघर्ष को याद किया तथा उनके सपनों को साकार करने का संकल्प दोहराया। सुदेश कुमार महतो ने कहा कि निर्मल दा का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने झारखंड की अस्मिता, सम्मान और अधिकार की लड़ाई के लिए जिस साहस और निष्ठा के साथ संघर्ष किया, वह अद्वितीय है। उन्होंने कहा कि निर्मल महतो के बलिदान ने आजसू को उग्र तेवर दिया, जिसके बल पर झारखंड आंदोलन को नयी दिशा मिली और राज्य का निर्माण संभव हुआ। मांडू विधायक निर्मल महतो ने कहा कि शहीद निर्मल दा ने झारखंड की पहचान, सम्मान और अधिकार की लड़ाई के लिए अपना जीवन न्योछावर किया। उनका संघर्ष और बलिदान आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। कार्यक्रम में जिप अध्यक्ष निर्मला भगत, दीपक महतो, शहजाद आलम, परवाज खान, इम्तियाज अहमद नजमी, डॉ पार्थ परितोष, वनमाली मंडल, बसंत महतो, हरीश कुमार, कुमुद वर्मा, सुरेन्द्र लिंडा, सीमा सिंह, प्रभा महतो, ओम वर्मा, बबलू महतो, ऋतुराज शाहदेव, अमन साहू, सक्षम झा, दया शंकर झा, राकेश सिंह, शहजाद, प्रशांत कुमार, अजीत कुमार, चेतन प्रकाश, उत्कर्ष महतो सहित अन्य उपस्थित थे।

### राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

- **मेष** — विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा। धन प्राप्ति के प्रयासों में सफलता मिलेगी।
- **वृष** — पढ़ाई-लिखाई और चिन्तन-मनन में रूचि बढ़ेगी,आशाएं बलवती होगी,लाभकारी प्रयास सफल होगा।
- **मिथुन** — रोजगार की दिशा में कार्यों की अधिकता रहेगी, आर्थिक प्रयोजन सिद्ध होंगे, गुप्त विरोधियों का षड़यंत्र विफल होगा।
- **कर्क** — अध्ययन, अध्यवसाय,भाषण-प्रवचन के कार्य में रूचि बढ़ेगी, व्यापार-व्यवसाय में सफलता।
- **सिंह** — आमदनी होने पर भी वचत की कमी दिखाई देगी। रूकावट दूर होकर सफलता की ओर अग्रसर होंगे।
- **कन्या** — बहुत दिनों से चली आ रही इच्छाओं की पूर्ति होगी, व्यवसाय में सफलता।
- **तुला** — कुछ संघर्षों के बाद नौकरी-सरकारी कार्यों में आशातीत सफलता मिलेगी।
- **वृश्चिक** — चतुर्दिक हर्ष तथा उल्लास का वातावरण रहेगा, संयम, धैर्य से काम आसान होंगे।
- **धनु** — आय के नये स्रोत बनेंगे, प्रभावशाली व्यक्तित्व का विकास, षड्यंत्र विफल रहेगा।
- **मकर** — नये व्यवसाय का आरंभ हो सकता है, परिवार में मांगलिक कार्य संपन्न होगा।
- **कुंभ** — रुके हुए कार्य में तेजी, उत्साह-उमंग भरा रहेगा, भ्रमण के साधन बनेंगे,नये लोगों से संपर्क।
- **मीन** — किसी नये कार्य आरंभ करने से पूर्व परिवार में विचार-विमर्श करें, कठिनाइयों पर विजय।

### 72 स्कूलों के बच्चों ने रक्षा राज्य मंत्री को सौंपी हाथ से बनीं 12 हजार राखियां

## बच्चों, नागरिकों और सैनिकों के अटूट संबंध का प्रतीक हैं राखियां : संजय सेठ

- सभी राखियों के साथ शामिल है प्रार्थना और भावनाओं से जुड़ा पत्र
- देश के अलग-अलग हिस्सों में तैनात जवानों के लिए भेजी जायेंगी राखियां

आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली/रांची।** नयी दिल्ली में 72 विद्यालयों के विद्यार्थियों ने 12 हजार से अधिक राखियां वायु सेना के जवानों के लिए रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ को सौंपी। यह कार्यक्रम मूल रूप से राज्यसभा के पूर्व सांसद और उत्तराखंड युद्ध स्मारक शौर्य स्थल के संस्थापक अध्यक्ष, वरिष्ठ पत्रकार तरुण विजय के नेतृत्व और मार्गदर्शन में आयोजित हुआ था। उन्हीं के नेतृत्व में नयी दिल्ली के 72 विद्यालयों के बच्चों ने वायु सेना के जवानों के लिए राखियां भेजी हैं। सभी राखियां बच्चों के द्वारा अपने हाथों से बनायी गयी है। इनके साथ 12000 प्रार्थना और भावनाओं से जुड़ा पत्र भी है, जो सैनिकों के लिए इन बच्चों ने लिखी है। इस दौरान रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ को बच्चों ने राखियां भी बांधी। इस अवसर पर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि यह सभी पवित्र राखियां देश के बच्चों की भावनाएं हैं, जो सेना के जवानों के लिए भेजी गयी हैं। हमारे जवान अपने घर से दूर भले रहते हैं परंतु देश के हर नागरिक और परिवार की प्रार्थनाओं और प्रेम में शामिल रहते हैं।

अपने हाथों से राखियां बनाकर बच्चों ने सैनिकों के प्रति अपना प्रेम भी प्रदर्शित किया है और उनके प्रति कृतज्ञता भी प्रकट की है। श्री सेठ ने कहा कि यह हमारी गौरवशाली संस्कृति और देश के रक्षों के बीच गहरे संबंधों का प्रतीक है। इन सभी राखियों को सेना के जवानों तक पहुंचाया जायेगा, जो देश के अलग-अलग हिस्सों में तैनात हैं। हम सब के प्रेम और जवानों की रक्षा के लिए समर्पित यह रक्षा सूत्र हर देशवासी के सैन्य जवानों के प्रति प्रेम का प्रतीक है। यह देश के नागरिकों और सेना का ऐसा अटूट संबंध को प्रदर्शित करने वाली राखी है, जो समय के साथ और भी मजबूत हो रही है। इस अवसर पर धनबाद के सांसद ढुल्लू महतो भी मौजूद रहे।

## स्पीकर पहुंचे नेमरा सीएम को दी सांत्वना

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो शुक्रवार को राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के पैतृक गांव नेमरा पहुंचकर दिवंगत शिबू सोरेन के परिजनों से मिले। शिबू सोरेन को याद करते हुए उन्होंने उनके परिवार के सदस्यों को सांत्वना दी। विधानसभा अध्यक्ष ने गुरुजी के सानिध्य में गुजारे पुराने दिनों को याद करते हुए बहुत सारी घटनाओं को भी उनके परिजनों के साथ साझा किया। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद सामाजिक सरोकार से जुड़े आंदोलन का सूत्रपात का बड़ा दृष्टांत झारखंड से मिलता है, जो दिशोम गुरु शिबू सोरेन के नेतृत्व में शुरू हुआ था। उन्होंने कहा कि भले ही आज गुरुजी हमारे बीच नहीं रहे, लेकिन उनका मार्गदर्शन समाज के लिए एक दर्शन के समान होगा।



## राज्यपाल और संजय सेठ ने शिक्षा मंत्री के स्वास्थ्य की जानकारी ली

आजाद सिपाही संवाददाता





**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ शुक्रवार को दिल्ली स्थित अपोलो अस्पताल पहुंच कर झारखंड के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता मंत्री रामदास सोरेन के स्वास्थ्य की जानकारी प्राप्त की। इस दौरान उन्होंने वहां उपस्थित चिकित्सकों और अस्पताल प्रबंधन से उनके उपचार की प्रगति और वर्तमान स्वास्थ्य स्थिति के बारे में जानकारी ली। चिकित्सकों से मिलने के बाद राज्यपाल ने रामदास सोरेन के परिजनों से भी भेंट की और कहा कि हम सभी ईश्वर से उनके शीघ्र पूर्ण स्वस्थ होने की प्रार्थना करते हैं। बता दें कि मंत्री रामदास सोरेन बीते शनिवार 2 अगस्त को अपने घर के बाथरूम में गिरने के बाद गंभीर रूप से घायल हो गये थे। इस घटना में उनके सिर और हाथ में चोटें आयीं थी। वहीं बहुत ज्यादा खून बह जाने और सिर में ब्लड क्लॉटिंग की कारण 2 अगस्त को ही एयरलिफ्ट कर जमशेदपुर से दिल्ली इलाज के लिए ले जाया गया था और तब से उन्हें वेंटिलेटर पर रखा गया है। वहीं विशेषज्ञ चिकित्सकों के द्वारा रामदास सोरेन के स्वास्थ्य पर लगातार नजर रखी जा रही है।




# रक्षाबंधन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सेंट माइकल्स पब्लिक स्कूल, न्यू अशोक नगर, रांची में रक्षाबंधन का पर्व अत्यंत हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस शुभ अवसर पर कक्षा प्री-नर्सरी से लेकर कक्षा पंचम तक के सभी छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्री-नर्सरी से यूकेजी तक के छात्रों ने पारंपरिक रीति-रिवाज के अनुसार अपने कक्षा के छात्रों के कलाई पर राखी बांधी, ललाट पर तिलक लगाकर आरती उतारी एवं एक दूसरे को मिठाइयां खिलाईं। इस प्रेम और भाईचारे से भरे दृश्य ने सभी के दिल को छू लिया। जबकि कक्षा 1 से 5 के छात्र छात्राओं के बीच राखी मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इन राखियों में फूल डिजाइन, पंखुड़ी, मोती सजावट, सितारे, कुंदन डिजाइन, झूमर शैली जैसी राखियां आकर्षण का केंद्र रहीं। विद्यालय के निदेशक ने कहा कि राखी केवल एक धागा नहीं, बल्कि यह विश्वास, प्रेम और सुरक्षा का प्रतीक है जो भाई-बहन के अटूट रिश्ते को और भी मजबूत बनाता है। बच्चों के बीच इस तरह की एक्टिविटी से रचनात्मक एवं कार्यात्मक ज्ञान का विकास हुआ।

# वित्तीय प्रणाली से जुड़ें सभी और लाभ उठायें : एम राजेश्वर राव

## भारतीय रिजर्व बैंक के उप-गवर्नर ने रांची में वित्तीय समावेशन शिविर का दौरा किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**ओरमांझी।** भारतीय रिजर्व बैंक के उप-गवर्नर एम राजेश्वर राव ने शुक्रवार को रांची के ओरमांझी ग्राम पंचायत में आयोजित वित्तीय समावेशन संतृप्तिकरण शिविर का दौरा किया। इस शिविर का उद्देश्य वित्तीय सेवाओं की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करना और वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देना है। इस शिविर का उद्देश्य जन-जन को वित्तीय और बैंकिंग सुविधाओं से जोड़ना और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के बारे में जागरूक करना है। इस शिविर में 3965 खातों का पुनः केवाइसी सफलतापूर्वक संपन्न किया गया और 7,000 से ज्यादा




ग्राहकों ने बीमा योजनाओं में अपना नाम दर्ज कराया। उप-गवर्नर एम राजेश्वर राव ने अपने संबोधन में कहा कि यह शिविर लोगों से जुड़ने और यह सुनिश्चित करने के लिए है कि सभी लोग वित्तीय प्रणाली और उसकी सुविधाओं से जुड़ें और इसका लाभ उठाएं। उन्होंने बताया कि अद्यतन विवरण के साथ बैंक खातों को सक्रिय रखने से बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने में मदद मिलती है।

भारतीय रिजर्व बैंक, रांची के क्षेत्रीय निदेशक प्रेम रंजन प्रसाद सिंह ने आह्वान किया कि विभिन्न बैंकों के उच्चाधिकारियों को इन शिविरों से जुड़ना चाहिये, ताकि सभी बैंककर्मी और बीसी इस पुनीत कार्य में प्रवृत्त, प्रेरित और प्रोत्साहित हों। इस शिविर में बैंक ऑफ इंडिया, बैंक ऑफ बड़ौदा, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, इंडियन ओवरसीज बैंक, केनरा बैंक और आईसीआईसीआई बैंक ने अपने बीसी के साथ सक्रिय रूप से भाग लिया।

# संत माइकल्स पब्लिक स्कूल में रक्षाबंधन उत्सव



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** शुक्रवार को संत माइकल्स पब्लिक स्कूल, पुंदाग में, रक्षाबंधन का पावन पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस विशेष अवसर पर विद्यालय परिवार ने विद्यार्थियों के लिए कई रचनात्मक और मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन किया। प्राथमिक अनुभाग (कक्षा प्री प्राइमरी से कक्षा 1) के बच्चों ने एक-दूसरे को राखी बांधकर प्रेम और सौहार्द का संदेश दिया। इस दौरान, उन्होंने आपस में मिठाइयां भी बांटीं, जिससे उत्सव की मिठास और भी बढ़ गयी। इसी के साथ, कक्षा 2 से कक्षा 5 तक के विद्यार्थियों के लिए राखी निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने अपनी रचनात्मकता का परिचय देते हुए एक से बढ़कर एक सुंदर राखियां बनायीं। उच्च प्राथमिक अनुभाग (कक्षा 6 से 10) के विद्यार्थियों ने भी इस उत्सव में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के मौके पर स्कूल के प्रधानाध्यापक (मो. नेजातुल्लाह) ने कहा कि रक्षा बंधन अत्यंत ही पवित्र त्यौहार है जो भाई- बहनों के आपसी प्रेम और संबंधों में गहराई उत्पन्न करता है। इस कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के एक्टिविटी इंचार्ज अराध्या कुमारी के देख रेख में हुआ।

# सरला बिरला विश्वविद्यालय में स्टेट एसएनएआइ कॉन्फ्रेंस का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** सरला बिरला विश्वविद्यालय में महादेवी बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग एंड क्लीनिकल टेक्नोलॉजी रांची के तत्वावधान में शुक्रवार को स्टेट एसएनएआइ कॉन्फ्रेंस 2025 का भव्य आयोजन किया गया। इस राज्य स्तरीय कार्यक्रम में झारखंड के विभिन्न नर्सिंग कॉलेजों के छात्र-छात्राओं की महत्वपूर्ण भागीदारी रही। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एसबीयू के महानिदेशक प्रो. गोपाल पाठक मौजूद रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के अलावा विवि के कुलपति प्रो. सी जगनाथन, कुलसचिव प्रो. श्रीधर बी. दांडीन, संस्थान की प्राचार्या डॉ. सुबानी बाड़ा, प्रशासक आशुतोष द्विवेदी, उप प्राचार्या मीनल श्वेता, स्टेट टीएनएआइ प्रेसिडेंट वी महालक्ष्मी, सेक्रेटरी सलीन सज जॉर्ज, ट्रेजरर थयमा पीटी, एसएनएआइ एडवाइजर सोनम सैमुअल सहित अन्य विशिष्ट जन भी मौजूद रहे। कॉन्फ्रेंस के दौरान वक्ताओं ने नर्सिंग के पेशे में नेतृत्व सेवा और अनुशासन की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। साथ ही छात्रों को आत्मविश्वासी और जागरूक नागरिक बनाने में सहायक एसएनएआइ के महत्व को भी रेखांकित किया। इस कॉन्फ्रेंस का उद्देश्य नर्सिंग छात्रों को नेतृत्व, व्यक्तित्व विकास और रचनात्मकता का मंच प्रदान करना था। इस कार्यक्रम के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक और शैक्षणिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के अंत में विजेताओं को पुरस्कार और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। एसबीयू के प्रतिकुलाधिपति बिजय कुमार दलान और राज्यसभा सांसद डॉ. प्रदीप कुमार वर्मा ने इस कार्यक्रम के आयोजन पर हर्ष व्यक्त किया है।

# सेक्रेड चाइल्ड एकेडमी में रक्षाबंधन मनाया गया



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सेक्रेड चाइल्ड एकेडमी कोकर में शुक्रवार को रक्षाबंधन का त्योहार उत्साह के साथ मनाया। इस उत्सव की शुरुआत एक विशेष सभा से हुई। विद्यार्थियों के रचनात्मकता और प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के लिए राखी बनाने और चित्रकला जैसी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया। उत्सव का मुख्य आकर्षण जब विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों और सहपाठियों को राखी बांधी। यह आयोजन विद्यार्थियों के बीच भाइचारे, मित्रता और सौहार्द को बढ़ावा देने का एक अद्भुत तरीका था। इस अवसर पर विद्यालय के प्रिंसिपल रत्नम होरो और सचिव प्रीती लता ने प्रसन्नता और आभार व्यक्त करते हुए कहा कि रक्षाबंधन भाई-बहन के बीच बिना शर्त प्रेम और बंधन का उत्सव है। यह एक ऐसा दिन है, जब हम उन रिश्तों की सराहना करते हैं, जो हमें खुशी और समर्थन देते हैं। मैं अपने विद्यार्थियों और शिक्षकों को इस विशेष दिन को मनाने के लिए एक साथ देखकर बहुत प्रसन्न हूं। उत्सव का समापन सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ हुआ। विद्यालय प्रशासन ने सभी प्रतिभागियों को धन्यवाद दिया।

# झूठ बोलना और आरोप लगाना राहुल गांधी की आदत है : प्रतुल शाहदेव

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा है कि राहुल गांधी भारतीय राजनीति में खुद को मिस्टर लायर के रूप में स्थापित कर रहे हैं। झूठ बोलना और बेबुनियाद आरोप लगाना उनकी आदत बन चुकी है। पहले आरोप लगाते हैं और जब आरोप गलत सिद्ध होता है तो माफी मांग कर चुपके से निकल जाते हैं। राहुल गांधी ने कभी चौकीदार चोर है, जैसा आपत्तिजनक और झूठा नारा देकर देश के प्रधानमंत्री की छवि को धूमिल करने की कोशिश की। सुप्रीम कोर्ट से फटकार मिलने के बाद उनको माफी मांगनी पड़ी थी। फिर उन्होंने बिना किसी प्रमाण के यह तक कह दिया कि आरएसएस ने गांधी जी की हत्या की, जो अदालत में झूठा सिद्ध हुआ और उन्हें फिर माफी मांगनी पड़ी। चीन की घुसपैठ को लेकर भी उन्होंने बार-बार झूठ फैलाया, जबकि हमारी सेनाएं सीमा पर पूरी मजबूती से तैनात हैं। सर्वोच्च न्यायालय ने भी अपनी टिप्पणी में कहा कि एक सच्चे देशभक्त को इस तरह की भाषा नहीं बोलनी चाहिए।

राहुल गांधी देश की सेना का मनोबल गिराने की कोशिश लगातार करते रहे हैं। दिवंगत नेता अरुण जेटली के बारे में उन्होंने झूठी बात कह दी कि वह उनको कृषि कानून लेकर धमका रहे थे। जबकि कृषि कानून आने के पहले ही अरुण जेटली जी का देहांत हो चुका था। अब नवीनतम उदाहरण में राहुल गांधी ने यह कहकर कि चुनाव आयोग वोट चुरा रहा है, देश के लोकतंत्र की सबसे महत्वपूर्ण संस्था पर प्रश्नचिह्न लगाया है। यह बेहद शर्मनाक और गैर-जिम्मेदाराना है। सिर्फ प्रेस कॉन्फ्रेंस करके माहौल को बिगाड़ने की कोशिश करते हैं। उन्होंने चुनाव आयोग के लिए फ्रॉड जैसे शब्द का प्रयोग किया जो प्रतिपक्ष के नेता को कतई शोभा नहीं देता।

# निर्मला कॉन्वेंट हाइस्कूल में राखी मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** निर्मला कांवेंट हाइस्कूल में शुक्रवार को राखी मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में प्री-नर्सरी से दशम कक्षा तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। रंग-बिरंगे विभिन्न सजावटी सामग्री से बच्चों ने सुंदर व रचनात्मक राखियां तैयार कीं। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति, परंपरा और भाईचारे की भावना को प्रोत्साहित करना था। बच्चों ने अपनी कल्पनाशीलता को रंगों और डिजाइन के माध्यम से व्यक्त करते हुये प्रेम और स्नेह की डोर को और भी मजबूत बनाया। विद्यालय के प्राचार्य विजय कुमार शर्मा ने कहा कि राखी केवल एक धागा नहीं, बल्कि विश्वास, स्नेह और संरक्षण का प्रतीक है। ऐसे आयोजनों से बच्चों में सांस्कृतिक जुड़ाव के साथ-साथ रचनात्मकता का भी विकास होता है। वहीं विद्यालय की सचिव सीमा शर्मा ने सभी बच्चों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रतियोगिता में लकी कुमारी, अंशिका राय और सुधा सिंह ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर किरण कुमारी, निधि कुमारी, अनामिका छेत्री, आशुतोष कुमार सहित अन्य गणमान्य शिक्षक और विद्यार्थी मौजूद थे।

# टेंडर हार्ट में संस्कृत दिवस का आयोजन



**रांची (आजाद सिपाही)।** टेंडर हार्ट स्कूल में संस्कृत दिवस का आयोजन अत्यंत हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। विद्यालय में अगस्त माह के द्वितीय सप्ताह को संस्कृत सप्ताह के रूप में मनाया गया, जिसके अंतर्गत पूरे सप्ताह विविध साहित्यिक एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं आयोजित की गयीं। इनमें भाषण, निबंध लेखन, कविता पाठ, संस्कृत शब्दकोश निर्माण, काव्य पाठ, भित्ति-पत्रक निर्माण, श्लोक-पाठ एवं नाट्य-प्रस्तुति प्रमुख आकर्षण रहे। इस अवसर पर कक्षा 10 बोर्ड परीक्षा में संस्कृत विषय में पूर्णांक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन पूर्णतः संस्कृत भाषा में किया गया, जो उपस्थित विद्यार्थियों एवं अभिभावकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। टेंडर हार्ट के चेयरमैन सुधीर तिवारी ने सभी को संबोधित करते हुए संस्कृत को विश्व की सभी भाषाओं की जननी बताया। उन्होंने कहा कि यह हमारी संस्कृति एवं अमूल्य धरोहर है, जिसके संरक्षण एवं संवर्धन के लिए टेंडर हार्ट सदैव प्रतिबद्ध है। समारोह में टेंडर हार्ट की प्राचार्या उषा किरण झा, निदेशक जे मोहंती, उप-प्राचार्या शिवांगी शुक्ला सहित विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# वाइबीएन यूनिवर्सिटी में प्रशिक्षु शिक्षकों ने शोध पत्र सौंपा

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** वाइबीएन टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, वाइबीएन यूनिवर्सिटी में शुक्रवार को प्रशिक्षु शिक्षकों द्वारा अंडरस्टैंडिंग द सेल्फ विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किये गये। इस कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षक शिक्षा में आत्मज्ञान, भावनात्मक समझ और नवाचार की भावना को प्रोत्साहित करना था। शोध पत्रों में आत्म-परिचय को शिक्षक के गुणों एवं योगाभ्यास के माध्यम से विकसित करने पर विशेष बल दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में राजकीय शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, कांके, रांची (इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड स्टडीज इन एजुकेशन झारखंड) के शिक्षक डॉ. ओम प्रकाश ने छात्रों से संवाद करते हुए बताया कि शिक्षा मानव का तीसरा नेत्र है, जो केवल ज्ञान ही नहीं बल्कि भावनाओं और मानवीय संवेदनाओं को समझने की क्षमता भी प्रदान करती है। वाइबीएन यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डॉ. रामजी यादव ने भावी शिक्षकों को नैतिक मूल्यों, सामाजिक जिम्मेदारी और सतत अधिगम की दिशा में अग्रसर रहने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. शुभास, उप-प्राचार्य डॉ. कैलाश एवं संकाय सदस्य डॉ. संदीप, डॉ. शुभाशीष, डॉ. सुमन, डॉ. मंडवी सहित बड़ी संख्या में प्रशिक्षु शिक्षक उपस्थित रहे।

# खेल और खिलाड़ियों को हमेशा प्रोत्साहित करते थे दिशोम गुरु शिबू सोरेन : बंधु तिर्की

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** मोरहाबादी स्थित मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में शुक्रवार को दिशोम गुरु स्वर्गीय शिबू सोरेन को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की के साथ जैप 2 के कमांडेंट एसपी सरोजिनी लकड़ा सहित राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस मौके पर बंधु तिर्की ने शिबू सोरेन को याद करते हुए कहा कि हमेशा से ही राज्य में खेल और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने में गुरु जी का महत्वपूर्ण योगदान रहा। ग्रामीण इलाकों में खेल प्रतिभा को राष्ट्रीय - अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए दिशोम गुरु ने पहल की। इसी पहल का परिणाम है कि कई जिलों में स्टेडियम का निर्माण किया गया।

# कल पारस हॉस्पिटल में लगेगा नि:शुल्क मेगा हेल्थ कैंप

**रांची (आजाद सिपाही)।** पारस हॉस्पिटल एचइसी परिसर में 10 अगस्त (रविवार) को नि:शुल्क मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक चलेगा। कैंप में विभिन्न विभागों के विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा नि:शुल्क ओपीडी परामर्श दिया जायेगा। इस शिविर में मरीजों को बीपी, शुगर (आरबीएस), इसीजी, बीएमडी और पीएफटी जैसी महत्वपूर्ण जांचों की सुविधा मुफ्त दी जायेगी। इसके अलावा अन्य डायग्नोस्टिक और लैब टेस्ट पर 50 प्रतिशत की छूट भी उपलब्ध होगी। कैंप में भाग लेने के लिए, 8080808069 पर कॉल कर पंजीकरण कराना अनिवार्य है।

# राम लखन सिंह यादव महाविद्यालय में दिशोम गुरु को श्रद्धांजलि दी गयी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** राम लखन सिंह यादव महाविद्यालय, रांची में शिबू सोरेन को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। कार्यक्रम में गुरुजी की तस्वीर पर सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने पुष्पांजलि अर्पित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य डॉ. विष्णु चरण महतो ने की। डॉ. वीसी महतो ने नेमरा के शिबू चाचा के रूप में अपनी सुरक्षित स्मृतियों को साझा किया। साथ ही विनोद बिहारी महतो समेत कई नेताओं को याद किया। कार्यक्रम का आयोजन आइक्यूएसी, एनएसएस और टीआरएल विभाग के संयुक्त तत्वाधान में किया गया। कार्यक्रम को शैक्षणिक महत्व का बनाने के उद्देश्य से भारत की जनजातियों पर एक प्रश्नोत्तरी रखी गई। प्राचार्य डॉ. विष्णु चरण महतो ने विश्व के आदिवासियों के संघर्ष के इतिहास के बारे बताया। कार्यक्रम का सुचारू संचालन आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन कोषांग की समन्वयक डॉ स्मिता किरण टोप्पो ने किया। प्रश्नोत्तरी का संचालन डॉ मनीष चंद्र टुडू ने किया। कार्यक्रम में डॉ कुमारी रीता, डॉ. कांति, डॉ आशुतोष, डॉ शशि शेखर, डॉ. नीतू, डॉ नैन्सी, डॉ दीपक प्रमाणिक, डॉ अजीत मुंडा, डॉ पार्वती तिर्की, डॉ रामकुमार, डॉ. रुचिका, सुश्री चेतना, अहिल्या, डा. नीलू, लवलीन, छाया, डॉ. पारुल, प्रधान सहायक सुनील कुमार 1 और सुनील कुमार उपस्थित रहे।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
No. 1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW


## स्व. हरिनारायण सिंह को भाजपा के पूर्व विधायक अनंत ओझा समेत कई लोगों ने दी श्रद्धांजलि







शुक्रवार को वरिष्ठ पत्रकार और आजाद सिपाही के प्रधान संपादक स्व. हरिनारायण सिंह के आवास पर भाजपा के पूर्व विधायक अनंत ओझा समेत धर्मेंद्र तिवारी, पंकज सिंह, अमित सिंह, भाजपा नेत्री माया सिंह सिसोदिया, दयानंद सिंह ने श्रद्धासुमन अर्पित किया। सभी ने इस दुख की घड़ी में परिजनों को ढांढ़स बंधाया।

### महत्वपूर्ण खबरें

## कांके रोड में अलंकार ज्वेलर्स का उद्घाटन



रांची (आजाद सिपाही)। रांची के कांके रोड स्थित अलंकार ज्वेलर्स का उद्घाटन शुक्रवार को विधिवत रूप से फीता काटकर कांके विधायक सुरेश कुमार बैठा ने किया। इस अवसर पर रांची महानगर कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के चेयरमैन राजू राम, दीपक दास, प्रमोद साह, अभिषेक बरनवाल सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। अलंकार ज्वेलर्स के प्रबंधक प्रमोद साह ने कहा कि दुकान में नवीनतम डिजाइन, उच्च गुणवत्ता के आभूषण और पारदर्शी सेवा उपलब्ध करायी जायेगी। उन्होंने बताया कि दुकान का उद्देश्य ग्राहकों को सर्वोत्तम सेवा प्रदान करना है। रांची महानगर कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के चेयरमैन राजू राम ने अलंकार ज्वेलर्स को अपनी शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर अभिषेक बरनवाल, विकास कुमार, विवेक कुमार, चंदन सोनी, राज कुमार, अमर गुप्ता और अन्य उपस्थित थे।

## रॉयल एनफील्ड का नया शोरूम खुला



रांची (आजाद सिपाही)। रॉयल एनफील्ड ने रांची में अपना नया शोरूम टाटीसिलवे रोड में खोला है। इस शोरूम का उद्घाटन रॉयल एनफील्ड कंपनी के अधिकारियों ने किया। शोरूम के ओनर ने बताया कि यह उनका तीसरा शोरूम है, जो रांची में खोला गया है। रांची में रॉयल एनफील्ड की गाड़ियों की मांग लगातार बढ़ रही है, और इस शोरूम में ग्राहकों को सभी वेरिएंट उपलब्ध होंगे। ग्राहकों को आसान एक्सचेंज, मुफ्त टेस्ट राइड, कम डाउनपेमेंट पर त्वरित फाइनेंस जैसे लाभ मिलेंगे। कैंटीन सेल्स और पुलिस बल के लिए विशेष छूट उपलब्ध होगी। उद्घाटन समारोह रॉयल एनफील्ड के क्षेत्रीय सेवा प्रबंधक द्वारा किया गया। उद्घाटन के समय रॉयल एनफील्ड की पूरी क्षेत्रीय टीम और खन्ना परिवार के सदस्य मौजूद थे। विशाल खन्ना और गौतम खन्ना ने शोरूम के उद्घाटन पर अपनी खुशी जाहिर की।

## डीएवी सरला स्कूल में बच्चों ने बांधी राखी



रांची (आजाद सिपाही)। डीएवी सरला स्कूल में रक्षाबंधन महोत्सव बड़े ही उल्लास और सांस्कृतिक भावनाओं के साथ मनाया गया। नन्हे-मुन्हे बच्चों ने पारंपरिक परिधान में एक-दूसरे को राखी बांधकर भाई-बहन के पवित्र रिश्ते का सम्मान किया। विद्यालय के प्राचार्य मेहुल दुबे ने इस अवसर पर कहा, रक्षाबंधन सिर्फ एक पर्व नहीं, बल्कि प्रेम, सुरक्षा और सांस्कृतिक परंपराओं का प्रतीक है। ऐसे आयोजनों से बच्चों में आपसी स्नेह, भारतीय संस्कृति और मूल्यों के प्रति आदर का भाव विकसित होता है। इस आयोजन को सफल बनाने में विद्यालय की शिक्षिकाएं आरती मिंज, मेघा बाखला एवं महिमा सिंह की विशेष भूमिका रही, जिनके मार्गदर्शन में बच्चों ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

## पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक ने विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया



हाजीपुर (आजाद सिपाही)। पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह द्वारा शुक्रवार को दीघा हाल्ट-सोनपुर-मुजफ्फरपुर-सीतामढ़ी रेलखंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया गया। इस दौरान महाप्रबंधक ने इस रेलखंड पर संरक्षा, मानसून प्रीकॉशंस, सिग्नलों की दृश्यता, रेलवे ट्रैक के रख-रखाव, रेल पुलों आदि का मुआयना किया। निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक द्वारा जीवधारा में निमार्णाधीन वाशिंग पिट का भी निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर सोनपुर के मंडल रेल प्रबंधक अमित सरन एवं समस्तीपुर के मंडल रेल प्रबंधक ज्योति प्रकाश मिश्रा उपस्थित थे।


## बिट्टी बालपन प्ले स्कूल में रक्षाबंधन मनाया




रांची (आजाद सिपाही)। बिट्टी बालपन प्ले स्कूल, रांची में शुक्रवार को रक्षाबंधन का पावन पर्व बड़े हर्षोल्लास और सांस्कृतिक माहौल में मनाया गया। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने रंग-बिरंगी राखियां तैयार की और एक-दूसरे की कलाई पर बांधकर भाई-बहन के पवित्र बंधन को प्रेम, स्नेह और विश्वास से और अधिक मजबूत किया। कार्यक्रम की शुरूआत रक्षाबंधन से जुड़ी एक आकर्षक नाटिका से हुई, जिसमें बच्चों ने इस त्यौहार के महत्व को सुंदर और भावपूर्ण तरीके से प्रस्तुत किया। शिक्षिकाओं ने रक्षाबंधन के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व को रोचक कहानियों के माध्यम से बच्चों तक पहुंचाया। बिरसा प्रौद्योगिकी संस्थान (न्यास) की चेयरपर्सन डॉ वंदना कुमारी और बीआईटीटी ग्रुप के चेयरमैन डॉ रंजीत कुमार ने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कार्यक्रम की सफलता पर सभी को बधाई दी और रक्षाबंधन की हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित कीं। विद्यालय के प्राचार्य ने इस अवसर पर कहा कि ऐसे पर्व बच्चों में भाईचारे, प्रेम और आपसी सम्मान की भावना को प्रोत्साहित करते हैं। रंगोली सजावट, गीत और कविता पाठ ने कार्यक्रम को और भी जीवंत और आनंदमय बना दिया। कार्यक्रम में हेडमिस्ट्रेस नेहान्शु के साथ सोनी कुमारी, वर्षा कुमारी, रेनू कुमारी, सपना सिंह और पप्पू सिंह, सुबोध कुमार चौधरी, सनी मुंडा, गौरव मुंडा, पुष्प मुंडा सहित सभी स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।


# बिरसा जैविक उद्यान में जिराफ मिस्टी का स्वागत

आजाद सिपाही संवाददाता



**ओरमांझी।** भगवान बिरसा जैविक उद्यान, रांची एवं प्राणी उद्यान अलीपुर, कोलकाता के बीच 7 अगस्त 2025 को हुए जीव आदान-प्रदान कार्यक्रम के तहत रांची में एक मादा उत्तरी जिराफ और सिल्वर फीजेंट का एक जोड़ा लाया गया। मादा जिराफ का नाम मिस्टी है, और इसकी आयु 6 वर्ष है। जिराफ का औसत जीवनकाल चिड़ियाघरों में लगभग 19 से 20 वर्ष और प्राकृतिक आवास में 17 से 18 वर्ष तक होता है। उत्तरी जिराफ मुख्यतः अफ्रीका के पूर्वी एवं मध्य भागों में, जैसे केन्या, दक्षिण सूडान, चाड, नाइजर एवं मध्य अफ्रीकी गणराज्य के कुछ संरक्षित क्षेत्रों में पाये जाते हैं। जिराफ शाकाहारी प्राणी है, जिसे चिड़ियाघरों में प्रायः विभिन्न वृक्षों की पत्तियां एवं घास खिलायी जाती हैं। जैविक उद्यान के निदेशक जब्बर सिंह ने बताया कि यह एक महत्वपूर्ण आदान-प्रदान कार्यक्रम था, जो कई दिनों से लंबित था और जिसे सफलतापूर्वक पूरा किया गया। उन्होंने कहा कि अगले चरण में नर जिराफ को भी रांची लाया जायेगा। इस मादा जिराफ की ऊंचाई 12 फीट से अधिक है, जिसके कारण इसके लिए 14 फीट ऊंचा विशेष बाड़ा तैयार किया गया था। निम्न तल ट्रेलर में लादने के बावजूद जमीन से इसकी ऊंचाई 16-17 फीट रही, जिसके कारण कोलकाता से रांची तक लगभग 24 घंटे का सफर तय कर इसे लाया गया।

## शारदा ग्लोबल स्कूल में दो दिवसीय स्टीम फेस्ट का आयोजन




रांची(आजाद सिपाही)। शारदा ग्लोबल स्कूल में शुक्रवार को दो दिवसीय स्टीम फेस्ट (2025-26) का आयोजन किया गया। शारदा ग्लोबल विद्यालय के छात्रों ने प्राचीन ऐतिहासिक स्मारकों में प्रयुक्त विज्ञान, प्रोद्योगिकी, इंजीनियरिंग कला और गणित पर आधारित वर्किंग प्रोजेक्ट्स और मॉडल्स का प्रदर्शन किया।कार्यक्रम का उदघाटन गेस्ट ऑफ ऑनर प्रियंका जालान वाइस चेयर पर्सन ब्रिजफोर्ड स्कूल और फादर फूलदेव सोरेंग प्रिंसिपल संत जेवियर स्कूल डोरंडा, स्पेशल इन्वाइटी माया कुमार डाइरेक्टर चिरंजीवी कांसेप्ट स्कूल, मोनिका श्रीवास्तवा डाइरेक्टर सचिदानंद ज्ञान भर्ती मॉडल स्कूल, नीता पांडेय मैनेजर एसओइए झारखंड, सिस्टर एनी पॉल प्रिंसिपल संत एनस स्कूल रामगढ़, सिस्टर अनिशा, सिस्टर जसीन्था प्रिंसिपल संत फ्रांसिस रामगढ़, सिस्टर पूनम प्रिंसिपल प्रभात तारा धुर्वा, सिस्टर आभा प्रिंसिपल संत चार्ल्स स्कूल द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के डाइरेक्टर दीपक बंका, अनुज रंजन, डाइरेक्टर एकेडमिक्स रंजना स्वरूप, प्राचार्य जसमीत कौर, दीपा बंका, आकांक्षा सिन्हा सहित शिक्षकगण मौजूद थे।

## भाजपा नेत्री ललिता देवी ने ट्रैफिक जवानों को राखी बांधी



रांची। रक्षा बंधन के अवसर पर भाजपा नेत्री ललिता देवी ने कोकर चौक पर तैनात ट्रैफिक जवानों के कलाइयों पर राखी बांधी। इस दौरान ललिता देवी ने कहा कि यह उनके लिए गर्व की बात है कि उन्हें शहर की सुरक्षा में तैनात इन जवानों को राखी बांधने का अवसर मिला। भावुक होकर उन्होंने कहा, ये जवान हर मौसम में शहर की सुरक्षा करते हैं और बहनों की रक्षा करते हैं। इनकी उम्र लंबी हो। इस आयोजन ने सभी के लिए गौरव का क्षण बना। राखी बांधने के बाद, बहनों ने जवानों से हर व्यक्ति की सुरक्षा का वचन लिया। जवानों ने भी इस स्नेह को दिल से स्वीकार किया। एक जवान ने कहा, हम अपने घर-परिवार से दूर हैं, लेकिन कोकर की इन बहनों ने हमें अपनापन देकर हमारा हौसला बढ़ाया है। इस आयोजन में सुभाष अग्रवाल, जितेंद्र सिंह पटेल, युवराज पासवान, सोनू मिश्रा, चन्दन शर्मा, शीतल वर्मा, उषा देवी, पूनम निभा, पूनम गुप्ता, सरोज भल्ला समेत अन्य शामिल थीं।

## हम एक बार जन्म लेते हैं, एक बार मरते हैं, लेकिन कई बार स्थान बदल सकते हैं : डॉ कुणाल केसरी

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** सेंट जेवियर्स कॉलेज के भूगोल विभाग द्वारा 'झारखंड से बाह्य प्रवासनः व्यापक और सूक्ष्म दृष्टिकोण' विषय पर शुक्रवार को संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें वक्ता के रूप में पूर्व छात्र और इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर पॉपुलेशन सांइसेज डॉ कुणाल केसरी उपस्थित हुए। इस व्याख्यान में जनसांख्यिकी और जनसंख्या पर विशेष रूप से चर्चा की गयी, जिसमें झारखंड से बाह्य प्रवासन की प्रकृति को आंकड़ों सहित प्रस्तुत किया गया। कोविड-19 के समय में प्रवासन की उल्लेखनीय स्थिति पर संक्षिप्त चर्चा की गयी, विशेषकर प्रवासी मजदूरों की वापसी पर विशेष ध्यान दिया गया। यह व्याख्यान प्रतिभागियों के लिए अत्यंत लाभकारी रहा और उन्हें इस विषय पर आलोचनात्मक समझ प्राप्त हुई। कार्यक्रम में विभाग के डॉ राजीव रंजन श्रीवास्तव, डॉ संदीप चंद्र, प्रो एंजेलीन टोप्पो सहित अन्य उपस्थित थे।

## अमित शाह और नीतीश कुमार ने सीतामढ़ी-दिल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया

सीतामढ़ी (आजाद सिपाही)। अमित शाह, गृह एवं सहकारिता मंत्री, भारत सरकार एवं नीतीश कुमार, मुख्यमंत्री, बिहार द्वारा शुक्रवार को सीतामढ़ी से नयी दिल्ली के लिए एक नयी अमृत भारत ट्रेन सेवा का हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया गया। आज इसका परिचालन सीतामढ़ी से 05599 सीतामढ़ी-दिल्ली उद्घाटन स्पेशल के रूप में किया गया। दिल्ली और सीतामढ़ी के मध्य गाड़ी सं. 14048/14047 दिल्ली-सीतामढ़ी-दिल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस का नियमित परिचालन दिल्ली से 09.08.2025 से प्रत्येक शनिवार को तथा सीतामढ़ी से 10.08.2025 से प्रत्येक रविवार को किया जायेगा। गाड़ी सं. 14048 दिल्ली-सीतामढ़ी अमृत भारत एक्सप्रेस 09.08.2025 से प्रत्येक शनिवार को दिल्ली से 14.00 बजे खुलकर गाजियाबाद, टुंडला, कानपुर सेंट्रल, लखनऊ, गोंडा, बस्ती, गोरखपुर, कप्तानगंज, सिसिवा बाजार, बगहा, नरकटियागंज, सिकटा, रक्सौल, बैरगनिया स्टेशनों पर रूकते हुए अगले दिन 10.45 बजे सीतामढ़ी पहुंचेगी । वापसी में गाड़ी सं. 14047 सीतामढ़ी-दिल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस 10.08.2025 से प्रत्येक रविवार को सीतामढ़ी से 22.15 बजे खुलकर उपरोक्त स्टेशनों पर रूकते हुए अगले दिन 22.40 बजे दिल्ली पहुंचेगी ।


### दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा

**ई-निविदा सूचना संख्या: ईएल-जी-आरएनसी-25-25, दिनांक: 06.08.2025।** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (जी), रांची, दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची निविदा सूचना संख्या: ईएल-जी-आरएनसी-25-25, दिनांक: 06.08.2025 के तहत ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं जिसे दिनांक 29.08.2025 को सुबह 10.30 बजे या उसके बाद खोला जाना निर्धारित है। **कार्य का नाम/ संक्षिप्त विवरण:** रांची एवं मूरी कॉलोनी में वर्तमान अत्यंत पुराने पीएस टैंकों के स्थान पर आरसीसी ओवरहेड टैंक के निर्माण हेतु विद्युतीय कार्य। **कार्य का अनुमानित मूल्य:** ₹ 48,89,514.08। **जमा बयाना राशि/बोली प्रतिभूति:** ₹ 97,800। **निविदा बंद होने की तारीख और समय:** 29.08.2025 को सुबह 10.30 बजे। **वेबसाइट का विवरण:** https://www.ireps.gov.in। निविदा का विवरण वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदादाता/बोलीदाताओं के पास क्लास-III डिजीटल सिग्नेचर प्रमाणपत्र अवश्य होना चाहिए और उन्हें आईआरईपीएस पोर्टल पर अवश्य पंजीकृत होना चाहिए। सिर्फ पंजीकृत निविदादाता/बोलीदाता ही ई-निविदा में भाग ले सकते हैं। ई-निविदा में भाग लेते समय निविदादाता को निविदा दस्तावेज के साथ सभी सम्बंधित कागजात अवश्य अपलोड करने होंगे।

(PR-496)



प्रपत्र VII

### झारखण्ड सरकार, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

(भू-अर्जन निदेशालय) या समाहर्त्ता या समुचित सरकार

**अधिघोषणा**

(अधिनियम–30/2013 की धारा–19(1) के अधीन)

संख्या–597/भू0अ0 दिनांक–07/08/2025

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ यथा परियोजना–तिलैया से बगड़ो भाया जयनगर पथ के पुर्ननिर्माण हेतु ग्राम–साहेबाडीह थाना–जयगनर थाना सं0–74, अंचल–जयनगर, जिला–कोडरमा में कुल–0.5550 एकड़ यानि–0.2246 हे0 भूमि अपेक्षित है।

इसलिए अधिघोषणा किया जाता है कि उपर्युक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन एक भू–खण्ड है, जो मानक माप में कमोवेश–0.5550 एकड़ यानि–0.2246 हेक्टेयर है और जो ग्राम–साहेबाडीह थाना–जयनगर, थाना सं0–74, अंचल–जयनगर, जिला–कोडरमा में है, जिसका विवरण निम्नलिखित है:–

ग्राम–साहेबाडीह थाना–जयनगर, थाना सं0–74, अंचल–जयनगर, जिला–कोडरमा।

| क्रम सं0 | खाता नं0 | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | सर्वे किस्म (भूमि का प्रकार) | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | उ0 | द0 | पू0 | प0 |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 25 | 2 | रैयती | टांड तीन | 0.1360 | सुचित्रा देवी पति–मन्टु मोदी वो द्रोपदि देवी पति–दशरथ शर्मा वो रेखा देवी पति–अशोक साव वो सुमित्रा देवी पति–संतोष साव वो जागेश्वरी देवी पति–नकुल साव वो बंसती देवी पति–सकुल साव वो चमेली देवी पति–रामलखन यादव वो प्रेमचन्द मोदी पिता–....वो मुन्नी देवी पति– रामदेव मोदी वो सुरेश प्रसाद विश्वकर्मा पिता–परमेश्वर राणा वो शकुन्तला देवी पति–रंजीत कुमार यादव | रास्ता | प्लॉट 2 अंश | रास्ता | प्लॉट 3 |
| 2 | 49 | 3 | रैयती | टांड तीन | 0.1010 | अज्ञात | रास्ता | प्लॉट 3 अंश | प्लॉट 2 | सिमाना मौजा कटहाडीह |
| 3 | 48 | 9 | रैयती | टांड तीन | 0.0150 | प्रमिला देवी पति–प्रकाश साव वो दारा देवी पति–नारायण रजक | रास्ता | प्लॉट 9 अंश | प्लॉट 10 | रास्ता |
| 4 | 25 | 10 | रैयती | टांड तीन | 0.0670 | अर्जुन यादव पिता–अमृत यादव | रास्ता | प्लॉट 10 अंश | प्लॉट 11 | प्लॉट 9 |
| 5 | 13 | 11 | रैयती | टांड तीन | 0.1030 | हरी प्रसाद मोदी वो मनोहर प्रसाद वो कल्याण जी आनन्दी पिता–सहदेव मोदी वो सुशिला देवी पति–सुभाष मोदी वो राजेन्द्र यादव पिता–.................. | रास्ता | प्लॉट11 अंश | प्लॉट 12 | प्लॉट 10 |
| 6 | 52 | 12 | रैयती | टांड तीन | 0.0010 | अज्ञात | रास्ता | प्लॉट12 अंश | प्लॉट 12 अंश | प्लॉट 11 |
| 7 | 32 | 263 | रैयती | टांड तीन | 0.0070 | इकबाल खान वो सन्नाउल्ला खान वो अफताब खान पिता–अकबर खान वो साबाना खातुन पति–जाउल हक वो नौशाबा खातुन पति–अलताफ खान | रास्ता | प्लॉट 263 अंश | प्लॉट 265 | प्लॉट 263 अंश |
| 8 | 36 | 265 | रैयती | टांड तीन | 0.0150 | सैफउल्ला खान वो सुल्तान खान वो सैनेइलाही खान वो सफीरउल्ला खान पिता–अमीर खान वो राज कुमार मोदी पिता–लाटो मोदी वो दुलारी देवी पति–नन्दलाल राम | रास्ता | प्लॉट 265 अंश | प्लॉट 266 | प्लॉट 263 |
| 9 | 4 | 266 | रैयती | टांड तीन | 0.0200 | रामेश्वर प्रसाद बर्णवाल पिता–हेमन्त मोदी वो नन्दलाल प्रसाद बर्णवाल पिता–रामेश्वर मोदी वो अजय कुमार बर्णवाल पिता–बासुदेव मोदी | रास्ता | प्लॉट 266 अंश | प्लॉट 267 | प्लॉट 265 |
| 10 | 34 | 267 | रैयती | टांडतीन | 0.0180 | सराफत खान वो सैखावत खान वो सरफराज खान पिता–नियामत खान | रास्ता | प्लॉट 267 अंश | रास्ता | प्लॉट 266 |
| 11 | 42 | 361 | रैयती | धान खेत तीन | 0.0370 | अज्ञात | रास्ता | प्लॉट 361 अंश | प्लॉट 363 | रास्ता |
| 12 | 49 | 363 | रैयती | धान खेत तीन | 0.0150 | बीबी सुवेदा खातुन पति–हातीम खान | रास्ता | प्लॉट 363 अंश | प्लॉट 365 | प्लॉट 361 |
| 13 | 34 | 365 | रैयती | धान खेत तीन | 0.0200 | असीम खान पिता–अब्दुल सतावर खान | रास्ता | प्लॉट 365 अंश | सिमाना मौजा कटहाडीह | प्लॉट 363 |
| | | | | कुलः– | 0.5550 | | | | | |

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और अधिनियम सं0–30/3013 की धारा 15 में प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जांच के पश्चात् किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या जिनके लिए पुनर्व्यवस्थापन के क्षेत्र चिहिन्त किये गये है, जिसकी संक्षिप्त विवरणी निम्नवत है:–

ग्राम–साहेबाडीह थाना–जयनगर, थाना सं0–74, अंचल–जयनगर, जिला–कोडरमा कुल रकवा–0.5550 एकड़ यानि–0.2246 हेक्टेयर भूमि अर्जन पदाधिकारी, कोडरमा के कार्यालय में किसी कार्य दिवस के दिन भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है।

पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन योजना के सार नीचे दिये गये हैं :– शून्य

ह0/–
समुचित सरकार–सह–
उपायुक्त, कोडरमा

PR 359277 Land Reforms (25-26)_D

# अमेरिका को भारत का कड़ा संदेश

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एमएस स्वामीनाथन शताब्दी अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में अमेरिकी टैरिफ पर पहली प्रतिक्रिया दी। उन्होंने अमेरिका या डॉनल्ड ट्रंप का नाम लिये बगैर कहा कि किसानों, पशुपालकों और मछुआरों के हितों के साथ भारत कभी समझौता नहीं करेगा। भारत ने इससे पहले ट्रंप के 50% टैरिफ को अनुचित, अन्यायपूर्ण और तर्कहीन बताया था।

**डील की निराशा :** ट्रंप बातें रूस की कर रहे हैं, लेकिन समझना मुश्किल नहीं है कि उनकी निराशा के मूल में भारत के साथ अटकी ट्रेड डील भी है। वह चाहते हैं कि भारत अमेरिकी कृषि उत्पादों और डेयरी प्रॉडक्ट्स के लिए अपना बाजार खोले। लेकिन, भारत के लिए यह राजनीतिक रूप से बेहद संवेदनशील मुद्दा है। देश की बड़ी आबादी खेती पर आश्रित है और किसान आर्थिक रूप से सशक्त नहीं हैं। फिर वे सब्सिडाइज्ड अमेरिकी प्रॉडक्ट्स से होड़ नहीं कर सकते। पीएम ने अपने भाषण के जरिये भारत का यही पक्ष रखा है।

**हताशा में लिये फैसले :** ट्रंप इस चिंता को शायद ही समझें, क्योंकि अब ऐसा लग रहा है कि अपनी हर नाकामी का ठीकरा फोड़ने के लिए उन्हें कोई देश चाहिए। अमेरिका में बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी का दबाव व यूक्रेन युद्ध न रुकवा पाने की हताशा ट्रंप के फैसलों में झलक रही है। पहले उन्होंने चीन पर दबाव बनाने की कोशिश की, लेकिन जब वहां से 'रेयर अर्थ मिनरल्स' के रूप में झटका लगा, तो भारत और रूस से अपनी बात मनवाना चाहते हैं।

**ट्रंप इस चिंता को शायद ही समझें, क्योंकि अब ऐसा लग रहा है कि अपनी हर नाकामी का ठीकरा फोड़ने के लिए उन्हें कोई देश चाहिए। अमेरिका में बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी का दबाव व यूक्रेन युद्ध न रुकवा पाने की हताशा ट्रंप के फैसलों में झलक रही है।**

**सच से दूर :** ट्रंप का मानना है कि रूस तेल बेच कर युद्ध लड़ने के लिए संसाधन जुटा रहा है। हालांकि उन्होंने इस सच से आंखें मूंद ली हैं कि मॉस्को का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार चीन है और भारत के अलावा यूरोपीय यूनियन और यहां तक कि खुद अमेरिका भी रूस से व्यापार जारी रखे हुए है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने इस व्यापार का पूरा डेटा सामने रख कर अमेरिका की पोल खोल दी थी।

**नये समझौते करे भारत :** भारत अपनी जरूरत का 85% तेल आयात करता है। रूस से तेल खरीद घरेलू ही नहीं, ग्लोबल ऑयल मार्केट को भी स्थिर रखता है। अमेरिका की पिछली बाइडन सरकार ने भारत के रूस से तेल खरीदने की सराहना की थी क्योंकि उससे बाजार में स्थिरता बनी रही। लेकिन, ट्रंप इन सारी बातों को दरकिनार कर रहे हैं। खैर, इसी महीने अमेरिकी टीम व्यापार वार्ता के लिए भारत आ रही है। आशा है कि दोनों देश कोई रास्ता निकालेंगे। लेकिन इसके साथ भारत को यूरोपीय संघ के साथ व्यापार समझौता जल्द करना चाहिए और अन्य देशों के साथ भी ऐसी डील करनी चाहिए, ताकि देश का निर्यात लगातार बढ़ता रहे।

अभिमत
आजाद सिपाही

**आदिवासी समुदाय प्रकृति के साथ गहरा सामंजस्य रखते हैं, जो उनकी जीवन शैली, विश्वास और प्रथाओं में स्पष्ट रूप से झलकता है। चाहे दक्षिण अमेरिका के यानोमामी हों, अफ्रीका के मासाई, ऑस्ट्रेलिया के अबोरिजिनल समुदाय, या भारत के संथाल, गोंड और भील, ये समुदाय प्रकृति के संरक्षक के रूप में उभरते हैं। उनकी पारंपरिक प्रथाएं, जैसे टिकाऊ खेती, जंगल प्रबंधन, और औषधीय पौधों का उपयोग, आधुनिक पर्यावरण नीतियों के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं।**

# विश्व आदिवासी दिवसा एक वैश्विक मंच है



**विजय शंकर नायक**

विश्व आदिवासी दिवस पर विशेष

विश्व आदिवासी दिवस, जो हर साल 9 अगस्त को मनाया जाता है, न केवल एक उत्सव है, बल्कि आदिवासी समुदायों की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, उनके पर्यावरणीय योगदान और उनके सामने आने वाली गंभीर चुनौतियों को वैश्विक मंच पर उजागर करने का एक अवसर है। संयुक्त राष्ट्र ने 1994 में इस दिन की स्थापना की थी, ताकि आदिवासियों के अधिकारों, उनकी अनूठी जीवन शैली और सांस्कृतिक पहचान को संरक्षित करने के लिए जागरूकता बढ़ाई जा सके।

**आदिवासी प्रकृति के सच्चे संरक्षक :** आदिवासी समुदाय प्रकृति के साथ गहरा सामंजस्य रखते हैं, जो उनकी जीवन शैली, विश्वास और प्रथाओं में स्पष्ट रूप से झलकता है। चाहे दक्षिण अमेरिका के यानोमामी हों, अफ्रीका के मासाई, ऑस्ट्रेलिया के अबोरिजिनल समुदाय, या भारत के संथाल, गोंड और भील, ये समुदाय प्रकृति के संरक्षक के रूप में उभरते हैं। उनकी पारंपरिक प्रथाएं, जैसे टिकाऊ खेती, जंगल प्रबंधन, और औषधीय पौधों का उपयोग, आधुनिक पर्यावरण नीतियों के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। उदाहरण के लिए भारत के बस्तर क्षेत्र में गोंड जनजाति की झूम खेती (शिफ्टिंग कल्टिवेशन) मिट्टी की उर्वरता को बनाए रखने का एक टिकाऊ तरीका है, जो आधुनिक जैविक खेती के सिद्धांतों से मेल खाता है। इसी तरह ओड़िशा की डोंगरिया कोंध जनजाति ने नियामगिरी पहाड़ियों को खनन से बचाने के लिए अपने पारंपरिक ज्ञान और सामुदायिक एकजुटता का उपयोग किया।

विश्व बैंक की 2023 की रिपोर्ट के अनुसार आदिवासी समुदायों द्वारा संरक्षित वन क्षेत्रों में जैव-विविधता का ह्रास गैर-आदिवासी क्षेत्रों की तुलना में 30% कम है।



संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम के 2024 के आंकड़ों के अनुसार, विश्व के 80% से अधिक जैव-विविधता वाले क्षेत्रों में आदिवासी समुदाय रहते हैं, जो वैश्विक पर्यावरण संरक्षण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को दर्शाता है। भारत में, वन विभाग की 2022 की एक रिपोर्ट के अनुसार, आदिवासी समुदायों द्वारा प्रबंधित सामुदायिक वन क्षेत्रों में वनों की कटाई की दर औसत से 25% कम है। इन आंकड़ों से स्पष्ट है कि आदिवासियों का पर्यावरणीय योगदान वैश्विक स्तर पर महत्वपूर्ण है, फिर भी उनकी इस भूमिका को नीति-निर्माण में शायद ही उचित स्थान मिलता है।

**सांस्कृतिक धरोहरः मानव सभ्यता की अनमोल निधि :** आदिवासी समुदायों की कला, संगीत, नृत्य, और मौखिक परंपराएं मानव सभ्यता की अमूल्य धरोहर हैं। भारत में, संथाल जनजाति का सोहराय उत्सव, जिसमें प्रकृति और पशुधन के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की जाती है, उनकी पर्यावरणीय संवेदनशीलता को दशार्ता है। इसी तरह, मिजो जनजाति के लोकगीत और मध्य प्रदेश की गोंड जनजाति की पारंपरिक चित्रकला उनके जीवन दर्शन और सौंदर्यबोध को जीवंत बनाते हैं। यूनेस्को की 2023 की रिपोर्ट के अनुसार, विश्व की 7,000 भाषाओं में से लगभग 50% आदिवासी भाषाएं हैं, और इनमें से 50% से अधिक 21वीं सदी के अंत तक विलुप्त होने के कगार पर हैं। भारत में, 700 से अधिक आदिवासी समुदायों की 100 से अधिक भाषाएं और बोलियां खतरे में हैं, जैसा कि भारत सरकार की 2021 की भाषाई सर्वेक्षण रिपोर्ट में उल्लेखित है। भाषा संगठन जैसे गैर-सरकारी संगठनों ने भारत में 300 से अधिक आदिवासी भाषाओं को डिजिटल रूप से संरक्षित करने का कार्य शुरू किया है, जिसमें गोंडी, संथाली, और मुंडारी जैसी भाषाएं शामिल हैं।

**अनछुआ पहलू :** इन भाषाओं और सांस्कृतिक परंपराओं में निहित पारंपरिक ज्ञान, जैसे औषधीय पौधों का उपयोग और मौसम चक्र की समझ, आधुनिक विज्ञान के लिए अमूल्य है। डिजिटल आर्काइविंग और शिक्षा प्रणाली में इन भाषाओं को शामिल करना न केवल सांस्कृतिक संरक्षण के लिए, बल्कि वैश्विक ज्ञान प्रणाली को समृद्ध करने के लिए भी आवश्यक है।

**चुनौतियांः अधिकारों का हनन और सामाजिक हाशियाकरण :** आदिवासी समुदायों को भूमि अधिग्रहण, खनन, और औद्योगीकरण के कारण बड़े पैमाने पर विस्थापन का सामना करना पड़ रहा है। भारत में, वन अधिकार अधिनियम (2006) और संविधान की पांचवीं अनुसूची के बावजूद, आदिवासियों के भूमि अधिकारों का उल्लंघन एक गंभीर समस्या बनी हुई है। उदाहरण के लिए, छत्तीसगढ़ और झारखंड जैसे राज्यों में खनन परियोजनाओं के कारण हजारों आदिवासी परिवार अपनी पुश्तैनी जमीनों से विस्थापित हुए हैं। विश्व स्तर पर, अमेजन की यानोमामी जनजाति अवैध खनन और वनों की कटाई से जूझ रही है। संयुक्त राष्ट्र की 2024 की एक रिपोर्ट के अनुसार विश्व भर में 40% आदिवासी समुदाय अपनी पारंपरिक भूमि से विस्थापित हो चुके हैं, जिनमें से अधिकांश को उचित मुआवजा या पुनर्वास नहीं मिला। भारत में 2023 की एक स्वतंत्र अध्ययन रिपोर्ट के अनुसार, पिछले दो दशकों में खनन और औद्योगिक परियोजनाओं के कारण 50 लाख से अधिक आदिवासी विस्थापित हुए हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन (हल्ड) की 2024 की रिपोर्ट के अनुसार, विस्थापन और सामाजिक हाशियाकरण के कारण आदिवासियों में मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं, जैसे अवसाद और चिंता, शहरी आबादी की तुलना में 2.5 गुना अधिक हैं।

**विश्व आदिवासी दिवस 2025: आदिवासी महिलाओं की आवाज :** 2025 का विश्व आदिवासी दिवस आदिवासी महिलाओं की आवाज थीम पर केंद्रित है, जो आदिवासी महिलाओं के नेतृत्व, साहस, और उनकी दोहरी चुनौतियों (लैंगिक और सांस्कृतिक भेदभाव) पर प्रकाश डालता है। भारत में, ओडिशा की डोंगरिया कोंध महिलाओं ने नियामगिरी पहाड़ियों को वेदांता जैसे कॉर्पोरेट खनन से बचाने में ऐतिहासिक भूमिका निभाई। मध्य प्रदेश की गोंडी महिलाएं अपनी पारंपरिक चित्रकला को न केवल संरक्षित कर रही हैं, बल्कि इसे वैश्विक मंच पर ले जाकर आर्थिक सशक्तीकरण भी हासिल कर रही हैं। संयुक्त राष्ट्र की 2025 की एक रिपोर्ट के अनुसार, आदिवासी महिलाएं अपने समुदायों में 60% से अधिक सांस्कृतिक और पारंपरिक ज्ञान की संरक्षक हैं। भारत में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (2024) के आंकड़ों के अनुसार आदिवासी महिलाओं द्वारा संचालित स्वयं सहायता समूहों ने 10 लाख से अधिक परिवारों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाया है।

**भविष्य की राहः समावेशी और टिकाऊ विकास :** विश्व आदिवासी दिवस 2025 हमें यह स्मरण कराता है कि आदिवासियों की आवाज को सुनना, उनके अधिकारों को संरक्षित करना, और उनकी सांस्कृतिक विरासत को सम्मान देना एक वैश्विक जिम्मेदारी है। उनके पारंपरिक ज्ञान को आधुनिक विज्ञान, शिक्षा, और नीति-निर्माण में एकीकृत करना होगा। साथ ही, उनकी भाषाओं, कला, और परंपराओं को डिजिटल प्लेटफॉर्म और स्कूल पाठ्यक्रम के माध्यम से संरक्षित करना होगा।

**निष्कर्ष :** विश्व आदिवासी दिवस 2025 केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि एक संकल्प है कि हम आदिवासी समुदायों की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, उनके पर्यावरणीय योगदान, और उनके अनकहे संघर्षों को सम्मान देंगे। सटीक आंकड़ों और नीतिगत सुधारों के माध्यम से उनके अनछुए पहलुओं को मुख्यधारा में लाकर हम एक समावेशी, टिकाऊ, और न्यायपूर्ण विश्व की नींव रख सकते हैं।

**लेखक का संदेश :** आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के माध्यम से हम आदिवासियों के अधिकारों, उनकी संस्कृति, और उनके पर्यावरणीय योगदान को संरक्षित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। विश्व आदिवासी दिवस 2025 पर, हम सभी से आह्वान करते हैं कि इस वैश्विक मंच का उपयोग आदिवासियों की आवाज को बुलंद करने और उनके लिए एक बेहतर भविष्य सुनिश्चित करने में करें।

**(लेखक : आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष हैं।)**

## कोल्हान की खबरें

# पोटका विधायक ने दिल्ली झारखंड भवन में शहीद निर्मल महतो को दी श्रद्धांजलि

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**नयी दिल्ली/ जमशेदपुर।** वीर भूमि झारखंड के माटी पुत्र,महान झारखंड आंदोलनकारी वीर अमर शहीद निर्मल महतो के शहादत दिवस पर दिल्ली स्थित झारखंड भवन परिसर में भावपूर्ण श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। शुक्रवार को झारखंड भवन में पोटका विधायक संजीव सरदार, वीरसिंह सुरेन, अजय सिन्हा, विक्टर सोरेन और अकरम ने पुष्प अर्पित कर शहीद निर्मल महत्व को नमन किया। मौके पर विधायक संजीव सरदार ने कहा निर्मल महतो ने झारखंड की अस्मिता और अधिकारों की रक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिये। उनका बलिदान हमेशा झारखंडवासियों को प्रेरित करता रहेगा। सभा के अंत में सभी ने एक स्वर में वीर शहीद निर्मल महतो अमर रहें का नारा लगाया।

# टाटा स्टील वर्ल्ड 25 के कोलकाता का 10वां संस्करण कला और खेल को समर्पित

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**कोलकाता/जमशेदपुर।** पूर्वी भारत का सबसे बड़ा खेल आयोजन टाटा स्टील वर्ल्ड 25के कोलकाता इस वर्ष 14 दिसंबर को अपने 10वें संस्करण का जश्न मनाएगा। इस अवसर पर प्रोकैम इंटरनेशनल, भारतीय सेना और बंगाल सब एरिया के फैमिली वेलफेयर फंड के सहयोग से राजभवन में विशेष आर्ट कैंप आयोजित किया गया। जिसमें राज्यपाल डॉ. सी. वी. आनंद बोस और सेना के अधिकारी मौजूद रहे।विभिन्न कला संस्थानों के 25 युवा चित्रकारों ने साहस, धैर्य और राष्ट्रीय गर्व विषय पर पेंटिंग बनाई, जिन्हें बाद में प्रदर्शनी प्रदर्शित कर बेचा जाएगा। इसकी पूरी आय आर्मी वेलफेयर फंड को दी जाएगी।टाटा स्टील के उपाध्यक्ष आशीष अनुपम और प्रोकैम इंटरनेशनल के संयुक्त प्रबंध निदेशक विवेक सिंह ने इस आयोजन को कोलकाता की ऊर्जा, एकता और साहस का प्रतीक बताया।

# घाटशिला महाविद्यालय में नव नामांकित विद्यार्थियों का परिचय सत्र



**घाटशिला (आजाद सिपाही)।** घाटशिला महाविद्यालय में सत्र 2025-2029 यूजी सेमेस्टर-1 के नव नामांकित विद्यार्थियों के लिए परिचय सत्र आयोजित की गई। शुक्रवार को प्राचार्य डॉ पीके गुप्ता की अध्यक्षता व प्रो इंदल पासवान के अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में शिक्षकों का परिचय, सहशैक्षणिक गतिविधियों व प्रशासनिक व्यवस्था की जानकारी दी गई। प्राचार्य ने विद्यार्थियों से अनुशासन बनाए रखने, यूनिफॉर्म में कॉलेज आने और नियमित कक्षाओं में भाग लेने की अपील की। वही अन्य वक्ताओं ने एनएसएस, एनसीसी व खेल गतिविधियों की जानकारी दी। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. कन्हाई बारीक ने की। मौके पर सभी शिक्षक व बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# हॉकी झारखंड को सब जूनियर नेशनल में रजत पदक



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** इंडिया सब जूनियर 15वें हॉकी पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2025 में हॉकी झारखंड ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक हासिल की। फाइनल में टीम को हॉकी पंजाब से 4-3 से कड़ा मुकाबला हारना पड़ा। झारखंड टीम में नेवल टाटा हॉकी अकादमी के 14 कैडेट शामिल थे। जबकि कोच मनीष कुमार ने हेड कोच और हार्दिक भोंसले ने टीम मैनेजर की जिम्मेदारी निभायी। टूर्नामेंट से पहले 10 दिन का प्रशिक्षण शिविर एनटीएचए जमशेदपुर में लगाया गया था। कैडेट आशीष तानी पर्टी को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट और एक अन्य कैडेट को सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर का पुरस्कार मिला। प्रोजेक्ट डायरेक्टर गुरमीत सिंह राव ने कहा यह सफलता खिलाड़ियों और कोचों की मेहनत का नतीजा है और अगली बार स्वर्ण पदक जीतने का लक्ष्य रहेगा।

# ‘भारतीय सामान हमारा स्वाभिमान’ अभियान को मिला टाटा वर्कर्स यूनियन का समर्थन

## विदेशी सामान के बहिष्कार का लिया निर्णय

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** कनफेडरेशन ऑफ आल इण्डिया ट्रेडर्स (कैट) का एक प्रतिनिधिमंडल जमशेदपुर में टाटा स्टील की अधीकृत यूनियन टाटा वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष संजीव कुमार चौधरी टुन्नू से भेट की। कैट द्वारा भारतीय सामान को बढ़ावा देने के अभियान से उन्हें अवगत कराया गया। उनसे अनुरोध किया गया कि वे भी इस अभियान में शामिल होकर जमशेदपुर में एक जन अभियान का स्वरुप देने में सहायता करे क्योंकि टाटा वर्कर्स यूनियन का इतिहास स्वाधीनता आंदोलन के पूर्व का है और यूनियन के सदस्यों में राष्ट्रीयता कूट कूट कर भरी है। हम सभी इस अभियान के तहत विदेशी सामान का बहिष्कार करेंगे और भारत में निर्मित सामन का इस्तेमाल करेंगे। इससे भारतीय अर्थव्यवस्था सुदृढ़ होगी, और देश में रोजगार को भी बढ़ावा मिलेगा। टाटा वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष संजीव चौधरी और उपाध्यक्ष शहनवाज आलम ने इस अभियान की प्रशंसा की और पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया। साथ ही टाटा वर्कर्स यूनियन के उपाध्यक्ष डॉ शाहनवाज आलम को उनके द्वारा सफलता पूर्वक शोध कार्य करने और पीएचडी की उपाधि मिलने पर बधाई दी गयी। यह बेहद हर्ष की बात है कि अपने निजी एवं व्यावसायिक जिम्मेदारियों को निभाते हुए उन्होने यह कार्य सफलतापूर्वक किया। उन्हे ढेर सारी बधाई, और भविष्य की शुभकामनाएँ. प्रतिनिधिमंडल में कैट के राष्ट्रीय सयुंक्त महासचिव, सुरेश सोंथालिया, भरत वसानी, बीएन शर्मा, सत्यनारायण अग्रवाल (मुन्ना), महेश सोंथालिया, आनंद चौधरी एवं जिग्नेश वसानी शामिल थे।

# साकची बंगाल क्लब में जादूगर सिकंदर के शो का आगाज

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** विश्वविख्यात जादूगर सिकन्दर ने साकची बंगाल क्लब के विशाल हॉल में अपने बहुप्रतीक्षित जादुई शो की धमाकेदार शुरूआत की। शुक्रवार को तीसरी बार जमशेदपुर आए सिकन्दर ने अदृश्य होना,हवा में उड़ती मानव आकृति, बरमूडा इफेक्ट, डायनासोर और जादू परियों जैसे हैरतअंगेज करतब दिखाकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम की शुरूआत विश्वशांति, मित्रता और राष्ट्र प्रेम के संदेश के साथ हुई। जिसमें तिरंगे का जादुई प्रदर्शन विशेष आकर्षण रहा। शो के दौरान शहर और रांची के कई स्थानीय जादूगरों ने सिकन्दर को मंच पर सम्मानित किया।मौके पर मुख्य अतिथि ने इसे भारतीय जादू परंपरा के गौरव का क्षण बताते हुए कहा सिकन्दर का शो मनोरंजन के साथ समाज को प्रेरणा भी देता है। आयोजकों ने बताया आने वाले दिनों में यह जादुई यात्रा शहर में जारी रहेगी।

# दयानंद पब्लिक स्कूल का अंतर-विद्यालय उत्सव ‘हंच 2025’ संपन्न



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** दयानंद पब्लिक स्कूल द्वारा आयोजित बहुप्रतीक्षित अंतर-विद्यालय उत्सव ‘हंच 2025’ भव्य आयोजन किया गया। शुक्रवार को उत्सव के दौरान शिक्षा समिति के अध्यक्ष ज्ञान तनेजा और उपाध्यक्ष राजीव तलवार सहित ट्रस्टी सदस्य, शिक्षक और विद्यार्थी मौजूद रहे। इस वर्ष जमशेदपुर के 20 स्कूलों ने 13 प्रतियोगिताओं में भाग लिया। जिनमें 7 ऑन-स्टेज (भाषण, नाटक, संगीत, नृत्य आदि) और 6 ऑफ-स्टेज (कला व बौद्धिक गतिविधियां) शामिल थीं। पूरे दिन विद्यार्थियों ने रचनात्मकता और प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि शिक्षाविद् प्रमोद दुबे ने प्रेरक संबोधन दिया। उन्होंने विजेताओं को पुरस्कृत कर उज्जवल भविष्य के लिए कामना की।साथ ही अंतर-विद्यालयी सहयोग और छात्र विकास के प्रति विद्यालय की प्रतिबद्धता को पुनः स्थापित किया।

# संभव संस्था ने तीसरी वर्षगांठ मनायी




**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** समाज सेवा के प्रति समर्पित संभव संस्था ने 8 अगस्त को अपनी तीसरी वर्षगांठ केक काटकर और मिठाई बांटकर मनाई। कार्यक्रम में मुख्य संरक्षक व समाजसेवी भरत सिंह, अध्यक्ष सारिका सिंह, उपाध्यक्ष अंजुला सिंह समेत कई सदस्य मौजूद रहे।भरत सिंह ने कहा संस्था का उद्देश्य समाज में सकारात्मक बदलाव लाना है।वही अध्यक्ष सारिका सिंह ने सभी समर्थकों का आभार व्यक्त की। उन्होंने कहा संस्था बीते तीन वर्षों से शिक्षा, स्वास्थ्य और जरूरतमंदों की मदद में सक्रिय है।

## स्वतंत्रता दिवस पर राष्ट्रगान के लिए ज्ञान निकेतन की छात्राओं का चयन



गढ़वा (आजाद सिपाही)। राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस के मुख्य कार्यक्रम में राष्ट्रगान के लिए ज्ञान निकेतन की छात्राओं का चयन किया गया। जिला प्रशासन गढ़वा के निर्देश पर स्वतंत्रता दिवस 2025 के मुख्य कार्यक्रम के लिए सदर अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार पांडेय की उपस्थिति में शुक्रवार को संगीत कला महाविद्यालय में निदेशक प्रमोद सोनी के निर्देशन में राष्ट्रगान का चयन किया गया। चयनित छात्राओं में ज्ञान निकेतन की उज्जवला कुमारी, सोनाली कुमारी, अंशी दुबे, रीति शर्मा, शिल्पी दुबे, निशा केशरी, श्री कश्यप, पल्लवी कुमारी, रुपांजली कुमारी एवं संगीत कला महाविद्यालय की पूर्णिमा कुमारी, परिधि कुमारी, खुशी कुमारी, ज्योति कुमारी, सोनाली कुमारी, नेहा कुमारी। इस अवसर पर ज्ञान निकेतन के निदेशक मदन प्रसाद केशरी, ज्ञान निकेतन की पीजीटी शिक्षिका नीलम केशरी अन्य की उपस्थिति रही।

## एमके इंटरनेशनल स्कूल में बच्चों ने मनाया रक्षाबंधन



श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। स्थानीय एमके इंटरनेशनल स्कूल में शुक्रवार को रक्षाबंधन पर्व मनाया गया। विद्यालय के अध्यक्ष डॉक्टर अभिमन्यु कुमार सिंह ने बतलाया कि रक्षाबंधन उत्सव में कक्षा नर्सरी से दसवीं तक के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में सौरव यादव, विजय कुमार गुप्ता, खुशबू प्रजापति, हरेंद्र यादव, सुनील यादव, जितेंद्र प्रताप यादव, कुमारी कंचन गुप्ता, मंगलापाल, रीता जयसवाल सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## भंडरिया में छात्राओं ने पुलिसकर्मियों को बांधी राखी



भंडरिया (आजाद सिपाही)। भंडरिया थाना परिसर में शुक्रवार को रक्षाबंधन महोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास और भावनात्मक वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर संत जेवियर इंग्लिश मीडियम स्कूल, मदगड़ी के छात्राओं ने थाना परिसर में पहुंचकर प्रखंड प्रशासन और पुलिस पदाधिकारियों को रक्षासूत्र बांधा। कार्यक्रम में छात्राओं ने प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार, अंचलाधिकारी राकेश भूषण सिंह, इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी अभिजीत गौतम मिश्रा, सब-इंस्पेक्टर दिलीप रंजन, विद्यालय के निदेशक भीम यादव सहित अन्य पुलिस जवानों को राखी बांधी, तिलक लगाकर मिठाई खिलाई। रक्षासूत्र बंधवाते हुए अधिकारी भावुक हो उठे और इस पावन पर्व की गरिमा को सलाम किया। कार्यक्रम के दौरान भागीरथी महतो, मुंशी विजय कुमार, अजय पासवान, जितेंद्र पासवान, अमित सिंह सहित कई पुलिसकर्मी मौजूद थे। थाना प्रभारी ने सभी छात्राओं को थाना परिसर का भ्रमण कराया और उन्हें पुलिस कार्यप्रणाली की जानकारी भी दी।

## बहनों की रक्षा के लिए जान की बाजी लगा दूंगा : चेतन सिंह



रंका (आजाद सिपाही)। रंका अनुमंडल मुख्यालय स्थित परियोजना कन्या उच्च विद्यालय के छात्राओं ने शुक्रवार को रंका थाना प्रभारी चेतन कुमार सिंह सहित अन्य पुलिस कर्मियों को राखी बांधी। इस अवसर पर थाना प्रभारी चेतन कुमार सिंह ने कहा कि उनकी सगी बहन नहीं है। उन्होंने कहा कि मैं वचन देता हूं कि जब तक मैं रंका थाना में रहूंगा, तब तक अपनी समस्त माताओं बहनों की सुरक्षा एवं मान सम्मान के लिए जान की बाजी लगा दूंगा। वहीं छात्राएं बहनों को थाना प्रभारी की ओर से उपहार भी प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम में मानपुर पंचायत के पीएलवी समाजसेवी अमरेंद्र कुमार ने सराहनीय भूमिका निभायी। मौके पर विद्यालय के शिक्षक सुधाकर, सत्येंद्र रजक, पीएलवी अमरेंद्र कुमार सहित थाना के अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## फ्लाइंग विंग्स पब्लिक स्कूल के बच्चों ने मनाया रक्षाबंधन



श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। स्थानीय फ्लाइंग विंग्स पब्लिक स्कूल, में शुक्रवार को रक्षाबंधन का समारोह उत्साह और पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय की छात्राओं ने सहपाठियों की कलाई पर राखियां बांधी और भाई-बहन के स्नेह को सजीव किया। वहीं, छात्रों ने भी बहनों को मिठाइयां खिलाकर उनकी रक्षा का वचन दिया। विद्यालय के निदेशक प्रणव प्रकाश ने कहा कि रक्षाबंधन का पर्व भारतीय संस्कृति में भाई-बहन के प्रेम विश्वास और सुरक्षा के प्रति के रूप में मनाया जाता है।

## जायंट्स सहेली ने पौधे वितरित किये



गढ़वा (आजाद सिपाही)। जायंट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा सहेली के द्वारा संस्था की अध्यक्ष सुनीता केसरी की अध्यक्षता में पर्यावरण की रक्षा हेतु वृक्षारोपण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मेन रोड में स्टॉल लगाकर 200सौ पौधों नींबू एवं अमरूद का वितरण किया गया। इस अवसर पर लोगों के बीच जागरूकता अभियान के तहत ज्यादा से ज्यादा वृक्ष लगाने का आवाहन किया गया। मौके पर लोगों को शपथ दिलाया गया कि जो वृक्ष ले जा रहे हैं उसे उचित जगह पर लगाकर पौधे को देखभाल करेंगे। इस कार्य क्रम में पूर्व अध्यक्ष माला केसरी, रीता केसरी, रितु जायसवाल, वर्षा अग्रवाल, रीना केसरी, रीना सोनी सहित कई सहेली की सदस्य उपस्थित थीं।

## स्वस्थ जीवन का आधार है स्वच्छ पर्यावरण : हेमंत देव



श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा नगर ऊंटारी के नेतृत्व में प्रखंड के कुंबा ग्राम में ग्रामीणों एवं उत्क्रमित मध्य विद्यालय कुंबा के बच्चों के बीच 111 पौधों का वितरण किया गया। शाखा के उपाध्यक्ष हेमंत प्रताप देव ने कहा कि स्वस्थ जीवन की कुंजी स्वच्छ पर्यावरण है। अतः हम सबको मिलकर एक-एक पौधे को लगाना और उसे बचाने का संकल्प लेना चाहिए। मौके पर मनोज प्रताप देव आनंद जायसवाल, संजीव कुमार सिन्हा, दुर्गेश सिन्हा, नागेंद्र राम, राजेंद्र यादव, श्रीकांत सिन्हा, नवनीत कुमार, गोल्डन कुमार सहित विद्यालय के शिक्षक, ग्रामीण एवं बच्चे उपस्थित थे।

# डायरिया से एक की मौत, दो दर्जन से अधिक लोग पीड़ित

आजाद सिपाही संवाददाता



भवनाथपुर। प्रखंड मुख्यालय से कुछ ही दूरी पर स्थित बुका गांव के तीन कोनिया टोला में डायरिया फैलने का मामला सामने आया है। डायरिया की चपेट में आने से एक 80 वर्षीया वृद्धा तेतरी देवी की मौत हो गयी है, जबकि दो दर्जन से अधिक लोग पीड़ित है। डायरिया से आक्रांत लोगों का स्थानीय सीएचसी में ईलाज के बाद विवेक कुमार 16 वर्ष पिता रामाकांत पासवान, निशा देवी 25 वर्ष पति अरविंद कुमार, तेतरी देवी 50 वर्ष राजेश्वर रावत, अंकित कुमार 2 वर्ष पिता भीम कुमार राम, बेबी कुमारी 2 वर्ष पिता प्रेम कुमार राम, तेतरी देवी 55 वर्ष पति राजेश्वर राउत को बेहतर ईलाज हेतु सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया गया है। उक्त टोले में डायरिया से हाहाकार मचा है, लोग उल्टी दस्त की समस्या से परेशान है। इनमें महिला, पुरुष और बच्चे भी शामिल हैं। उधर डायरिया से मौत होने की सूचना मिलते ही स्थानीय स्वास्थ्य विभाग के टीम में शामिल डॉ सूर्यकांत कुमार, डॉ जी. प्रसाद, एमपीडब्ल्यू उपेंद्र गुप्ता, स्वास्थ्य कर्मी विकास, भगवान कुमार के अलावे बीडीओ नंदजी राम व पंचायत के मुखिया बेबी देवी प्रभावित टोला में पहुंचे तथा इसकी जानकारी ली। डायरिया से आक्रांत प्यारी भुइंया, किशुन भुइंया, मोती देवी, रोहित कुमार, पूजा देवी, पूनम कुमारी, जितेंद्र कुमार, कांति देवी सहित अन्य लोगों का मेडिकल टीम में शामिल चिकित्सकों द्वारा अविलंब ईलाज शुरू किया गया। चिकित्सक डॉ दिनेश कुमार ने बताया कि वृद्धा तेतरी देवी की मौत के स्पष्ट कारणों का पता नहीं चल सका है, लेकिन ग्रामीणों का कहना है कि डायरिया की चपेट में आकर ही उसकी मौत हुई है। वैसे बुका गांव के तीनकोनिया टोला में डायरिया से आक्रांत लोगों की स्थिति फिलहाल नियंत्रण में है।

# आग लगने से कच्चा मकान जलकर खाक, सात लाख रुपये का नुकसान

**मुखिया ने पीड़ित परिवार को सरकारी प्रावधान के अनुसार मुआवजा दिलाने तथा हर संभव मदद का दिया भरोसा**

आजाद सिपाही संवाददाता



मेराल । प्रखंड के संगवरिया गांव के केवल टोला मे शुक्रवार को लगभग 12 बजे दिन मे सुनीता देवी पति विनोद चंद्रवंशी के घर में आग लगने से पूरा घर स्वाहा हो गया। पीड़ित परिवार के अनुसार रोज की भांति लकड़ी चूल्हा पर खाना बना कर, लकड़ी से आग बुझाकर चूल्हा के ऊपर ही बचा हुआ लकड़ी रख कर खेत में काम करने चली गयी थी। लोगों ने संभावना जतायी कि चूल्हा में बचा आग से पहले लकड़ी में फिर घर में आग लग गयी, जिससे घर का सारा सामान के साथ सोना-चांदी का आभूषण, कपड़ा लता, जमीन के कागजात, पढ़ाई लिखाई के कगजात, राशन, सब जलकर राख हो गयी। परिजनों के मुताबिक इस घटना में लगभग 7 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। आगलगी कि इस घटना में पीड़ित परिवार पूरी तरह असहाय हो गया है। जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचे मुखिया संजय राम ने घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया। उन्होंने अंचलाधिकारी को घटना की जानकारी देते हुए सरकारी प्रावधान के अनुसार मुआवजा दिलवाने का आग्रह किया। साथ ही मुखिया ने पीड़ित परिवार को हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया।

## छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण



केतार (आजाद सिपाही)। शुक्रवार को प्रखंड क्षेत्र के प्लस टू उच्च विद्यालय परसोडीह एवं पीएम श्री राजकीय मध्य विद्यालय केतार के छात्र छात्राओं के बीच सरकार के द्वारा दी जाने वाली साइकिल का वितरण किया गया। प्लस टू उच्च विद्यालय परसोडीह में वर्ग 8 वीं के 66 छात्र-छात्राओं के बीच प्रधानाध्यापक दीपक कुमार सिंह, अध्यक्ष देवकुमार ठाकुर, उपमुखिया सतेंद्र गुप्ता के द्वारा वितरण किया गया। वहीं पंचायत के मुखिया प्रमोद कुमार, अध्यक्ष संजय कुमार ठाकुर एवं प्रधानाध्यापक देवेंद्र कुमार के द्वारा पीएम श्री राजकीय मध्य विद्यालय केतार में 85 साइकिल का वितरण किया गया। छात्रों छात्राओं को साइकिल मिलने से विद्यालय आने जाने में सुविधा होगी। विद्यालय में इस दौरान सभी शिक्षक मौजूद थे।

## डीएवी लीलावचन पब्लिक स्कूल में छात्रों ने मनाया रक्षाबंधन



मेराल (आजाद सिपाही)। डीएवी लीलावचन पब्लिक स्कूल में छात्रों ने रक्षाबंधन का त्योहार मनाया। सभी छात्राओं ने सभी छात्रों को राखी बांधकर बहुत ही हर्षोत्साहित दिखीं। वहीं विद्यालय के निदेशक सुरेंद्र विश्वकर्मा ने कहा कि रक्षाबंधन का पर्व भारतीय संस्कृति में भाई-बहन के पवित्र प्रेम, एकता, स्नेह और सुरक्षा के भाव को सजीव करता है। यह त्योहार न केवल पारिवारिक रिश्तों को मजबूती देता है, बल्कि सामाजिक सौहार्द और आपसी सहयोग की भावना को भी बढ़ावा देता है। इस मौके पर शिक्षक शिक्षिकाओं में रिजवान अंसारी, शमा परवीन, बसंत कुमार, नागेंद्र प्रसाद ठाकुर, अनिता कुमारी, सूफिया नाहिद और कर्मचारी बलराम शाह, अंजू देवी उपस्थित थे।

## जीएन कॉन्वेंट स्कूल में संत तुलसीदास और मुंशी प्रेमचंद की जीवनी पर आधारित कार्यक्रम हुआ

गढ़वा (आजाद सिपाही)। स्थानीय जीएन कान्वेंट स्कूल में हिन्दी विभाग की ओर से महान साहित्यकार शिरोमणि संत तुलसीदास एवं कलम के सिपाही मुंशी प्रेमचंद की जीवनी और उनके रचनाओं पर आधारित कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के निदेशक सह शिक्षाविद मदन प्रसाद केशरी एवं उप प्राचार्य बसंत ठाकुर के द्वारा दीप प्रज्वलित कर एवं संत तुलसीदास और मुंशी प्रेमचंद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। निदेशक ने कहा कि तुलसीदास भक्ति काल की राम काव्यधारा के प्रतिनिधि कवि हैं। वे रामचरितमानस के जरिए भगवान राम की भक्ति को घर-घर तक पहुंचा है जहां तुलसी का साहित्य, भक्ति, भावना जागृत करता है। वह सामाजिक और लोकवादी दृष्टि मध्यकाल के अन्य कवियों से अधिक व्यापक और गहरी है। इस अवसर पर सीनियर विंग के छात्र छात्राओं के बीच भाषण प्रतियोगिता का कार्यक्रमकिया गया। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया।

# राशन नहीं मिलने पर लाभुकों ने जताया आक्रोश

आजाद सिपाही संवाददाता



रमना। रमना प्रखंड के भागोडीह पंचायत अंतर्गत चुंदी गांव के सैकड़ों उपभोक्ताओं ने डीलर दुकानदार लीलावती देवी के विरुद्ध जमकर आक्रोश जताया। इसके पूर्व बीडीओ सह एमओ को आवेदन देकर जुलाई माह का अंगूठा लगाकर राशन नहीं मिलने का आरोप लगाते हुए उचित करवाई करते हुए जल्द राशन उपलब्ध कराने की मांग की है। दिये गये आवेदन में राजेंद्र राम, प्रभु भुइयां, उपेंद्र राम, रामजी भुईयां, धनंजय साह, चांदसी साह, राम प्यारे साह, जितेंद्र साह, अनिल कुमार, बीरेंद्र साह, रमेश साह, लक्ष्मी साह, उदित प्रजापति, सकेंद्र भुईयां, रविंद्र भुईयां, एस कुमार प्रजापति, सरिता देवी, बैजनाथ साह, मंगल सिंह, अवधेश साह, मनोज साह, गीता देवी, मनोरमा, आशा, कबूतरी देवी आदि ने कहा कि डीलर दुकानदार लीलावती देवी जुलाई माह का अंगूठा लगाकर राशन नहीं दिया गया है। ग्रामीणों ने कहा कि एक माह पूर्व जिला उपायुक्त को आवेदन देकर जांच कर करवाई की मांग की थी। लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। जिसके बाद बीडीओ सह एमओ विकास पांडेय ने डीलर का दुकान जांच करने पहुंचे लेकिन दुकान बंद पाया गया। इधर आक्रोशित लाभुकों को डीलर दुकानदार पर कार्रवाई करने का आश्वासन के बाद उपभोक्ता शांत हुए। इस संबंध में विकास पांडे ने कहा कि अंगूठा लगाकर राशन नहीं देने का लिखित मामला सामने आया है जल्द ही जांच कर उचित करवाई की जायेगी।

# आरके पब्लिक स्कूल में रक्षाबंधन और सावन महोत्सव मनाया गया

आजाद सिपाही संवाददाता



गढ़वा। आरके पब्लिक स्कूल गढ़वा में भाई-बहन के प्रेम, रक्षा और विश्वास का प्रतीक रक्षाबंधन का पर्व और सावन महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल के निदेशक सह शिक्षाविद अलख नाथ पांडेय ने कहा कि रक्षा बंधन हमें न केवल अपनी बहनों बल्कि समस्त मातृ शक्ति का सम्मान करने की सीख देता है। राखी का त्यौहार प्रेम, सम्मान और ज़िम्मेदारी जैसे नैतिक मूल्यों को सिखाने का अवसर प्रदान करता है।

**इनका रहा योगदान :** कार्यक्रम को सफल बनाने में अनुप कुमार पांडेय, नंदलाल गुप्ता, गीता पांडेय, अभिलाषा, जागृति चौबे, रश्मि शुक्ला, श्वेता पांडेय, पूनम राय, नीतू सिंह का योगदान रहा।

**आरकेवीएस संस्थान में सावन महोत्सव :** उधर आरकेवीएस संस्थान (बीएड व डीएलएड कॉलेज) में रक्षाबंधन की पूर्व संध्या पर सावन महोत्सव का आयोजन किया, इसमें कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस अवसर पर निदेशक ने कहा कि सावन में मुरझाए हुए पौधे भी मुस्कुराते हैं। सावन में इस बार सबसे अधिक वर्षा देखने को मिला है। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ चंद्रदीप पांडेय, प्राध्यापक रितेश कुमार, रंजना कुमारी, आनंद मिश्रा, सतीश तिवारी, रोहित कुमार और सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में जूही, प्रीति, आंचलप्रिया, कश्मीरा, सूर्यवंशी, रेशमा आदि का योगदान सराहनीय रहा। मेंहदी प्रतियोगिता में पूजा को प्रथम, आंचल को द्वितीय और जूही को तृतीय पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया।

## आरके पब्लिक स्कूल मझिआंव में मना रक्षाबंधन



मझिआंव (आजाद सिपाही)। आरके पब्लिक स्कूल, उचरी, मझिआंव में एक विशेष सभा का आयोजन कर खुशी और उत्साह के साथ रक्षा बंधन मनाया गया। तिरंगा मेकिंग और राखी मेकिंग प्रतियोगिताएं आकर्षण का केंद्र थीं, जिसमें छात्रों ने अपनी रचनात्मकता और कल्पना का प्रदर्शन किया। विद्यालय के निदेशक अलख नाथ पांडेय ने अपने संदेश में सभी छात्रों और कर्मचारियों को रक्षाबंधन की बहुत-बहुत शुभकामनाएं दीं।

## डडई में पेट्रोल पंप पर लापरवाही, मशीन का निचला हिस्सा खुला



डंडई (आजाद सिपाही)। डंडई प्रखंड लवाही कला स्थित पेट्रोल पंप पर लापरवाही साफ तौर पर देखी जा सकती है। पंप की मशीन का निचला हिस्सा खुला है, जिससे भीतर के यांत्रिक पुर्जे और पाइपलाइन पूरी तरह उजागर हो गये हैं। पेट्रोल और डीजल जैसे अत्यधिक ज्वलनशील पदार्थों के बीच यह स्थिति किसी भी समय चिंगारी, शॉर्ट सर्किट या मामूली तकनीकी खराबी से बड़े हादसे में बदल सकती है। यह खतरा न केवल पंप कर्मचारियों, बल्कि ईंधन भराने आये ग्राहकों की सुरक्षा के लिए भी गंभीर है। चिंताजनक बात यह है कि इस स्पष्ट लापरवाही पर स्थानीय प्रशासन की नजर तक नहीं पड़ रही है।

# कांडी में विजया स्वीट्स की जांच के बाद कारोबारियों में हड़कंप

**दोषी पाये जाने पर किसी भी परिस्थिति में बक्शा नहीं जायेगा : बीडीओ**

आजाद सिपाही संवाददाता



कांडी। प्रखंड मुख्यालय स्थित हीरो शोरूम के सामने स्थित विजया स्वीट्स प्रतिष्ठान में शुक्रवार को बीडीओ राकेश सहाय एवं कांडी प्रभारी थाना प्रभारी विद्यासागर के नेतृत्व में जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान पाया गया कि दुकान में बड़े पैमाने पर रसगुल्ला, खोवा, पेड़ा और मिल्क केक तैयार कर आसपास के कई दुकानदारों को आपूर्ति की जाती है। बीडीओ ने मौके पर सभी मिठाइयों के नमूने एकत्र कर सील किया और बताया कि इन नमूनों को खाद्य रसायन प्रयोगशाला, गढ़वा या सक्षम पदाधिकारी के पास जांच के लिए भेजा जायेगा। श्रावण मास की पूर्णिमा के अवसर पर कांडी बाजार और आसपास के इलाकों में मिठाइयों की खरीदारी के लिए भारी भीड़ देखी गयी। विदित है कि कांडी के कई होटलों और दुकानों में मिठाइयों की बिक्री होती है, लेकिन उनकी गुणवत्ता को लेकर कोई ठोस प्रमाण नहीं है।

इस संबंध में बीडीओ राकेश सहाय ने कहा कि स्थानीय लोगों की शिकायत पर यह कार्रवाई की गयी, दोषी पाये जाने पर किसी भी परिस्थिति में दोषियों को बक्सा नहीं जायेगा। नमूना जांच के बाद ही मिठाइयों की वास्तविक गुणवत्ता का पता चलेगा और उसी आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी। जांच के दौरान कल्याण पदाधिकारी शाहिद अंसारी, प्रखंड समन्वयक पंचायती राज उमंग पांडे, कांडी पंचायत के मुखिया विजय राम सहित कई जनप्रतिनिधि और स्थानीय लोग मौजूद रहे।


झारखण्ड सरकार
श्रम नियोजन, प्रशिक्षण एंव कौशल विकास विमाग
जिला नियोजनालय, लातेहार

पी0 एम0 नेशनल अप्रेंटिसशिप मेला अगस्त 2025 से संबंधित सूचना

निदेशालय पत्रांक :1098 दिनांक: 07.08.2025 के अनुपालन में प्रधानमंत्री अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन दिनांक: 18.08.2025 (सोमवार) को B.S Degree College Latehar परिसर में आयोजित किया जा रहा है।

अतः लातेहार जिला के 5वीं/10वीं/इन्टर/स्नातक/आई0टी0आई0 तथा उच्चतर प्रशिक्षणार्थियों एंव लातेहार जिला अवस्थित सभी औद्योगिक इकाईयों से अनुरोध है कि www.Apprenticeshipindia.gov.in पर apprenticeship mela page पर जाकर Trainees/Establishment में अपना – अपना रजिस्ट्रेशन करते हुए दिनांक: 18.08.2025 (सोमवार) को पूर्वाह्न 9:00 AM बजे B.S Degree College Latehar में आयोजित मेला में भाग लेकर हमें अनुग्रहित करें।

ह/0
प्राभारी प्राचार्य,
महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान
लातेहार

PR 359261 (Labour Employment and Traning)25-26*D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार।
अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना।
(अनाबद्ध मद)
संख्या – EE/RDSD/LATEHAR/17/2025-26

1.कार्य की विस्तृत विवरणी:

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड बरवाडीह में अनुसूचित जनजाति आवासीय बालक मध्य विद्यालय हेंदेहास में मेन रोड़ से विद्यालय भवन तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 4449700 | 89000 | 5000 | 2 माह |
| 2 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड महुआडांड़ पंचायत अम्बाटोली ग्राम बरटोली में आर0सी0डी0 रोड़ से चर्च होते हुए कब्रिस्तान तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 3454300 | 69500 | 5000 | 2 माह |
| 3 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड बालुमाथ अन्तर्गत पकरीया मोड़ से पाण्डे टोला होते हुए प्राथमिक विद्यालय चेताग तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 3203900 | 64500 | 5000 | 2 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 11.08.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 11.08.2025 से दिनांक 18.08.2025 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –20.08.2025 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06565796434
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
लातेहार।

PR 359214 Rural Development(25-26)D

## बिरसा चिल्ड्रेन एकेडमी बुंडू में राखी बनाओ कार्यक्रम





बुंडू (आजाद सिपाही)। रक्षा बंधन के शुभ अवसर पर बिरसा चिल्ड्रेन एकेडमी बुंडू में राखी बनाओ कार्यक्रम रखा गया, जिसमें स्कूल के सभी बच्चों ने बड़े उत्साह से बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया एवं आकर्षक राखियां बनायें। छोटे बच्चे बच्चियों ने आकर्षक राखी का ड्रॉइंग बनाया। स्कूल के शिक्षकों ने बच्चों को रक्षा बंधन त्यौहार का महत्व के बारे बताया एवं प्रोत्साहित किया।

## राखी मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन




बुंडू (आजाद सिपाही)। बिरसा मुंडा डीएवी आवासीय विद्यालय, बुंडू में शुक्रवार को एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर छात्रों ने अपने नृत्य और भाषणों में आदिवासी संस्कृति, परंपराओं और उनके योगदान को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। इस अवसर पर प्राचार्य आकाश कुमार सिन्हा ने अपने प्रेरणादायक भाषण में आदिवासी समुदाय के इतिहास, उनकी वीरता और सांस्कृतिक विरासत की महत्ता पर जोर दिया। इस दिन विद्यालय में कला-शिक्षक अजीत कुमार शर्मा के निर्देशन में राखी मेकिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में नीरज कुमार मिश्र, बिट्टू जायसवाल इत्यादि शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## मोहन नगर में कंप्यूटर सेंटर का उद्घाटन



खलारी (आजाद सिपाही)। मोहन नगर में एजुकेशन फॉर ऑल कंप्यूटर सेंटर का उद्घाटन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित समाजसेवी कृष्ण चौहान, अशर्फी राम, विधायक प्रतिनिधि रमेश चौहान ने संयुक्त रूप से फीता काटकर इस केंद्र का उद्घाटन किया। सेंट्रल संचालक के द्वारा मुख्य अतिथि का अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कृष्ण चौहान ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले संस्था के द्वारा बच्चों को कंप्यूटर की शिक्षा देने का प्रयास काफी सराहनीय है। वहीं संस्था के संचालक जितेंद्र चौहान ने बताया कि यहां पर बच्चों को कंप्यूटर से जुड़ी सभी तरह की बेसिक जानकारी उपलब्ध कराई जायेगी। इस मौके पर काफी संख्या में अभिभावक और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## झामुमो ने शहीद निर्मल महतो को दी श्रद्धांजलि



ईचागढ़ (आजाद सिपाही)। झामुमो ईचागढ़ प्रखंड कमिटी द्वारा शुक्रवार को टीकर पारगाना चौक पर झारखंड के वीर सपूत, प्रेरणा-स्त्रोत, महान आंदोलनकारी शहीद निर्मल महतो के बलिदान दिवस पर, माल्यार्पण कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित किये। इस अवसर पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष निताई उरांव, सचिव अमित कुमार सिन्हा, उपाध्यक्ष अघोर महतो, नरेन गोप, मधू गोप, मधू घोष, स्वपन आदित्यदेव, प्रताप महतो, विभुति महतो, गणपति कैवर्त, अशोक महतो, कालाचंद धीवर, बुद्धेश्वर उरांव, दीपक राय, गुहिराम गोप आदि झामुमो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## अत्यधिक हो रही भारी बारिश से कई घर ध्वस्त



ईचागढ़ (आजाद सिपाही)। ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र में रिकार्ड तोड़ भारी बारिश से जहां जनजीवन अस्त-व्यस्त है, वहीं गरीबों की आशियाना भी भारी बारिश से धंस रहा है। वहीं भारी बारिश से ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के सालुकडीह गांव में अनीता देवी का घर ध्वस्त हो गया। वहीं डुमरा गांव के ठाकुर दास प्रामाणिक का घर भी पुरी तरह ध्वस्त हो गया। परिजनों को रहने का घर तक नही है। परिजन किसी तरह घर से भागकर अपनी जान बचायी। भुक्तभोगियों ने जल्द से जल्द मुआवजा देने का मांग किया है।

## शहीद क्रांतिवीर चौक में डुमरी विधायक का स्वागत



बुंडू (आजाद सिपाही)। शहीद निर्मल महतो के शहादत दिवस पर भारत माता चौक एवं मजदूर सेवा संगठन के द्वारा शहीद क्रांतिवीर चौक में डुमरी विधायक जयराम महतो देवेंद्र नाथ महतो का फूलों से स्वागत कर स्मारक फ्रेम प्रदान करते हुए शहीद क्रांतिवीर भगत सिंह राजगुरु सुखदेव सहित निर्मल महतो एवं शिबू सोरेन के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। मौके पर संगठन के अध्यक्ष ठाकुर जीतमोहन प्रमाणिक, दिवाकर प्रजापति नवीन जायसवाल सुनील गोराई, गुड्डू भोक्ता अनिल मुंडा, अमित रोनित नायक, मिठू नायक, विक्रम सोनार अर्जुन सेठ अमन भगत विक्रांत शोभा शर्मा, मदन महतो तथा नवयुवक संघ, अंबेडकर क्लब के साथी उपस्थित हुए।

## जनकल्याण शिविर का आयोजन



सिल्ली (आजाद सिपाही)। पतराहातु पंचायत सचिवालय में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के पतराहातु शाखा की ओर से जन कल्याण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें शाखा प्रबंधक मनीष कुमार ने प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, जन धन खाता खोलने तथा साथ ही केवाईसी को लेकर लोगों को विस्तार से जानकारी दी। वहीं उन्होंने लोगों को सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं से जुड़ने की अपील की। इस मौके पर पतराहातु पंचायत के मुखिया सुनीता देवी, प्रदीप मांझी, बलराम महतो, सोनू देवी, गजेंद्र महतो, सुधाकर साहू, भीमसेन महतो, रविन्द्र हजाम, भावेश्वर महतो, गौतम कुमार महतो बैंक कर्मी एवं सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## सलगाडीह में विश्व आदिवासी दिवस को लेकर बैठक

तमाड़ (आजाद सिपाही)। सलगाडीह में विश्व आदिवासी दिवस कार्यक्रम की तैयारी को लेकर बैठक किया गया। जानकारी हो कि 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस कार्यक्रम आदिवासी समुदाय द्वारा भारत ही नहीं, अपितु पूरे विश्व में आदिवासी दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं। बैठक की अध्यक्षता ग्राम प्रधान पूर्णचंद्र मुंडा ने किया। बैठक में अनुप कुमार मुंडा, समाज सेवी सह अवकाश प्राप्त सैनिक पूर्णचंद्र मुंडा, उदरकांत मुंडा, सोमरा, हरि सिंह, मदन सहित कई सामाजिक कार्यकर्ता शामिल थे। पंचपरगना आदिवासी समाज के कार्यकर्ताओं द्वारा कल के विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर समस्त आदिवासी समाज के लोगों को कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया है।

### जाड़ेया मोड़ में जयराम महतो ने शहीद निर्मल महतो की प्रतिमा का अनावरण किया, कहा

# जब तक झारखंड रहेगा, शहीद निर्मल महतो का नाम अमर रहेगा

### झारखंड अलग आंदोलन में शहीद निर्मल महतो का अहम योगदान : देवेंद्रनाथ महतो

आजाद सिपाही संवाददाता



**सोनाहातू।** झारखंड अलग आंदोलन के महानायक शहीद निर्मल महतो का 38वां शहादत दिवस आज पूरे प्रदेश में मनाया गया। 'झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा' के द्वारा विशाल बाइक रैली सह आदमकद प्रतिमा अनावरण किया गया। भीषण बारिश के बाद भी लोगों के काफी भीड़ देखने को मिली। बरसात से भींगते हुए कार्यक्रम में लोग डटे रहे। सोनाहातू जाड़ेया मोड़ में सांस्कृत गीत-संगीत के साथ विधिवत तरीके से प्रतिमा का अनावरण डुमरी विधायक जयराम कुमार महतो, देवेंद्रनाथ महतो एवं भूमि दाता करम सिंह महतो द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। संगठन पदाधिकारीयों द्वारा विशाल बाइक रैली झारखंड मेला मैदान सोनाहातु से प्रारंभ कर पुराना ब्लॉक ऑफिस, थाना मैदान, जामुदाग मोड एवं तेलवारी मोड़ होते हुए कार्यक्रम स्थल जाडेया मोड़ पहुंचे। बाइक रैली में वाहनों की भारी काफिला होने से ट्रैफिक स्थिति के नियंत्रण में पुलिस प्रशासन लगातार बने रहे।

प्रतिमा अनावरण के उपरांत श्रद्धांजलि संबोधन में टाईगर जयराम महतो ने कहा कि जिस तरह से देश की आजादी में भगत सिंह की कुबार्नी को भुलाया नहीं जा सकता है। ठीक उसी तरह से झारखंड अलग आंदोलन में शहीद निर्मल महतो का शहादत अमिट है। निर्मल महतो के कथनानुसार आज सदन में सवाल पूछने पर सरकार को तकलीफे हो रही है। सरकार जवाब देने की जिम्मेदारी से पीछे हट रहे हैं।

वहीं संगठन के केंद्रीय वरीय उपाध्यक्ष देवेंद्रनाथ महतो ने कहा कि शहीदों की कभी मृत्यु नहीं होती है उनके सोच व विचार हमेशा लोगों के बीच में जीवित रहता है। शहीद निर्मल महतो जी के नक्शे कदम पर आज हम हर अन्याय व क्षेत्रीय अधिकार के लिए लगातार संघर्षरत हैं।

इस कार्यक्रम के दौरान फुलेश्वर बैठा, दमयंती मुंडा, मनोज यादव, गुना भगत, बिहारी महतो, विनोद स्वांसी, समुद्र पाहन, लीलावती देवी पंचम एक्का, आलोक उरांव, लीलावती देवी, जलेश्वर मार्शल, राजू महतो, चंदन रजक आदि कई वरीय पदाधिकारी व हजारों की भीड़ रही।

## सांसद के आवासीय कार्यालय में शिबू सोरेन को दी गयी श्रद्धांजलि



आजाद सिपसही संवाददाता

**खूंटी।** सांसद कालीचरण मुंडा के आवासीय कार्यालय में शुक्रवार को खूंटी जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रवि मिश्रा की अध्यक्षता में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर झारखंड के प्रेरणास्त्रोत और राज्य गठन में अहम भूमिका निभाने वाले ट्राइबल टाइगर दिशुम गुरु शिबू सोरेन को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गयी। जिले के सभी प्रखंडों में भी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गुरुजी को श्रद्धांजिल अर्पित की। मौके पर जिला अध्यक्ष रवि मिश्रा ने कहा जिस तरह शिबू सोरेन ने झारखंड राज्य के लिए आंदोलन किया और अलग झारखंड राज्य को आगे बढ़ाने के लिए प्रयास किया, हम उसी के नक्शे कदम पर चलकर झारखंड को देश का नम्बर एक राज्य बनाने की आवश्यकता है। मौके पर प्रदेश सचिव पीटर मुंडू, प्रदेश सहकारिता प्रकोष्ठ के महासचिव नाईमुद्दीन खां, आदिवासी कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष विलसन तोपनो, महिला कांग्रेस अध्यक्ष सुनीता गोप, जिला प्रवक्ता रविकांत मिश्रा, पांडेय मुंडा, इंदु आदि उपस्थित थे।

## शिबू सोरेन और पत्रकार मुजफ्फर को दी गयी श्रद्धांजलि



खूंटी (आजाद सिपाही)। श्योर सक्सेस कोचिंग सेंटर मुरहू में दिशोम गुरु शिबू सोरेन और खूंटी कें पत्रकार मुजफ्फर हुसैन को शुक्रवार को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। मौके पर उपस्थित छात्रों ने भी गुरुजी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में खूंटी के पत्रकार मुजफ्फर हुसैन प्रिंस को भी श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया और उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए सामूहिक प्रार्थना की गयी। संस्थान के निदेशक सकलदीप भगत ने कहा कि गुरुजी दीन-दुखियों की आवाज थे। उनका संपूर्ण जीवन समाज सेवा और राज्य और राष्ट्र सेवा के लिए समर्पित रहा।

## उपायुक्त ने किया आकांक्षा हाट का निरीक्षण, दिये निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** नीति आयोग, भारत द्वारा संचालित आकांक्षी जिला एवं प्रखंड कार्यक्रम के तहत आयोजित तीन दिवसीय आकांक्षा हाट के दूसरे दिन शुक्रवार को उपायुक्त आर रॉनिटा ने कचहरी मैदान स्थित कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर विभिन्न स्टॉलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने हाट के समुचित संचालन एवं व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के लिए जिला योजना पदाधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने स्टॉल पर मौजूद प्रतिभागियों से संवाद कर उनके उत्पादों एवं प्रस्तुत सामग्रियों की जानकारी ली। इस अवसर पर जेएसएलपीएस खूंटी, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, कालामाटी, नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय, बिरहू, बालिका उच्च विद्यालय खूंटी, संत माइकल स्कूल, आईसीडीएस विभाग, वन विभाग सहित अन्य संस्थाओं एवं विभागों द्वारा लगाठ गई हस्तशिल्प, पेंटिंग, नर्सरी, पोषाहार, फर्नीचर एवं अन्य स्थानीय उत्पादों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उपायुक्त ने प्रतिभागियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से स्थानीय प्रतिभाओं को मंच मिलता है और स्वरोजगार को बढ़ावा मिलता है। पुलिस विभाग की ओर से गुड पुलिसिंग, हेल्पलाइन नंबर, महिला सुरक्षा, साइबर सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गयी। पशुपालन विभाग के पदाधिकारी ने पशुपालन विभाग की ओर से संचालित योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गयी।

## विहिप-दुर्गा वाहिनी ने तोरपा में मनाया राखी का त्योहार



खूंटी (आजाद सिपाही)। विश्व हिंदू परिषद, मातृशक्ति और दुर्गा वाहिनी के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को तोरपा में रक्षाबंधन का त्योहार मनाया। कार्यकर्ताओं ने लोकसेवा के लिए दिन-रात लगे रहनेवाले प्रशासनिक अधिकारीयों, पुलिस के जवानों और स्वास्थ्यकर्मियों को राखी बांधकर मिठाई खिलायी। तोरपा के प्रखंड विकास पद्धाधिकारी नवीन चंद्र झा ने राखी बंधवा कर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से समाज के लिए अच्छा संदेश जाता है। कार्यक्रम के तहत जिला परिषद मसीह गुडिया, प्रमुख रोहित सुरीन को भी राखी बांधी गयी। रेफरल अस्पताल में विजय शेखर, सरवर इकबाल और अन्य कर्मियों को राखी बांधी गयी। कार्यक्रम में मुख्य रुप से विश्व हिंद परिषद के प्रखंड अध्यक्ष और जिला सह मंत्री एमपी सिंह बजरंग दल सह संयोजक ऋषभ षाडंगी, मातृशक्ति संयोजिका सीमादेवी, देवंती देवी, रीना देवी, अमृता देवी, पिंकी देवी, श्रुतिका रानी आदि कार्यक्रम में शामिल थे।

## गोपाल भेंगरा मेमोरियल हॉकी प्रतियोगिता आज

खूंटी (आजाद सिपाही)। झारखंड के महान हॉकी खिलाड़ी गोपाल भेंगरा के पैतृक गांव तोरपा प्रखंड के उयूर के खेल मैदान में नौ अगस्त को स्व गोपाल भंगरा मेमोरियल हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। प्रतियोगिता सुबह दस से शुरू होगी। यह जानकारी देते हुए हॉकी कोच दशरथ महतो ने बताया कि इस बार सिर्फ बालक वर्ग की प्रतियोगिता होगी। उन्होंने बताया कि मौसू को देखते हुए इस बार प्रतियोगिता का आयोजन सिर्फ एक दिन होगा। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में ग्रामीण इलाकें के हॉकी खिलाड़ी भाग लेंगे। विजेता टीम को गोपाल भेंगरा मेंमोरियल कप प्रदान किया जायेगा।

## पिपरवार में निजी वाहन चालकों की हड़ताल शुरू

### पिपरवार जीएम ऑफिस के समक्ष वाहन चालकों ने दिया धरना

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के अर्न्तगत आने वाले विभिन्न परियोजना मे वाहन चलाने वाले प्राईवेट वाहन चालकों का चक्काजाम हड़ताल शुक्रवार से शुरू हो गया है। दस सूत्री मांगों को लेकर प्राईवेट वाहन चालक जनता मजदूर संघ के बैनर तले हड़ताल पर चले गये हैं। इस दौरान स्थानीय प्राइवेट वाहन चालकों ने शुक्रवार को पिपरवार जीएम ऑफिस के समक्ष सांकेतिक रूप से शांतिपूर्ण माहौल में धरना प्रदर्शन किया। जिसमें जनता मजदूर संघ एनके पिपरवार के कई पदाधिकारी सहित स्थानीय प्राईवेट वाहन चालक शामिल हुए। इस दौरान वाहन चालकों ने जमकर नारेबाजी भी की। इस संबंध मे जनता मजदूर संघ के प्रतिनिधियों ने बताया कि पिपरवार क्षेत्र के विभिन्न परियोजना में वाहन चलाने वाले स्थानीय प्राइवेट वाहन चालको के न्यूनतम मजदूरी सहित 10 सूत्री मांग पत्र 21 जुलाई को जनता मजदूर संघ के बैनर तले स्थानीय सीसीएल प्रबंधन को दिया जा चुका है। वाहन चालकों की मांगों को पूरा करने के लिए अब जनता मजदूर संघ ने आंदोलन का बिगुल फूंक दिया है। यदि इसके बाद भी मांगों को पूरा नहीं किया गया तो जनता मजदूर संघ के बैनर तले सभी प्राइवेट वाहन चालक उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगे। इस मौके पर जनता मजदूर संघ के सीसीएल अध्यक्ष कमलेश कुमार सिंह, सीसीएल सेफ्टी बोर्ड के सदस्य रविंद्रनाथ सिंह, धीरेंद्र प्रताप सिंह, गोल्डन प्रसाद यादव, निर्मल सिंह, प्रताप यादव, रामचंद्र साव, रवि प्रकाश सिंह, बबलु कुमार, दशरथ लोहार, मो रिंकू, इसराफिल, सुनील महतो, महेश महतो, अशोक, प्रवीण, निखिल, राहुल सहित कई लोग मौजूद थे।

## लिटिल विंग्स स्कूल मैकलुस्कीगंज में बच्चों ने मनाया रक्षाबंधन



मैक्लुस्कीगंज (आजाद सिपाही)। मैकलुस्कीगंज स्थित लिटिल विंग्स स्कूल में रक्षा बंधन त्योहार मनाया गया। स्कूल के डायरेक्टर ऋषि कुमार ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत किया। स्नेह और सौहार्द के एक हृदयस्पर्शी प्रदर्शन में, नन्हे-मुन्ने छात्रों ने अपने सहपाठियों की कलाईयों पर राखी बांधी। इस गतिविधि को सफल बनाने में विद्यालय के निदेशक ऋषि कुमार, सभी शिक्षिकाएं मोहिनी गिरि, हेमंती देवी, नमिता कुमारी, किशोरी खेस, नैना, अंशु, सोनी, सायना और अमरीन परवीन ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## सरना एकेडमी में राखी प्रतियोगिता का आयोजन



खलारी (आजाद सिपाही)। सरना एकेडमी कुसुम टोला में शुक्रवार को विद्यार्थियों के लिए राखी निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों में रचनात्मकता, हस्तकला कौशल तथा भारतीय त्योहारों की परंपरा के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देना था। प्रतियोगिता में कक्षा एक से दसवी तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यार्थियों ने रंग-बिरंगे धागों, मोतियों, सितारों, चमकदार कागज और अन्य सजावटी सामग्री की मदद से सुंदर-सुंदर राखियां बनाईं। विद्यालय के निदेशक महेंद्र उरांव, प्रधानाचार्य गोपाल सिंह और उप प्रधानाचार्य ओम प्रकाश गुप्ता ने संयुक्त रूप से बच्चों के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति से जुड़ाव और सृजनात्मकता को प्रोत्साहित करती हैं। इस मौके स्कूल के शिक्षक रोहित साहू, सुरेंद्र चौहान, बलबीर यादव, आजाद सर, रतन सिंह, रोस्टी मिंज, अनुष्का, सुनीता, संगीता, सगुता परवीन और स्कूल के सभी बच्चे मौजूद रहे।

## न्यू उदयन पब्लिक स्कूल में राखी बनाओ और मेहंदी रचाओ प्रतियोगिता



पिपरवार (आजाद सिपाही)। न्यू उदयन पब्लिक स्कुल कल्याणपुर में रक्षाबंधन की पूर्व संध्या पर शुक्रवार को राखी बनाओ एवं मेहंदी रचाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा नर्सरी से कक्षा दसवीं तक के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया जिसमें सुंदर सुंदर अनोखी राखियां बनायी गयी। साथ में मेहंदी के भी अलग अलग डिजाइन बनाकर बेहतर प्रस्तुति दी गयी। वहीं स्कूल प्रबंधक रेहाना प्रवीण ने कहा कि इस तरह के प्रतियोगिता होने से बच्चो में मनोबल बढ़ता है। मौके पर मोहम्मद साहिल, मोख्तार आलम, गौरव कुमार, अनुप, साजिया प्रवीण, पिंटू, रवि, मो सुफियान, सुषमा टोप्पो सहित बच्चे मौजूद थे।

## भाड़ा बढ़ोतरी में सहयोग को लेकर प्रशासन को दिया गया पत्र



खलारी (आजाद सिपाही)। चूरी परियोजना से चलने वाले ट्रैकों का भाड़ा बढ़ोतरी के निर्णय के बाद ग्रामीण, विस्थापित और ट्रक मालिकों ने प्रशासन को पत्र सौंप कर सहयोग करने की मांग की है। 2 दिन पूर्व ही ट्रैकों का भाड़ा बढ़ोतरी पर सहमति मिलने के बाद इसे पूर्ण रूप से लागू करने को लेकर प्रशासन से सहयोग मांगा गया है। प्रशासन के प्रबंधन को भी पत्र दिया गया है। पत्र दिए जाने के मौके पर अब्दुल्ला अंसारी, सुनील सिंह, सोनू पांडे, अशोक महतो, रामप्रताप सिंह, सतीश चौबे, सचिन बनर्जी समेत कई लोग मौजूद थे।

## केशव महतो कमलेश का समाजसेवी ने किया स्वागत



बुंडू (आजाद सिपाही)। बुंडू के समाजसेवी रोशन महतो के आवासीय रेस्टोरेंट शिव शक्ति पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप कुमार बालमुचू का आगमन हुआ, जहां रोशन ने शिष्टाचार मुलाकात की और उनका स्वागत किया।

## सड़क दुर्घटना में दो युवकों की मौत

खूंटी (आजाद सिपाही)। खूंटी जिले में सड़क हादसे थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। शुक्रवार को भी सड़क दुर्घटना में दो युवकों की मौत हो गयी। खूंटी थाना क्षेत्र के खूंटी-तोरपा मुख्य मार्ग पर प्रेमनगर के पास शुक्रवार शाम करीब सात बजे हुए सड़क हादसे में मुरहू प्रखंड के दो युवकों की मौत हो गयी। मृतकों की पहचान कुदाडीह गांव निवासी नेता मुंडू (18) और हेठगोवा गांव निवासी मोगो मुंडू (19) के रूप में हुई है। दोनों अपनी आरएस-200 बाइक से पेलौल से खूंटी की ओर आ रहे थे। प्रेम नगर के पास विपरीत दिशा से आ रहे एक अज्ञात वाहने ने बाइक को जोरदार ठोकर मार दी। इससे दोनों की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से दोनो को केएस गंगा अस्पताल ले गये, पर चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

**JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LIMITED**
**(CIN No.:U40108JH2013SGC001704)**
**Regd. Office: 2nd Floor, JUSNL (SLDC) Building Kusai Colony, Doranda, Ranchi - 834002**
**(E-mail:cetjusnl@gmail.com)**

**e-TENDER NOTICE**

**NIT No. –318/PR/ JUSNL/ 2025-26**

E-tender in two parts i.e. Technical (Part-I) and Financial (Part – II) is invited from reputed, capable, experienced and financially sound firm for the following works : -

| | |
|---|---|
| Name of work | Deployment of surveyor to carry out detailed survey of transmission line infringing at different locations of under construction NH 143D from Ch. 59.300 to Ch. 149.500 and NH 43 in between Ch. 0+000 to Ch. 32.370 |
| Estimated cost (Rs.) | Rs. 18,88,109.00 (including GST) |
| Earnest Money Deposit | Rs. 37,800.00 on line mode |
| Completion Period | 45 Days |
| e-Tender fee | Rs. 5,000.00 + 18% GST On line mode. |
| Start Date & Time of Download the Tender Documents | 12.08.2025 at 11:00 AM |
| Start Date and time of upload of BID | 12.08.2025 at 11:00 AM |
| End date and time of upload of BID | 01.09.2025 upto 04:00 PM |
| BID Opening date for technical part | 02.09.2025 at 04:00 PM |
| BID Opening date for price part | Will be communicated |
| Procurement Officer and address for communication | General Manager, C&M (NWBP), 2nd Floor, JUSNL (SLDC) Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi – 834002 |

1. e-Tender document and BOQ including terms & conditions, tender specification can be downloaded from website https://jharkhandtenders.gov.in. Any details required in this regard can also be had from the office of the undersigned **(6202162568)** during office hours.
2. The bids will be received through electronic tendering mode only.
3. No claim shall be entertained on account of disruption of internet services being used by bidders. Bidders are advised to upload their bids well in advance to avoid last minute technical snag.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनीशिकयतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
**General Manager C&M (NWBP)**

**PR 359264 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd(25-26).D**

# झारखंड अलग राज्य बनते ही निर्मल महतो के योगदान को भुला दिया गया: सुदेश महतो

## कहा- हमें उनके आदर्श एवं सिद्धांत को अपने जीवन में आत्मसात करने की जरूरत

आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** गोंदलीपोखर चौक में शुक्रवार को शहीद निर्मल महतो का शहादत दिवस मनाया गया। इसमें शामिल भाजपा, आजसू, झारखंड कुरमी महासभा, कुरमी विकास मोर्चा सहित अन्य राजनीतिक एवं सामाजिक संगठन के लोगों ने शहीद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इससे पहले सुबह भाजपा एवं आजसू कार्यकर्ताओं ने प्रतिमा स्थल की साफ-सफाई की। इसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व उप मुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो शामिल हुए। उन्होंने शहीद निर्मल महतो की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। उन्होंने कहा कि निर्मल महतो ने झारखंड आंदोलन के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। लेकिन झारखंड बनने के बाद इनके योगदान को भुला दिया गया। हमें इनके आदर्श एवं सिद्धांत को अपने जीवन में आत्मसात करने की जरूरत है। वहीं, पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, पूर्व विधायक लंबोदर महतो, जिप अध्यक्ष निर्मला भगत, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष जैलेंद्र कुमार, सुरेन्द्र महतो, मनोज कुमार चौधरी, आजसू के प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत आदि ने भी शहीद निर्मल महतो के झारखंड अलग राज्य के लिए शुरू किए गए आंदोलन एवं कुर्बानी को याद किया। इस मौके पर पारसनाथ उरांव, रोशनलाल मुंडा, रामसाय मुंडा, नीलकंठ चौधरी, आतिश महतो, जलनाथ चौधरी, जगन्नाथ महतो, वीरेंद्र भोक्ता, रामनाथ महतो, राजेंद्र मुंडा, राजू नायक, नरेश साहू, ज्योतिष महतो, करीनाथ महतो, पंकज महतो, जितेन्द्र सिंह, सिकंदर अंसारी, शिवलाल महतो, राजेश सिंह, धर्मेन्द्र सिंह, चामु महतो आदि उपस्थित थे। इधर, कांग्रेस, झामुमो एवं जेएलकेएम के कार्यकर्ताओं ने भी शहीद निर्मल महतो की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।



शहीद निर्मल महतो की प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद संबोधित करते सुदेश महतो।

## सांप के काटने से बच्चे की हुई मौत

अनगड़ा (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के बाहया गांव में शुक्रवार की सुबह जहरीले सांप के काटने से नौ साल के बच्चे की मौत हो गयी। उसकी पहचान ज्ञानसन मुंडा के रूप में हुई है। वह बाहया के संत फ्रांसिस स्कूल के कक्षा तीसरा का छात्र था। जानकारी के मुताबिक ज्ञानसन अपने पिता चरकू मुंडा के साथ घर में जमीन पर सोया था। तड़के तीन बजे उसके बायां कान में जहरीले सांप ने काट लिया। उसके बाद तुरंत ज्ञानसन ने इसकी जानकारी पिता को दी। पर उसे अगल बगल कहीं सांप नहीं दिखा। पिता को लगा किसी चूहे ने काटा होगा। हालांकि कुछ देर होने के बाद जब बच्चे की तबीयत बिगड़ने लगी तो उसे इलाज के लिए रिम्स अस्पताल ले गये। पर वहां उसका इलाज नहीं हो पाया। बाद में पिता सदर अस्पताल ले जाने लगे पर बीच रास्ते में ही ज्ञानसन ने दम तोड़ दिया।

## सड़क दुर्घटना में ट्रक चालक की मौत

नामकुम (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के ब्यांगडीह में गुरुवार की देर रात सड़क दुघर्टना में ट्रक मालिक सह चालक मनोज कुमार साह (38) की मौत हो गई। वह मूल रुप से बिहार के भोजपुर सिकरहट्टा का रहने वाला था। जानकारी के अनुसार वह आटा लदा ट्रक लेकर जा रहा था। इस दौरान ब्यांगडीह में ट्रक खड़ी कर टायर चेक कर रहा था। वहीं एक टर्बो ने ट्रक को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी, जिससे मौके पर उसकी मौत हो गई। टर्बो का आगे का हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। इधर, घटना के बाद टर्बो के चालक फरार हो गया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया है। वहीं नामकुम पुलिस दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को जब्त कर थाना ले आई है।

## मारपीट में घायल वृद्ध की हुई मौत

नामकुम (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के रामपुर ठाकुर टोली में मवेशी की रस्सी को लेकर हुए विवाद में दो लोगों के बीच मारपीट हो गयी थी। इसमें घायल एतवा मुंडा (60) नामक वृद्ध की इलाज के दौरान मौत हो गई। इस मामले में मृतक के बेटे ने विनोद टोप्पो पर हत्या की प्राथमिकी दर्ज कराई है। जानकारी के अनुसार विनोद के मवेशी को बांधने वाली रस्सी चोरी हो गई थी। उसने शक के आधार पर एतवा को कई बार टोका जब एतवा ने जबाव नहीं दिया तो गुस्से में विनोद ने मवेशी हांकने वाले डंडे से सिर पर मार दिया, जिससे एतवा बेहोश हो गया। परिजन उसे इलाज के लिए रिम्स अस्पताल में भर्ती कराया जहां इलाज के दौरान शुक्रवार को उसकी मौत हो गई।

## मैत्री फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन



अनगड़ा (आजाद सिपाही)। सिविल सोसायटी अनगड़ा के तत्वावधान में शुक्रवार को लुपुंग खेल स्टेडियम में मैत्री फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें सिविल सोसायटी के विंटेज खिलाड़ियों सहित अन्य खेल प्रेमियों ने भाग लिया और शानदार खेल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में मुख्य रूप से जलनाथ चौधरी, आतिश महतो, रोशनलाल मुंडा, रामसाय मुंडा, संजय नायक, शिवलाल महतो, रामनाथ महतो, नरेश साहू, मनोज कुमार चौधरी, राजेंद्र मुंडा, डॉ दिनेश कुमार, संजय महतो, अगमलाल महतो आदि ने भाग लिया।

## महादानी मंदिर में 24 घंटे का अखंड हरि कीर्तन

बेड़ो (आजाद सिपाही)। महादानी मंदिर में सावन माह के अंतिम सावन पूर्णिमा के अवसर पर शुक्रवार को श्री महादानी सेवा सत्संग समिति के तत्वाधान में 24 घंटे का अखंड हरिकीर्तन सह भव्य भंडारा का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ पुजारी नित्यानंद पाठक ने वैदिक मंत्रोचार के बीच गौरी गणेश पूजन, पंचदेवता नवग्रह देवता, क्षेत्रपाल, दस दिक्पाल, वास्तु पूजन, सर्वतो भद्र मंडल पूजन, सत्यनारायण पूजन के साथ किया। महादानी मंदिर के पुजारी मेघनाथ गिरी ने बताया कि रात आठ बजे भगवान भोलेनाथ का भव्य श्रृंगार कर महाआरती के बाद भोग लगाया जाएगा। इसके बाद भंडारे का वितरण होगा। बताया कि अखंड हरिकीर्तन का समापन शनिवार की सुबह 11 बजे हवन पूर्णाहूति एवं प्रसाद वितरण के बाद विसर्जन किया जाएगा। अखंड हरिकीर्तन को सफल बनाने में महादानी सेवा सत्संग समिति के संरक्षक महावीर गोप, अध्यक्ष हरकनाथ महतो, उपाध्यक्ष राजू सिंह, जगदीश प्रसाद, सचिव मेघनाथ गिरी, सुरेंद्र सिंह, ईश्वर बड़ाईक, भगत बड़ाइक, बादल खत्री, सीताराम महतो, बजरंग गोप, महादेव टाना भगत, नागेश्वर पंडा, विकास गोप, किशोर कुमार, कुलदीप गोप, धनंजय कुमार आदि का सराहनीय योगदान रहा।

## बेड़ो में रक्षाबंधन आज

बेड़ो (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भाई बहन के अटूट रिश्ते का पर्व रक्षा बंधन शनिवार को मनाया जाएगा। सावन महीने की समाप्ति के अंतिम दिन बहनें भाइयों की कलाई पर राखी या रक्षा सूत्र बांधकर उनसे आशीर्वाद लेंगी। उधर, चौक चौराहों एवं बाजारों में आकर्षक राखियों-मिठाई की दुकानें सजी हुई है। जहां राखी खरीदने के लिए दुकानों पर युवतियों-महिलाओं की भीड़ लगी हैं। इस बार रक्षाबंधन के त्योहार में रखी बांधने के शुभ मुहूर्त को ध्यान रखा जाता हैं।

## 11 को खिजरी में निकलेगी हर घर तिरंगा यात्रा



नामकुम (आजाद सिपाही)। स्वंतत्रता दिवस पर आयोजित होने वाले हर घर तिरंगा यात्रा की तैयारियों को लेकर भाजपा खिजरी मंडल की बैठक शुक्रवार को नामकुम सदाबहार चौक स्थित सांसद समाधान केंद्र कार्यालय में हुई। जिसकी अध्यक्षता भाजपा खिजरी मंडल अध्यक्ष अशोक मुंडा ने की। अपने संबोधन में किसान मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता मनोज कुमार सिंह ने कहा कि तिरंगा यात्रा देश को एक सूत्र में पिरोने और राष्ट्रवाद की भावना बढ़ाने के लिए है। उन्होंने नामकुम वासियों से तिरंगा यात्रा में शामिल होने का आह्वान किया। इस दौरान 11 अगस्त को नामकुम बाजार के काली नगर से नामकुम चौक तक तिरंगा यात्रा निकालने का निर्णय लिया गया। मौके पर कार्यक्रम प्रभारी रणधीर चैधरी, आरती कुज्रूर, प्रभुदयाल बड़ाइक, प्रमोद सिंह, रितेश उरांव, दिलीप साहू, प्रज्ञा भारती, रुपा चौहान, शिल्पी शालिनी, मीनू सिंह, सरोज राय, सोहराई पाहन, कृष्णा कुमार और सुदीप खलखो आदि उपस्थित थे।

## इटकी के भंडरा से निकली शिवभक्तों की विशाल पैदल जलयात्रा, किया जलाभिषेक



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** श्रावण माह में इटकी प्रखंड के भंडरा गांव स्थित बजरंग बली मंदिर प्रांगण से शुक्रवार को महादानी कांवरिया संघ के बैनर तले भंडरा और बेड़ो प्रखंड के टेंगरिया एवं जरिया के शिव भक्तों की विशाल पैदल जल यात्रा महादानी मंदिर के लिए रवाना हुआ। 10 किलोमीटर पैदल चलकर सैकड़ों पुरुष-महिला, युवा श्रद्धालु भजनों की धून पर जमकर थिरकते हुए महादानी मंदिर पहुंचे। जहां शिव भक्तों ने महादानी बाबा का जलाभिषेक और दुग्धाभिषेक के साथ यात्रा का समापन किया। महादानी सत्संग समिति की ओर से जल यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। इधर, शिव भक्तों का बेड़ो देवी मंडप चौक और महावीर चौक में शिवसेना, बजरंग दल, विश्व हिंदू परिषद एवं सनातन सेना के कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। यात्रा को सफल बनाने में शिवलाल महतो, संजीत महतो, सोहन महतो, भवन महतो, राम प्रसाद गोप, अरुण गोप, गौतम महतो, मुकेश महतो, ब्रजेश महतो, रोहित महतो, फाजू महतो, कृष्णा बैठा, परमेश्वर बैठा, सोनू बैठा, मनोज साहू, सीता राम महतो, ब्रजेश महतो और हंसराज गोप आदि का सराहनीय योगदान रहा।

## सीआइटी में एक्सपर्ट टॉक का आयोजन



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** सीआईटी में शुक्रवार को एडवांस प्लास्टिक प्रसंस्करण तकनीक विषय पर एक दिवसीय एक्सपर्ट टॉक का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में केंद्रीय पेट्रोकेमिकल इंजीनियरिंग और प्रोधोगिकी संस्थान, (सीपेट) रांची के निदेशक अवनीत कुमार जोशी ने विद्यार्थियों को प्लास्टिक वेस्ट के रिसाइकिलिंग, पुनः प्रयोग आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने प्लास्टिक उत्पादों के प्रयोग से होने वाले दुष्प्रभावों की भी जानकारी दी। कार्यक्रम संस्थान के इंस्टिट्यूशन्स इनोवेशन कॉउन्सिल के तत्वाधान में आयोजित किया गया था। मौके पर प्राचार्य डॉ एल रंगनाथन, उप प्राचार्य प्रो रसिका नवनीत सिंह, डॉ रणवीर कुमार, डॉ विजय शंकर सिंह, डॉ नैयर मुमताज, प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर प्रो वीनित आदि थे।

## गगारी धाम में आज लगेगा सावन पूर्णिमा मेला

**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के गगारी गांव के पहाडी पर स्थित गगारी धाम के नाम से प्रसिद्ध भोले बाबा मंदिर में सावन पूर्णिमा के दिन शनिवार को मेला लगेगा। इसके आयोजन में संरक्षक मुखिया धनराज बेदिया, शिव टहल नायक, लालू बेदिया, बालेश्वर उरांव, साधो उरांव, गोवर्धन बेदिया, लक्ष्मण गंझू, राजेंद्र बेदिया, तारकेश्वर महतो, महेंद्र नाथ महतो, बृजलाल बेदिया अध्यक्ष धनेश्वर बेदिया, सचिव पंकज बेदिया, कोषाध्यक्ष राहुल बेदिया, मीडिया प्रभारी जितेंद्र बेदिया, राम रतन नायक ,उपाध्यक्ष संजय तिर्की, उप सचिव लक्ष्मण उरांव, उप कोषाध्यक्ष संजय नायक आदि के साथ ग्रामीण योगदान दे रहे हैं। मेला का मुख्य आकर्षण पूजा पाठ के साथ दोपहर को होने वाले नागपुरी रंगारंग कार्यक्रम होगा। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में विधायक राजेश कच्छप के अलावा विशिष्ट अतिथि राज्यसभा सांसद प्रदीप वर्मा, प्रो आदित्य प्रसाद साहु के साथ जेएलकेएम के रांची लोकसभा प्रत्याशी देवेन्द्र नाथ महतो होंगे।

## लापुंग सापुकेरा बाजार में भीड़ के कारण सड़क जाम



लापुंग (आजाद सिपाही)। सापूकेरा बाजार होने के कारण शुक्रवार बाजार क्षेत्र की सड़क एक घंटा जाम रहा। रक्षा बंधन का त्योहार होने के कारण बाजार में लगी राखी की दुकानों पर इस दिन जबरदस्त भीड़ हुई और जमकर खरीदारी की गयी। बाजार के दिन में ऑटो सड़क के दोनों ओर लगा देने से आवागमन बाधित रहा। लापुंग पुलिस को जम हटाने के लिए कड़ी मक्शत करने पड़ी। बतातें चलें कि लापुंग के सापुकेरा बाजार सप्ताह में दो दिन सोमवार और शुक्रवार को लगता है। इस बाजार में गाय, बैल, बकरी और सब्जी के अलावे महुआ शराब एवं हंडिया की बिक्री होती है।

## बेड़ो में 12 को निकाली जायेगी भव्य तिरंगा यात्रा

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** हर घर तिरंगा, घर-घर तिरंगा अभियान के तहत भाजपा की ओर से बेड़ो में तिरंगा यात्रा के आयोजन को लेकर सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में बैठक हुई। जिसमें आगामी 12 अगस्त को बेड़ो के महादानी मंदिर से सुबह तिरंगा यात्रा निकाले जाने की रूप रेखा पर चर्चा की गई। पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर ने बताया कि तिरंगा यात्रा के माध्यम से कार्यकर्ता 15 अगस्त को घर-घर राष्ट्रीय ध्वज फहराने का संदेश पहुंचाएंगे। कहा कि हर घर एक एक तिरंगा फहराना है।

## रक्षाबंधन फुटबाल टूर्नामेंट का जैलेंद्र कुमार ने किया उद्घाटन



- खिताबी मुकाबला मारंगहदा और अनाया स्पोटिंग के बीच 10 को
- विजेता को 50 हजार और उप विजेता टीम को 30 हजार मिलेगा

आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** युवा संगल क्लब सालहन द्वारा शुक्रवार से सालहन पतरा मैदान में रक्षा बंधन तीन दिवसीय फुटबाल टूर्नामेंट शुरू हुआ। इसका उद्घाटन मुख्य अतिथि भाजपा के पूर्व रांची जिलाध्यक्ष जैलेंद्र कुमार ने की। विशिष्ट अतिथि भाजपा जिला मीडिया प्रभारी रामसाय मुंडा, सालहन मुखिया सरिता तिर्की, हेसल मुखिया कविता देवी थी। मारंगहदा खूंटी एवं अनाया स्पोटिंग कव्वाली के 10 अगस्त को फाइनल मैच खेला जायेगा। विजेता टीम को 50 हजार, उपविजता को 30 हजार एवं दोनों सेमीफाइनल की टीमों को दस-दस हजार रुपया नकद पुरस्कार दिया जायेगा। इस मौके पर अध्यक्ष राजू नायक, उपाध्यक्ष मनक करमाली व दीपक मुंडा, सचिव दुर्योधन नायक, श्रवण मुंडा, कोषाध्यक्ष किशोर मुंडा, दुर्गा मुंडा और सूरज मुंडा आदि उपस्थित थे।

## कॉलेज की मांग को लेकर राज्यपाल से मिले



**पिठोरिया (आजाद सिपाही)।** विश्व सेवा परिषद की झारखंड अध्यक्ष राहुल राज के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिदल ने राज्यपाल संतोष गंगवार से मुलाकात की। इसका उद्देश्य पिठोरिया के सुतियांबे गढ़ में डिग्री कॉलेज की स्थापना की मांग थी। राहुल राज ने राज्यपाल से मिलकर ज्ञापन भी सौंपा। बताया कि यहां कॉलेज खुलने से गरीबी के कारण इंटर के बाद पढ़ाई छोड़ देने वाले छात्र आगे की पढ़ाई कर सकेंगे। इसका सर्वाधिक लाभ एसटी, एससी और ओबीसी समुदाय के गरीब छात्रों को होगा। राज्यपाल से भेंट करने वालों में अशोक महतो, विशाल सिंह, राजीव सिंह, यशवंत महतो और करमचंद उरांव शामिल थे।

## युवक गिरफ्तार, स्कूटी बरामद

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** जोन्हा में शुक्रवार को वाहन जांच के दौरान अनगड़ा पुलिस ने चोरी की स्कूटी के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। उसकी पहचान रोहित लोहरा के रूप में हुई है। वह अमरूदबगान चौक गुड़ीडीह का रहनेवाला है। जबकि स्कूटी नामकुम थाना क्षेत्र से चोरी हुई थी। उधर, आरोपित ने पुलिस को बताया कि उसके एक मित्र ने पांच हजार रुपये लेकर उसे स्कूटी चलाने को दिया था। अनगड़ा पुलिस ने युवक को नामकुम पुलिस को सौंप दिया है। विदित हो कि जोन्हा क्षेत्र से विगत तीन माह के दौरान दर्जन भर से भी अधिक दोपहिया वाहनों की चोरी हुई है।

# निर्मल दा को अविलंब दिया जाये शहीद का दर्जा : शीतल ओहदार

## कहा- आठ अगस्त को राजकीय अवकाश घोषित करे सरकार



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** रांची स्थित शहीद निर्मल महतो चौक (पुराना जेल चौक) में टोटेमिक कुड़मी/कुरमी विकास मोर्चा के बैनर तले झारखंड आंदोलन के महानायक शहीद निर्मल महतो जी का शहादत दिवस मनाया गया। इस अवसर पर टोटेमिक कुड़मी/कुरमी विकास मोर्चा केंद्रीय अध्यक्ष शीतल ओहदार की अगुवाई में समाज के सैकड़ों लोगों ने शहीद के आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर शीतल ओहदार ने कहा कि शहीद निर्मल दादा की 08 अगस्त 1987 को जमशेदपुर में राजनीतिक हत्या की गई। शहीद शक्ति नाथ महतो और सांसद सुनिल महतो आदि कद्दावर कुड़मी नेता भी राजनैतिक हत्या के शिकार हुए। वर्तमान में समाज के लोकप्रिय नेताओं पर भी ऐसे ही साजिश रची जा रही है। लेकिन ऐसे साजिशों से अब समाज के युवा डटकर सामना करने को तैयार हैं। निर्मल दा के बलिदान से ही झारखंड अलग राज्य मिला है। लेकिन दुर्भाग्य यह है कि झारखंड की सत्ता में दो बार झामुमो गठबंधन सरकार रहते हुए भी झामुमो के पूर्व अध्यक्ष रहे झारखंड आंदोलन के महानायक शहीद निर्मल महतो को शहीद का दर्जा नहीं दिया गया। टोटेमिक कुड़मी/ कुरमी विकास मोर्चा झारखंड सरकार से मांग है कि निर्मल दा को अविलंब शहीद का दर्जा दिया जाए और 08 अगस्त को राजकीय अवकाश घोषित किया जाए। विधानसभा परिसर में शहीद निर्मल महतो की आदमकद प्रतिमा लगे और स्कूली पाठ्यक्रम में उनकी जीवनी को शामिल किया जाए। इसस दौरान मोर्चा के केंद्रीय मीडिया प्रभारी सखी चंद महतो, महिला मोर्चा केंद्रीय अध्यक्ष सुषमा महतो, युवा मोर्चा अध्यक्ष राजकुमार महतो, रूपलाल महतो, राजेंद्र महतो, सोना लाल महतो, अनुप कुमार महतो आदि ने भी संबोधित किया। मौके पर सरस्वती देवी, सावित्री देवी, अनिल महतो, ब्रजलाल महतो, रोहित महतो, दीपक महतो, अजय महतो ,रविता देवी, कंचन देवी, लालो देवी, सुरेंद्र महतो, सुजीत महतो, लोकेश महतो ,मोतीलाल ओहदार आदि उपस्थित थे।


**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, कोडरमा**

**अल्प कालीन ई–पुर्ननिविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा संख्या:- 05(RI)/2025-26/RWD/EE/KODERMA दिनांक :-07.08.2025

कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, कोडरमा द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि | टेन्डर कॉल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | RWD/ KODERMA /01/2025-26 | प्रखण्ड जयनगर में गड़गी से कटीया तक पथ निर्माण कार्य (लं0–2.000 कि0मी0) | 2,15,71,800/- | दो करोड़ पन्द्रह लाख एकहतर हजार आठ सौ रू0 मात्र। | 09 (नौ) माह | द्वितीय |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:–11.08.2025
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:–26.08.2025 अपराह्न 5.00 बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय:–28.08.2025 अपराह्न 3.30 बजे।
4. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, कोडरमा झारखण्ड, पिन– 825410
5. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 8709561933/06534-297102
6. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
7. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
8. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–शुल्क भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

ह0/–
कार्यपालक अभियन्ता,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, कोडरमा

PR 359202 Rural Work Department(25-26)#D



**कार्यालय, कार्यपालक अभियंता, एन० आर० ई० पी०, सिमडेगा**

**2nd Call**

अति अल्पकालीन पुनः ई–निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा संख्या –05/2025-26/NREP/SIMDEGA

दिनांक – 07.08.2025

1. कार्य का विवरण :–

| क्र0 | प्रखण्ड का नाम | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि अंक में (लाख में) | अक्षर में | परिमाण विपत्र की राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कुरडेग | Construction of PCC Road and Guardwall from Badkatoli R.E.O Road to Mission Approach Road Girjatoli, in GP – Hethma, Block-Kurdeg. | 24.72600 | चौबीस लाख बहत्तर हजार छः सौ। | 49500 | 5000 | 90 Days |
| 2 | कुरडेग | Construction of PCC Road and Guardwall at Mission to Benjamin Lakra House, Girjatoli, in GP – Hethma, Block Kurdeg. | 18.56700 | अट्ठारह लाख छप्पन हजार सात सौ। | 37200 | 5000 | 90 Days |

2. Date of publication of Bid on Website :-11.08.2025 at 10:00 AM
3. Mode of Submission of Tender :-Online Through www.jharkhandtenders.gov.in
4. Bid submission start date :-11.08.2025, 10:00 AM onwards
5. Last date and Time of Online submission of Bid :-19.08.2025 by 03:00 PM
6. Bid Opening Date and Time :-20.08.2025 at 04:00 PM
7. Tender inviting Authority :- Executive Engineer, N.R.E.P., Simdega

विस्तृत जानकारी वेबसाईट www.jharkhandternders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यापालक अभियंता
एन0 आर0 ई0 पी0 सिमडेगा।

PR.NO.359284 Simdega(25-26):D

## गम्हरिया के युवक का शव कुआं में मिला

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के गम्हरिया गांव में एक व्यक्ति का शव गांव के ही कुएं में मिला। मृतक की पहचान गम्हरिया निवासी अवधेश उरांव के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, अवधेश बुधवार रात लगभग 12 बजे के करीब घर से निकला था और उसके बाद वह घर नहीं लौटा। मृतक के परिजन काफी खोजबीन किया लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। शुक्रवार सुबह जब कुछ ग्रामीण पूना भगत के कुएं में पानी भरने गए, तो उन्होंने कुएं के अंदर पानी में एक शव तैरता देखा। जिसकी सूचना ग्रामीणों को दी गयी। ग्रामीणों ने शव की पहचान अवधेश उरांव के रूप में किया खबर फैलते ही लोगों की भीड़ जमा हो गयी। ग्रामीणों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कुएं से बाहर निकला गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकरपोस्टमार्टम के लिए गुमला भेज दिया। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# जीजा ने युवक को टांगी से काट कर किया घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** कामडारा थाना क्षेत्र अंतर्गत कुरकुरा तेतर टोली गांव निवासी 16 वर्षीय विमल नायक को उसके जीजा बिहार राज्य के गया जिला अंतर्गत थामन बिगहा निवासी रोहित सिंह ने टांगी से काटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना शुक्रवार की सुबह हुई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कामडारा में इलाज के उपरांत शुक्रवार की सुबह 10 बजे घायल को सदर अस्पताल लाया गया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक तेतर टोली निवासी तुलसी देवी का बिहार के युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा था दोनों ने इसी वर्ष मार्च माह में कोर्ट में शादी कर ली। शादी के बाद दोनों में अनबन होने लगा पति पत्नी को मारपीट और प्रताड़ित करने लगा। दो माह पूर्व तुलसी अपने माइके आकर रहने लगी। गुरुवार को रोहित उसे लेने आया था लेकिन घर वाले उसके साथ भेजना नहीं चाहते थे, फिर वह गुरुवार को बिहार जाने की बात कहकर निकल गया। फिर रांची से वापस लौट आया। इसके बाद घर में हंगामा करने लगा इसी बीच घर में रखे टांगी उठाकर अपने साला के सिर में लगातार प्रहार करने लगा।



### चेकडैम में डूबने से युवक की हुई मौत

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के बिमरला चेकडैम में नहाने के क्रम में डूबने से युवक रमेश उरांव की मौत हो गयी। पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम हेतु गुमला भेज दिया। घटना के बाबत मृतक के पिता सावन उरांव ने पुलिस को जानकारी देते हुए बताया कि गुरुवार को सुबह उसका पुत्र रमेश उरांव खेत में बीड़ा का काम करके वापस लौटा। जहां दिन के 11 बजे और नाश्ता करने के उपरांत नहाने की बात कह कर चेक डैम गया था। जहां नहाने के क्रम में चेकडैम में डूब गया। काफी देर तक वह नहीं लौटा।

## हर घर तिरंगा अभियान को लेकर हुई बैठक

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** हर घर तिरंगा अभियान एवं तिरंगा यात्रा को लेकर मंडल प्रभारी सह पूर्व जिला अध्यक्ष सविंद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में भारतीय जनता पार्टी कार्यालय चांदनी चौक घाघरा में शुक्रवार को बैठक हुई। सविंदर सिंह ने कहा भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व और देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के आह्वान पर हर घर तिरंगा अभियान एवं तिरंगा यात्रा आगामी 13 अगस्त को प्रखंड मुख्यालय में निकालने की बात कही। साथ ही भारतीय जनता पार्टी के सभी कार्यकर्ता एवं समस्त प्रखंड वासियों को भी हर घर तिरंगा अभियान में शामिल होने की बात कही। मौके पर पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष श्याम किशोर पाठक, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष आशीष कुमार सोनी, महिला मोर्चा अध्यक्ष सीमा देवी, हरिलाल उरांव, रबी उरांव, अमित ठाकुर, कुश कुमार साहू, नीरज जयसवाल, आकाश कुमार साहू, बिहारी गुप्ता, मंटू साहू सहित कई लोग उपस्थित थे।

# विवेकानंद शिशु विद्या मंदिर बसिया में धूमधाम से मनाया गया रक्षाबंधन

आजाद सिपाही संवाददाता



**बसिया।** विवेकानंद शिशु विद्या मंदिर बसिया में रक्षाबंधन उत्सव धूमधाम से मनाया गया।मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय की पूर्व छात्रा और जेपीएससी परीक्षा में 147 रैंक प्राप्त करने वाली जनजाति समाज की होनहार छात्रा अनिता कुमारी उपस्थित रही। विशिष्ट अतिथि के रूप में अनिता की मां ममता देवी और विद्यालय प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष अभय कुमार चौधरी उपस्थित थे। अनिता कुमारी ने विद्यालय के भैया-बहनों को संबोधित करते हुए कहा कि किसी कक्षा की पढ़ाई बेकार नहीं होती है, लक्ष्य निर्धारित कर ईमानदारी पूर्वक नियमित अध्ययन यदि किया जाय तो सफलता निश्चित मिलेगी। उन्होंने आगे कहा वनवासी कल्याण केंद्र द्वारा संचालित इस विद्यालय से प्रारंभिक शिक्षा ग्रहण कर मैं अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रही हूं। बचपन में इस विद्यालय से मिला संस्कार और शिक्षा का भी कहीं न कहीं मेरी सफलता पर योगदान रहा है। आज इस विद्यालय में अपने आप को पा कर बहुत अच्छा लग रहा है।अनिता की मां ममता देवी ने कहा- बच्चों आपलोग भी अनिता की तरह इमानदारी पूर्वक मेहनत करो,अपलोग को भी सफलता अवश्य मिलेगी। विद्यालय के उपाध्यक्ष अभय कुमार चौधरी ने कहा बच्चों आज आपको अनिता से सिख लेने की आवश्यकता है। आज पवित्र दिन है, बहनों द्वारा भाई की कलाई पर बंधा गया रक्षासूत्र मात्र धागा नहीं है,बल्कि यह आपसी संबंध को प्रगाढ़ बनाता है। विद्यालय के प्रधानाचार्य अभिमन्यु महतो ने रक्षाबंधन उत्सव से संबंधित पौराणिक, ऐतिहासिक, साहित्यिक कथाओं को विस्तृत रूप में बताया और कहा सभी प्रकार के रिश्तों में से भाई बहन का रिश्ता बहुत पवित्र होता है। इसके बाद राजस्व ग्राम बॉम्बियारी जाकर वहां के ग्रामीणों और उस गांव के उत्क्रमित मध्य विद्यालय के बच्चों एवं शिक्षकों के साथ रक्षाबंधन का उत्सव मनाया गया। वहां के ग्रामीण और बच्चे काफी उत्साहित थे ।

# छात्राओं ने बीडीओ और अधिकारियों को बांधी राखी, रक्षा का लिया वचन



आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** राखी का त्योहार हमारी संस्कृति की पहचान है, इसी पहचान को बनाये रखने के लिए भास्कर एजुकेशनल एकेडमी स्कूल में राखी के इस पावन त्योहार का आयोजन किया गया। बहुत सारे लोग पदाधिकारियों की एक नकारात्मक छवि को गढ़ने का प्रयास करते रहे हैं। परन्तु यह पूर्णतः सत्य नही है। इसीलिए इस बार राखी का यह पवित्र त्योहार विद्यालय के बच्चों ने घाघरा के अंचल और बीडीओ कार्यालय में जाकर अपने वीर भाइयों के साथ मनाया। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने विद्यालय के सभी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी पदाधिकारी सदैव समाज के लोगो के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि यह त्योहार हमें यह याद दिलाता है कि बहनें हमारे जीवन में कितना महत्व रखती हैं। भाइयों और बहनों के लिए रक्षा बंधन का एक विशेष महत्व है। यह त्योहार सिर्फ सामान्य लोगों द्वारा ही नहीं मनाया जाता है, बल्कि इसे देवी-देवताओं द्वारा भी भाई-बहन के इस पवित्र रिश्ते को कायम रखने के लिए मनाया जाता है। विद्यालय के बच्चों के पुलिस के प्रति इस जज्बे के लिए शुभकामनाएं दी।

# लायंस क्लब ने सार्वजनिक कुओं में ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** लायंस क्लब गुमला ने अध्यक्ष मुरली मनोहर प्रसाद की अध्यक्षता में जल शुद्धिकरण अभियान के तहत सार्वजनिक कुओं में ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया, जिससे जल को शुद्ध किया जा सके और बीमारियों से बचा जा सके। इस अभियान का उद्देश्य स्वच्छ जल की उपलब्धता सुनिश्चित करना है, जिससे लोगों को पीने, नहाने और अन्य कार्यों के लिए स्वच्छ जल मिल सके।

अध्यक्ष मुरली मनोहर प्रसाद ने कहा कि लायंस क्लब गुमला ने सार्वजनिक कुओं में ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया, जिससे जल को शुद्ध किया जा सके। इस अभियान का उद्देश्य जल जनित बीमारियों से बचाव करना है, जिससे लोगों को स्वस्थ जीवन जीने में मदद मिल सके।





स्वच्छ जल की उपलब्धता से पर्यावरण को भी लाभ होगा, जिससे लोगों को स्वस्थ और स्वच्छ वातावरण में रहने का अवसर मिलेगा। लायंस क्लब गुमला ने जल शुद्धिकरण अभियान के माध्यम से समाज सेवा का एक महत्वपूर्ण कार्य किया है। इस अभियान से लोगों को स्वच्छ जल की उपलब्धता सुनिश्चित होगी, जिससे उनके स्वास्थ्य और स्वच्छता में सुधार होगा। लायंस क्लब गुमला के इस अभियान से लोगों को स्वच्छ जल की उपलब्धता सुनिश्चित होगी और बीमारियों से बचाव होगा। मौके पर अध्यक्ष मुरली मनोहर प्रसाद, रीजन चेयरपर्सन अशोक कुमार जायसवाल, जॉन चेयरपर्सन एमजेएफ शंकर लाल जाजोदिया, पूर्व अध्यक्ष पवन कुमार अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष महेश प्रसाद गुप्ता, मनमोहन केसरी, दामोदर कसेरा, विशाल कुमार बिद्धू, संजय अग्रवाल, शिवकुमार लाल, सरस्वती प्रसाद, शशि किरण जयसवाल, रीता लाल, किरण केसरी की उपस्थिति रही।

## रंगोली के माध्यम से दिया गया मातृत्व और पोषण का संदेश



**बिशनपुर (आजाद सिपाही)।** विश्व स्तनपान सप्ताह 2025 के उपलक्ष्य में जागरूकता फैलाने के लिए बिशनपुर प्रखंड में संचालित आंगनबाड़ी सेविकाओं के द्वारा प्रखंड कार्यालय में अद्वितीय और रचनात्मक पहल देखने को मिली। इस अवसर पर अनाज से एक खूबसूरत रंगोली बनाकर स्तनपान के महत्व को दशार्या गया। रंगोली में एक मां और बच्चे का चित्रण है, जिसमें मां अपने शिशु को स्तनपान करा रही है। इस कलाकृति के माध्यम से मातृत्व, पोषण और बच्चे के आरंभिक जीवन में मां के दूध के महत्व को रेखांकित किया गया है। आयोजकों का कहना है कि प्राकृतिक रंगों और खाद्य सामग्रियों से बनी यह रंगोली मातृत्व की शक्ति और पोषण की आवश्यकता को दर्शाती है।

## कामडारा में तिरंगा यात्रा की तैयारी को लेकर बैठक



**कामडारा (आजाद सिपाही)।** कामडारा हर घर तिरंगा एवं तिरंगा यात्रा की तैयारी को लेकर शुक्रवार को कामडारा स्टेडियम भवन परिसर में कामडारा भाजपा मंडल के अध्यक्ष नरेश सिंह के नेतृत्व पर एक बैठक हुई। जिसमे सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 12 अगस्त दिन मंगलवार को सुबह 10 बजे स्टेडियम मैदान से बाकुटोली और पोकला गेट तक मोटरसाइकिल तिरंगा यात्रा निकाला जायेगा। आयोजित इस तिरंगा यात्रा में प्रखंड क्षेत्र के सभी भाजपा कार्यकर्ताओं को शामिल होने का अपील किया गया। इस बैठक मे भाजपा के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष बड़ाईक तारकेश्वर सिंह, प्रफुल्ल विशवाल, संतोष साहु, राजू साहु सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## सांसद की पहल पर लाठदाग में लगा ट्रांसफार्मर



**सिसई (आजाद सिपाही)।** सिसई प्रखंड के लाठदाग गांव में विगत तीन माह से ट्रांसफॉर्मर जला हुआ था जिससे ग्रामीण और विद्यार्थियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था वहां के ग्रामीणों के द्वारा कई बार प्रयास बावजूद ट्रांसफार्मर नहीं मिला। इसकी सूचना ग्रामीणों ने गुमला जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष आजाद अंसारी को दिया। उन्होंने सांसद सुखदेव भगत के पहल से ग्रामीणों को 63 केवी का ट्रांसफार्मर दिलाया। जिसका उदघाट्न आजाद अंसारी और युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने गांव पहुंच कर किया। ग्रामीणों ने सांसद सुखदेव भगत और युवा कांग्रेस अध्यक्ष आजाद अंसारी का आभार व्यक्त किया और कहा कि सांसद सुखदेव भगत लगातार जनहित के कार्यों को तत्परता के कर रहे हैं। मौके पर राजा अंसारी, इमरोज अंसारी मुजीब अंसारी, संदीप उरांव, आशिक अंसारी, अफरोज अंसारी, जसीम अंसारी, सब्बीर अंसारी, रमेश उरांव, सोनू महली, फैजान अंसारी, इमरान अंसारी, नजमुल अंसारी, शमसेर अंसारी सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# सरस्वती शिशु मंदिर देवाकी में बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** सरस्वती शिशु मंदिर देवाकी में पर्यावरण संरक्षण को लेकर विशेष पहल करते हुए पौधा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्रधानाध्यापक संतोष मिश्रा के नेतृत्व में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के भैया-बहनों के बीच विभिन्न प्रकार के फलदार और छायादार पौधे वितरित किये गये। छात्रों को पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने के लिए प्रेरित किया गया, ताकि वे न केवल हरियाली बढ़ाने में योगदान दें, बल्कि पर्यावरण के प्रति जागरूक नागरिक भी बनें। इस मौके पर प्रधानाध्यापक संतोष मिश्रा ने कहा कि प्रकृति से जुड़ाव ही हमारे अस्तित्व की नींव है।



एक छोटा पौधा आज नहीं, तो कल एक जीवनदायी वृक्ष बनेगा। इस कार्यक्रम के माध्यम से न सिर्फ पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलायी गयी, बल्कि बच्चों में प्रकृति के प्रति प्रेम और जिम्मेदारी की भावना भी विकसित की गयी। कार्यक्रम में शिक्षिका सुनैना कुमारी, कविता मिश्रा, निभा देवी और पंकज साहु की सक्रिय भागीदारी रही। उन्होंने बच्चों को वृक्षारोपण के महत्व के बारे में बताया और उन्हें पर्यावरण संरक्षण के लिए आगे आने की प्रेरणा दी। विद्यालय परिसर में मौजूद विद्यालय के सभी भैया-बहनो ने पौधों को अपने घर या आसपास के क्षेत्र में लगाने का संकल्प लिया और प्रकृति के प्रति अपने कर्तव्यों को निभाने का वादा किया। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक व छात्र छात्राएं मौजूद थे।

# स्वतंत्रता दिवस की तैयारी को लेकर बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

**बिशुनपुर।** प्रखंड कार्यालय में शुक्रवार को स्वतंत्रता दिवस की तैयारी को लेकर बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी सुलेमान मुड़री ने की। जहां संबंधित विभागों के पदाधिकारी एवं स्थानीय प्रतिनिधियों उपस्थित रहे। इस मौके पर 15 अगस्त को आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गयी। बीडीओ ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस के दिन सुबह 6:30 बजे चिंगरी स्थित स्वतंत्रता सेनानी जतरा टाना भगत की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जायेगा जिसके बाद प्रखंड मुख्यालय के विभिन्न चौक-चौराहों पर स्थापित महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण होगा। जिसके बाद झंडोत्तोलन का कार्यक्रम सुबह 7:00 बजे प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर से



शुरू होगा। जो विभिन्न सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थानों एवं विद्यालय में झंडा तोलन के बाद अंतिम में मुख्य समारोह के रूप में बिशुनपुर प्रखंड कार्यालय के मैदान में सुबह 9:45 बजे झंडोतोलन किया जाएगा, जहां झंडा फहराने के बाद परेड की प्रस्तुति होगी। इसके पश्चात प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। बीडीओ मुड़री ने सभी विभागों को सौंपे गए कार्यों को समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए और कहा कि कार्यक्रम को सफल और भव्य बनाने में किसी भी प्रकार की कमी नहीं रहनी चाहिए। बैठक में सुरक्षा, साफ-सफाई, पेयजल, स्वास्थ्य सुविधा आदि की भी समीक्षा की गई। इस मौके पर प्रमुख राजलक्ष्मी उरांव, अंचलाधिकारी शेखर वर्मा, थाना प्रभारी अर्जुन कुमार यादव, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी गणेश राम महतो, प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी नीलम खालखो, उप प्रमुख चंदन सिंह राजू भगत मुखिया राम प्रसाद बड़ाइक सहित कई लोग उपस्थित थे।

## महिला किसानों के बीच उड़द बीज का वितरण



**कामडारा (आजाद सिपाही)।** कामडारा उद्योगिनी संस्था कामडारा के द्वारा कुल छह पंचायतों के महिला किसानों के बीच शतप्रतिशत अनुदान पर उरद का बीज वितरण किया गया। जानकारी के मुताबिक कामडारा प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत कुल छह पंचायत कामडारा, टुरुण्डू, रामतोलया, सुरहु, सरिता और रेड़वा पंचायत पर शुक्रवार को कुल एक सौ महिला किसानों के बीच ओरेकल परियोजना श्प्रयास, के अंतर्गत उद्योगिनी संस्था कामडारा के सदस्यों के द्वारा उरद का बीज वितरण किया गया।वहीं कुशल तरीके से उरद का बीज लगाने और उचित देखभाल करने का तौर-तरीका भी बताया गया।इस बीज वितरण के दौरान रेड़वा मुखिया खीस्टीना लकड़ा और उद्योगिनी संस्था के कृष्णा साहु, प्रदीप तोपनो व नारायण साहु के द्वारा महत्वपूर्ण योगदान दिया गया।

## प्रेम प्रसंग में छात्रा ने लगायी फांसी

**गुमला (आजाद सिपाही)।** भरनो थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव निवासी 17 वर्षीय छात्रा ने घर में रस्सी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना गुरुवार शाम की है। घटना के बाद परिजन छात्रा को सदर अस्पताल लेकर आए जहां डॉक्टर ने जांच के उपरांत मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर शुक्रवार की सुबह 11 बजे गुमला थाना के एसआइ अखिलेश ठाकुर और सुषमा लोलान्ति सदर अस्पताल पहुंचे और शव का पंचनामा किया इसके बाद पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया। जानकारी के मुताबिक छात्रा का एक लड़का से प्रेम प्रसंग चल रहा था वह अक्सर उससे फोन में बात किया करती थी भरनो थाना में इसी मामले को लेकर पूर्व में लिखित समझौता भी हुआ था।

# सांता पब्लिक स्कूल में जश्न-ए-आजादी पर देशभक्ति डांस प्रतियोगिता

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** सांता पब्लिक स्कूल, शास्त्री नगर, गुमला मै 78 वे जश्ने आजादी के मौके पर स्कूली बच्चों के बीच में पैट्रियोटिक डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भारत की बेटी, मां तुझे सलाम, चक दे इंडिया, हर घर तिरंगा, केसरिया भारत, तेरे ही नाम, वंदे मातरम, आई लव माय इंडिया, अनेक देशभक्ति गीतों से पूरा स्कूल में देशभक्ति का वातावरण दिखा। मौके पर मुख्य अतिथि महेंद्र कुमार करमाली थाना प्रभारी गुमला ने कहा कि भारत वीरों की भूमि है। हमारा देश वीरता के लिए प्रसिद्ध है। आज इन्हीं वीर शहीदों के कारण हम चैन की सांस ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि सांता पब्लिक स्कूल का प्रयास सरहानीय है, जहां बच्चों को देशभक्ति के प्रति भाव



पैदा किया जा रहे हैं। यह बच्चे हैं कल देश के भविष्य है। सबसे अच्छी बात है कि स्कूल के द्वारा फ्री एडमिशन ली जाती है, जो तारीफ के काबिल है और न ही री एडमिशन किसी प्रकार ली जाती है। शिक्षा वह पूंजी है जिसे कोई छीन नहीं सकता है। थाना प्रभारी श्री करमाली ने कहा कि गुमला बहुत अच्छी जगह है। यहां के युवा लोग भी अच्छे हैं। मौके पर गुमला जिला छत्रिय महासंघ के अध्यक्ष सुरेश सिंह ने कहा कि सांता पब्लिक स्कूल में स्वतंत्रता दिवस को लेकर पेट्रोयोटिक डांस कंपटीशन का आयोजन एक बहुत ही शानदार और प्रेरणा दायक कार्यकर्म है। छोटे छोटे बच्चों के द्वारा जिस प्रकार से देशभक्ति से ओत प्रोत नृत्य संगीत प्रस्तुत किया गया। वह बच्चों के भविष्य निर्माण में बहुत बड़ा योगदान देगा। वही मानिक चंद्र नंदा ब्रांच मैनेजर महिंद्रा फाइनेंस गुमला ने कहा कि बच्चे ही देश के भविष्य है। कहा आज स्कूली बच्चों द्वारा मोबाइल की अभिशाप का जो नाटक अभी देखे है वह भी तारीफ के काबिल है। स्कूल के डायरेक्टर हेमंत कुमार ने कहा स्कूल को 6 ग्रुप पर बांटा गया है। उनमे पटेल दल, सुभास दल, तिलक दल, गाधी दल, नेहरू दल, भगत दल, में बांट कर बच्चों के बीच जश्ने आजादी को ले कर पैट्रियोटिक डांस कंपटीशन का आयोजन किया गया है ताकि बच्चों में देशभक्ति का भाव जागे। इससे पूर्व मुख्य अतिथि गुमला थाना प्रभारी महेंद्र कुमार करमाली स्कूल के डायरेक्टर हेमंत कुमार, क्षत्रीय महासभा के जिला अध्यक्ष सुरेश सिंह ने पैट्रियोटिक प्रतियोगिता का दीप प्रज्वलन का उद्घाटन किया।


**Government of Jharkhand**
**Directorate of Food and Consumer Affairs**
**JSFC Bhawan Kadru, Ranchi**

Letter No. - 1285 **Corrigendum** Dated: 07-08-2025

Following modifications is being made in GeM Bid No. - GEM/2025/B/6469634 Dated 23-07-2025 (PR No. 358159) for Selection of Aadhaar enabled 4G e-PoS Manufacturer/ System Integrator for FPS Upgradation / Automation across Jharkhand State

| Sl No. | Clause No. | Existing | Amendment / Modification |
|---|---|---|---|
| 1 | 4.3 | Basic infrastructure to be provided by Manufacturer/ System Integrator at each FPS would comprise an e-PoS device with reliable mobile internet connectivity through the best telecom internet service providers (4G) along with 1 additional charger. | Basic infrastructure to be provided by Manufacturer/System Integrator at each FPS would comprise an e-PoS device with reliable mobile internet connectivity through the best telecom internet service providers (4G). |
| 2 | Annexure V | - | We also certify that we are not blacklisted/terminated by Central Government/Any State Government/ PSU/Banks in India in last three years. |
| 3 | 7.3.(a) | The bid document must be accompanied with the Earnest Money Deposit of Rs. 3,56,00,000/- (Rupees Three Crore Fifty Six Lakhs only) in form of Bank Guarantee (BG) with validity period of 180 days. | The bid document must be accompanied with the Earnest Money Deposit of Rs. 3,56,00,000/- (Rupees Three Crore Fifty Six Lakhs only) in form of Bank Guarantee (BG) with validity period of 180 days as per the enclosed format in **Annex. XXI of RFP.** |
| 4 | Extension of Time for Bid Submission | 13/08/2025 upto 07:00 p.m. | 18-08-2025 upto 07:00 p.m. |

All other terms and conditions of RFP (ATC) shall remain same.

For detail please visit GeM Portal and Department Website (https://www.jharkhand.gov.in/food).

Sd/-
Director
Directorate of Food and Consumer Affairs, Jharkhand

PR 359196 Directorate of Food and Consumer Affairs(25-26)#D

## 41 साल से जारी लड़ाई के बाद भी अब तक नहीं मिल सका न्याय

**1984 के पीड़ित परिवार ने केंद्र एवं राज्य सरकारों से मांगा न्याय**



**चिरकुंडा (आजाद सिपाही)।** साल 1984 में पीड़ित सिख परिवार चार दशक बीत जाने के बाद आज भी केंद्र और राज्य सरकार से न्याय की गुहार लगा रहे हैं। आज भी सरकारी दफ्तरों में चक्कर लगा रहे हैं। बतातें चलें कि साल 1984 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या के बाद पूरे देश के कई राज्यों में सिख समुदाय का कत्ले-आम और लूटपाट की गयी थी। जिस कारण कई परिवार बेघर हो गए थे और कई लोग अपना आसियाना छोड़ पलायन कर गए थे। इस व्यस्था से न्याय पाने को लेकर पीड़ित सिख परिवारों पिछले 41 वर्षों से आज भी न्याय को लेकर लंबी लड़ाई लड़ रहे हैं। कोयलांचल धनबाद के निरसा विधानसभा के एग्यारकुण्ड प्रखण्ड के शिवालीबाडी पूरब पंचायत निवासी स्वर्गीय जगजीत सिंह के पुत्र सतबीर सिंह लाम्बा ने बताया कि 1984 की उस काली रात को याद करते हुए आज भी रूह कांप जाती है। उन दिनों की घटी घटना को लेकर आज भी न्याय पाने के लिए दर-दर भटक रहे हैं। अपने बेहतर कल के लिए केंद्र और राज्य सरकारों से न्याय की गुहार आज भी लगा रहा हूं। सतबीर ने अपने बचपन की दस्ता सुनते हुए बताया कि नवंबर 1984 में तत्कालीन बिहार राज्य के एक छोटे से गांव शिवलीबाडी में उसका पूरा हस्ता खेलता परिवार तास के पत्ते की तरह बिखर गया। जिस कारण अपना घर रहते हुए भी आज पंजाब के अमृतसर में रहने को मजबूर हैं। बताया कि पूरा परिवार पहले बिहार में ही रहता था। 15 नवंबर 2000 में बिहार राज्य से अलग राज्य झारखण्डकी स्थापना के बाद हमारा गांव झारखण्ड का हिस्सा बन गया। पर आज तक उन्हें न्याय नहीं मिला। न्याय पाने की इस लड़ाई में बोकारो जिला गुरुद्वारा के अध्यक्ष एस जसमीत सिंह सोढ़ी भी सहयोग कर रहे हैं, ताकि पीड़ित परिवारों को न्याय मिल सके। सिख समुदाई द्वारा झारखंड के कई जिले में आज भी न्याय के लिए लड़ा जा रहा है। कहा कि उस दंश के कारण आज भी अपने पांव पर खड़ा नहीं हो पा रहा हूं। हालांकि उस हमले को लेकर स्थानीय थाने में पीड़ित परिवारों द्वारा मामला भी दर्ज करवाया था लेकिन अब तक कोई न्याय नहीं मिल पाया है। ना ही सरकार से सहायता ही मिली है।

## धनबाद स्टेशन पर चला टिकट जांच अभियान



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** मंडल में बड़े पैमाना पर टिकट जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सुनियोजित कार्यक्रम के तहत शुक्रवार कि सुबह आठ बजे से 11 बजे तक धनबाद रेलवे के मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में स्टेशन परिसर में टिकट जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान कुल 57 यात्रियों को पकड़ा गया जिसमें बिना टिकट यात्रा, बिना उचित प्राधिकार के यात्रा करने वाले यात्री आदि शामिल रहे। उनसे 16,220 रुपये जुर्माना भी वसूल किया गया। साथ ही पकड़े गये यात्रियों को उचित टिकट के साथ यात्रा करने की सख्त हिदायत दी गयी। अधिकारियों ने कहा कि धनबाद मंडल की ओर से निरंतर टिकट जांच किया जा रहा है। आगे भी यह अभियान जारी रहेगा।

## मनायी गयी वरिष्ठ अधिवक्ता बबन लाल की पुण्यतिथि



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** न्यायालय परिसर में धनबाद बार एसोसिएशन के अध्यक्ष झारखंड उच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता रहे बबन लाल जी की पुण्यतिथि शुक्रवार को मनायी गयी। इस दौरान उनकी तस्वीर पर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। बबन लाल क्रिमिनल रिवेन्यू लेबर के साथ ही अन्य विषयों में वकालत में महारत हासिल थी। इस मौके पर उपस्थित बृजेंद्र प्रसाद सिंह, अरुण सिंह, जितेन्द्र कुमार, जया कुमार, धनंजय महतो, अनिल त्रिवेदी, राजन पाल, अभिजीत साहू, रमेश राय, दीपक साह, मेघ नाथ रवानी सहित सैकड़ों लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित किया। दूसरी ओर, खबर है कि बबन बाबू के पुत्र असीम लाल जिनका इलाज चल रहा था। उनकी भी मौत हो गयी है। इस पर सभी ने दुख प्रकट किया है।

## धनबाद विधायक ने किया सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास

# सेवा और विकास ही हमारा संकल्प: राज सिन्हा

आजाद सिपाही संवाददाता




सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास करते विधायक राज सिन्हा।

**धनबाद।** विधायक राज सिन्हा ने अरलगढ़िया पंचायत अंतर्गत महत्वपूर्ण सड़कों के निर्माण कार्य का शुक्रवार को विधिवत शिलान्यास किया। ए टाइप सब स्टेशन से शिव शंकर नगर तालाब होते हुए प्रेम नगर कॉलोनी होते पुटकी भागा मुख्य सड़क तक, शिव शंकर नगर तालाब से मनबोध सिंह के आवास होते हुए राजपूत बस्ती तक सड़क का निर्माण कराया जाएगा। इस सड़क निर्माण परियोजना से स्थानीय लोगों को बेहतर यातायात सुविधा उपलब्ध होगी। साथ ही बरसात एवं अन्य मौसम में होने वाली परेशानियों से राहत मिलेगी। इस अवसर पर विधायक राज सिन्हा ने कहा कि जनता की सेवा और क्षेत्र का विकास ही हमारा संकल्प है। सड़क, बिजली, पानी और शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाएं प्रत्येक लोगों तक पहुंचाना हमारी प्राथमिकता है। आने वाले समय में और भी विकास योजनाएं शुरू की जाएंगी। इस मौके पर प्रखंड अध्यक्ष मनोज सिंह, रवि सिन्हा, विकास मिश्रा, राजू सिंह, सदानंद बर्नवाल, रूपेश पासवान, विकास चौधरी, शिवनंदन पासवान और राहुल सिंह आदि उपस्थित रहे।

## न्यू किड्स गार्डन स्कूल में राखी बनाओ राखी सजाओ प्रतियोगिता आयोजित

**झरिया/जोड़ापोखर (आजाद सिपाही)।** न्यू किड्स गार्डन विद्यालय में बच्चों को रक्षाबंधन के महत्व को समझाने के लिए , राखी बनाओ और राखी सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें लड़कियों ने एक से बढ़कर एक खूबसूरत राखी बनाया और विद्यालय के छात्रों की कलाई पर बांधा। इसमें कक्षा 4 की काव्य वर्मा, आफरीन परवीन, कक्षा 5 की पूनम, छठी की मिरा फलक ऋषि, जन्नत, लक्ष्मी और वर्षा, कक्षा 7वीं की हर्षिता, हनीफा, नेहा माही, फातिमा और शबरीन आदि शामिल रही। राखी बनाओ प्रतियोगिता में निर्णायक मंडली के अनुसार क्लास 8 की अलीफा नाज ने प्रथम स्थान प्राप्त किय। जबकि द्वितीय स्थान पर क्लास नाइन की विद्या को चुना गया। तृतीय स्थान क्लास नाइन की शोभा केसरी को मिला और चौथे स्थान पर क्लास नाइन की ही अंशिका कुमारी को चुना गया। निर्णायक मंडली में सीमा सिंह, कंचन कुमारी सुल्ताना अखतर, शहनाज बानो चंदन चक्रवर्ती शामिल थे। प्राचार्य विजय कुमार दुबे ने सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करते हुए बताया कि सभी छात्र-छात्राओं ने बहुत ही सुंदर राखी बनाया है। प्राचार्य विजय दुबे ने सलाह दिया कि खुद से बनाये राखी को अपने भाइयों की कलाई पर बांध कर उनके स्वास्थ्य एवं लंबी आयु की भगवान से प्रार्थना करें। प्राचार्य ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रमों के आयोजन से बच्चों में स्वनिर्मित वस्तुओं के प्रति रुचि बढ़ती है और उनके अंदर का सोया हुआ कलाकार जागृत होता है। इसीलिए विद्यालय परिवार हमेशा इस तरह के क्रिएटिव कार्यक्रमों को आयोजित करता रहता है। प्राचार्य ने इस कार्यक्रम में शामिल सभी शिक्षक छात्र-छात्राओं को तहे दिल से धन्यवाद दिया और उन्हें राखी की शुभकामनाएं दी।

## जनता दरबार में आये मामलों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करें पदाधिकारी: डीसी

**- समाहरणालय में जनता दरबार लगाकर डीसी ने सुनी 60 से ज्यादा लोगों की समस्याएं**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** डीसी अजय नाथ झा ने शुक्रवार को साप्ताहिक जनता दरबार लगाकर आमजनों की समस्याओं को सुना और उनके समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। जनता दरबार में जमीन पर अवैध कब्जा, अबुआ आवास योजना, मंइयां सम्मान की राशि भुगतान नहीं होने से संबंधित मामले, पेंशन, लंबित मानदेय का भुगतान, अंचल कार्यालय से संबंधित मामले, दाखिल खारिज, भूमि अतिक्रमण, जमीन पर अवैध कब्जा, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, सिविल सर्जन कार्यालय, डीसीएलआर चास, जिला आपूर्ति पदाधिकारी एवं अन्य समस्या से संबंधित मामले आये। डीसी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनता दरबार में मिले आवेदनों की प्राथमिकता के आधार पर जांच कर शीघ्र समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रत्येक शिकायत पर समयबद्ध कार्रवाई होनी चाहिए और शिकायतकर्ता को इसकी जानकारी भी दी जाए। जनता दरबार में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लगभग 60 से ज्यादा लोगों ने अपनी समस्याओं को समक्ष रखा। इस मौके पर निदेशक डीपीएलआर मेनका, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा पीयूष कुमार, जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी शक्ति कुमार आदि उपस्थित थे।

## कोटपा के तहत चास में चला छापामारी अभियान, 8600 रुपये का जुर्माना वसूला



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** डीसी अजय नाथ झा के आदेशानुसार सिविल सर्जन डॉ अभय भूषण प्रसाद के निर्देशन एवं चास थाना प्रभारी के सहयोग से तंबाकू उत्पाद अधिनियम-2003 (कोटपा 2003) की धारा 4, एवं 6ए, 6बी, 6सी के तहत विशेष अभियान चलाया गया। जिसमें जिला छापामारी दल के सदस्य मो असलम द्वारा चास थाना क्षेत्र के आइटीआइमोड़, प्रखण्ड कार्यालय एरिया, धर्मशाला मोड, तेलीडीह मोड, चास चेकपोस्ट एवं स्कूल और अस्पताल के आसपास के कुल 87 दुकानों की जांच की गई, जिसमें 19 दुकानों/व्यक्तियों द्वारा कोटपा कानून उल्लघंग करते पाया गया। इसके बाद उसने अर्थदंद के रूप में कुल 8600 रुपए की वसूली की गई। इस मौके पर स्वास्थ्य विभाग के प्रतिनिधि, चास थाना के एसआई के साथ छापामारी दस्ता उपस्थित थे।

## मना शहीद निर्मल महतो का 38वां शहादत दिवस



**झरिया/जोड़ापोखर (आजाद सिपाही)।** आजसू के संस्थापक शहीद निर्मल महतो का 38वां शहादत दिवस जोड़ापोखर बस्ती पार्क के समीप मनाया गया। जिसकी अध्यक्षता शहीद निर्मल महतो स्मारक समिति के अध्यक्ष सह झामुमो के जिला उपाध्यक्ष कालीचरण महतो ने की। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में रकोमयू के प्रदेश कोषाध्यक्ष संतोष महतो भी शामिल हुए। कहा कि असंगठित मजदूरों की हालत प्रदेश में केंद्र सरकार की नीतियों के कारण दयनीय है। असंगठित मजदूरों की हालत सुधारने के लिए मजदूर यूनियन को लड़ाई लड़ने की जरूरत है। कहा कि झरखंड के पुरोधा शिबू सोरेन के निधन के बाद अब युवाओं पर प्रदेश को आगे लेकर जाने की जबाबदेही है। इस दौरान निर्मल महतो की मूर्ति पर मालार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। इस मौके पर पूर्व पार्षद हरिपदो महतो, प्रभास सिंह, जगदीश मंडल, इसराफिल अंसारी, शमशाद खान, राजा तुरी, फिरोज अंसारी, जफरुल अंसारी, फरीद मालिक, दिलीप महतो, रमेश सोरेन, सुरेश महतो, तरुण महतो, बंटी सिंह, कुलदीप महतो, रीना पासवान आदि शामिल थे।

## संजीव सिंह को जमानत मिलने की खुशी में कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न



**झरिया (आजाद सिपाही।** झरिया के पूर्व विधायक संजीव सिंह को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलने पर बस्ताकोला स्थित अंबेडकर चौक पर शुक्रवार को खुशी मनाई गयी। भाजपा, जनता श्रमिक संघ और जनता मजदूर संघ के कार्यकर्ताओं ने जमकर आतिशबाजी की। इस दौरान एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया।

## चोरी के आरोप में दो गिरफ्तार



**एप्पल, लैपटाप और आभूषण सहित लाखों का सामान बरामद**

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** शहर में लगातार बढ़ रही गृहभेदन और चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए एसपी हरविंदर सिंह के निर्देश पर सिटी डीएसपी आलोक रंजन के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी टीम का गठन किया गया। जिसने बड़ी कार्रवाई करते हुए चोरी के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। उनकी निशानदेही पर लाखों रुपये के गहने, लैपटॉप एवं अन्य सामान सामान बरामद किया गया। जानकारी के अनुसार जांच के क्रम में रांची के बरियातु थाना अंतर्गत देसवाली टोला से बिनोद सोरेंग उर्फ रघु मुण्डा को गिरफ्तार किया गया। सख्ती से पूछताछ में उसने बोकारो में हुई चोरी की कई घटनाओं में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। उसके किराये के मकान से चोरी का सामान भी बरामद हुआ। आरोपी रघु मुंडा की निशानदेही पर पुलिस ने माराफारी थानांतर्गत झोपड़ी कॉलोनी से उसके सहयोगी महेश कुमार उर्फ लल्ला को भी गिरफ्तार कर लिया। उसके घर से भी चोरी का सामान बरामद हुआ है। बरामद सामानों में सोने के मंगलसूत्र, झुमके, चैन, ब्रेसलेट, नथ, चांदी के बर्तन, पायल, अंगूठियां, सिक्के, एप्पल लैपटॉप, मोबाइल फोन, एयरपॉड, पावर बैंक के साथ ही नकदी आठ हजार रुपये एवं औजार आदि शामिल हैं। इस बाबत एसपी ने प्रेस वार्ता कर बताया कि पकड़े गये लोगों का आपराधिक इतिहास रहा है। बिनोद सोरेंग पहले भी सेक्टर-6 और बीएस सिटी थाना क्षेत्र में चोरी के मामलों में जेल जा चुका है। उसके खिलाफ हाल के महीनों में बीएस सिटी थाना में आठ मामले दर्ज हैं। जबकि, महेश कुमार भी स्थानीय स्तर पर चोरी की घटनाओं में सक्रिय था। इस छापामारी टीम में बीएस सिटी थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास, सेक्टर-4 थाना प्रभारी संजय कुमार, उपनिरीक्षक और आरक्षी दल समेत कुल 13 पुलिसकर्मी शामिल रहे। एसपी ने कहा कि शहर में शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए इस तरह की सघन कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## पेड़ों को राखी बांध शिक्षकों एवं बच्चों ने लिया उनकी रक्षा करने का संकल्प



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** डीपीएस स्कूल में शुक्रवार को रक्षाबंधन उत्सव अनूठे अंदाज में मनाया गया। छात्र-छात्राओं ने अपने प्राचार्य डॉ एएस गंगवार के निर्देशन में वृक्षाबंधन के नाम से यह त्योहार मनाया। बच्चों और शिक्षकों ने पेड़ों को बड़े आकार की राखी बांधकर उनकी रक्षा करने और प्रकृति की हरियाली बचाये रखने का संकल्प लिया। सीनियर इकाई में बारी-बारी से विभिन्न पेड़ों पर राखियां बांधी गयी। वहीं, प्राथमिक इकाई में नन्हे छात्र-छात्राओं ने पेड़ों को मैत्री बंधन के रूप में राखियां बांध पेड़ बचाओ, पृथ्वी बचाओ का संदेश दिया। इस अवसर पर राखी बनाने और थाली सजाने की विशेष प्रतियोगिता भी हुई, जिसमें प्री-नर्सरी से पांचवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस गतिविधि के जरिए बच्चे जहां अपनी पारंपरिक कला से अवगत हुए, वहीं अपने भाई-बहनों के प्रति प्रेम व स्नेह को खुद अपने हाथों से बनाईं राखियों के माध्यम से व्यक्त करने के लिए प्रोत्साहित भी किए गए। प्राचार्य ने सभी को रक्षा बंधन की बधाई देते हुए कहा कि यह त्योहार भाई-बहनों के बीच प्रेम, स्नेह, सुरक्षा और जिम्मेदारी के बंधन का प्रतीक है। प्रकृति की रक्षा करना प्रत्येक मानव का धर्म एवं नैतिक कर्तव्य है।

## विद्यार्थियों ने लगायी विज्ञान प्रदर्शनी



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** दि पेंटीकॉस्टल असेम्बली स्कूल में शुक्रवार को विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, रचनात्मकता और व्यावहारिक सीख को प्रोत्साहित करना था। यह आयोजन चतुर्थ एवं पंचम कक्षाओं में आयोजित किया गया। औपचारिक उद्घाटन प्राचार्या डॉ करूणा प्रसाद द्वारा किया गया। प्रतिभागी विद्यार्थियों ने इस प्रदर्शनी में बड़े उत्साह के साथ भाग लिया और नवीन कार्यशील मॉडलों के माध्यम से अपने रचनात्मक विचार प्रस्तुत किए। प्रदर्शनी स्टेम फेयर की थीम के अंतर्गत आयोजित की गई थी। जिसमें बल, ऊर्जा और सरल यंत्रों, जैसे प्रमुख वैज्ञानिक विषयों पर ध्यान केंद्रित करते हुए, सभी मॉडलों को सरल और कम लागत वाली सामग्रियों से तैयार किया गया था। इन्होंने मूलभूत वैज्ञानिक सिद्धांतों को प्रभावी रूप से प्रदर्शित किया गया था। कुछ रोचक अवधारणाओं में बैलून कार, मिनी एयर कूलर, वैक्यूम क्लीनर, हाइड्रोलिक लिफ्ट, पवनचक्की, सौर ऊर्जा परियोजनाएं एवं ऊर्जा के विभिन्न रूप शामिल थे। इस अवसर पर प्राचार्या ने युवा नवप्रवर्तकों की प्रतिभा और जिज्ञासा की सराहना की और इस प्रदर्शनी को कल्पना और बुद्धिमत्ता का उत्सव बताया।

## आइआइटी-आइएसएम धनबाद में आदिवासी मुद्दों पर राष्ट्रीय सेमिनार की शुरुआत

# 'भारत में आदिवासी जनसंख्या की नीतियां, राजनीति और कल्याण' विषय पर चर्चा

आजाद सिपाही संवाददाता




**धवबाद।** आइआइटी-आइएसएम में शुक्रवार से दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार 'रीक्लेमिंग इंडिजेनिटी: आदिवासी सवाल, जनजाति आंदोलन और समकालीन भारत में ट्राइबल स्टडीज' का शुभारंभ हुआ। उक्त सेमिनार आइआइटी-आइएसएम) के मानविकी और सामाजिक विज्ञान विभाग की ओर से भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएसएसआर) के सहयोग से आयोजित हुआ है। जिसका उद्घाटन गोल्डन जुबली लेक्चर थिएटर में हुआ। इसमें बतौर मुख्य अतिति के रूप में उपस्थित आइआइटी-आइएसएम) के डीन (फैकल्टी) प्रो सरत कुमार दास ने अपने संबोधन में अपने गृह राज्य ओडिशा में समाज के सभी वर्गों में मौजूद आपसी सद्भावना का जिक्र किया। उन्होंने 'एबॉरिजिनल' शब्द के जरिए मूलवासी समुदाय की पहचान पर बात की और ब्रिटिश राज के दौरान आदिवासियों पर हुए अत्याचार और हत्याओं को याद किया। वहीं, अपने अभिभाषण में मानविकी और सामाजिक विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो ज्ञान प्रकाश ने कहा कि वे खुद झारखंड के आदिवासी बहुल क्षेत्र से हैं। इसलिए यह विषय उनके लिए काफी नजदीकी है। सेमिनार के संयोजक प्रो संगय तामांग ने बताया कि इस सेमिनार के लिए 350 से ज्यादा एब्स्ट्रैक्ट मिले, लेकिन विभिन्न कारणों से सभी को शामिल नहीं किया जा सका। वहीं, सह संयोजक प्रो. निर्बाण मन्ना ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। उधर, सेमिनार का पहला की-नोट एड्रेस आइआइटी गांधीनगर के विजिटिंग प्रोफेसर और सिक्किम यूनिवर्सिटी के पूर्व कुलपति प्रो टांका बी. सुब्बा ने दिया। उन्होंने 'रीक्लेमिंग इंडिजेनिटी और समकालीन भारत में आदिवासी सवाल' विषय पर अपने विचार रखे। इसके बाद पहली तकनीकी सत्र समकालीन भारत में जनजातियां: बहस, विमर्श और चर्चा पर हुआ। जबकि दूसरा सत्र करेजिस्टेंस, मोबिलाइजेशन और इंडिजेनिटी इन इंडिया' पर केंद्रित रहा। वहीं, तीसरे सत्र में 'भारत में आदिवासी जनसंख्या की नीतियां, राजनीति और कल्याण' पर चर्चा हुई। दिन का समापन 'बिरसा मुंडा का जीवन और विरासत' विषय पर पैनल चर्चा के साथ हुआ। दूसरी ओर, नौ अगस्त को सेमिनार के दूसरे दिन की शुरूआत चौथे तकनीकी सत्र 'ट्राइबल और इंडिजेनस स्टडीज में उभरते विषय' से होगी। इसके बाद पांचवां सत्र 'भारत में जनजातियों के बीच जमीन, पहचान और संघर्ष' पर और छठा सत्र 'धर्म, सेक्युलरिज्म और आदिवासी दृष्टिकोण' पर होगा। सातवां और अंतिम सत्र 'पर्यावरण, जलवायु परिवर्तन और आदिवासी समुदायों में खाद्य असुरक्षा' पर केंद्रित रहेगा। सेमिनार का समापन वैलिडिक्टरी फंक्शन के साथ होगा।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा**

**ई–अतिअल्पकालीन पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना**
**ई–अतिअल्पकालीन पुनर्निविदा संख्या– 16/RII/2025-26/RWD/CHATRA**
**दिनांक– 07.08.2025**

कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा द्वारा जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट (DMFT) मद अन्तर्गत् निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | आईडेन्टिफिकेशन संख्या/ पैकेज संख्या | प्रखण्ड | पंचायत | ग्राम | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | | कार्य समाप्ति की अवधि | कॉल सं. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | अंक में | अक्षर में | | |
| 1 | RWD/ CHATRA/74/ 2024-25 | हंटरगंज | नावाडीह पनारी | पनारी | पंचायत सचिवालय से हनुमान मंदिर तक PCC पथ निर्माण | 99,39,800.00 | निन्यानबे लाख उन्चालीस हजार आठ सौ मात्र | 06 माह | तृतीय |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– **11.08.2025**
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– **18.08.2025 अपराह्न 5.00 बजे तक।**
4. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– **20.08.2025 अपराह्न 3.30 बजे।**
5. ई–निविदा आमंत्रित करनेवाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– **कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा, द्वितीय तल, विकास भवन, चतरा।**
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष संख्या :– 06541-296208

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट **www.jharkhandtenders.gov.in** में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,कार्य प्रमण्डल, चतरा

**PR 359186 (Rural Work Department)25-26*D**

### प्रवर समिति की रिपोर्ट के बाद फैसला

## आयकर विधेयक केंद्र सरकार ने लोकसभा से वापस लिया



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने लोकसभा से आयकर विधेयक 2025 को वापस ले लिया है। विधेयक की जांच के लिए बनी प्रवर समिति की रिपोर्ट के बाद यह फैसला लिया गया। इस विधेयक को फरवरी में लोकसभा में पेश किया गया था। बताया जा रहा है कि नया विधेयक 11 अगस्त को लोकसभा में पेश किया जाएगा।

केंद्र सरकार ने आयकर विधेयक 2025 को 13 फरवरी 2025 को लोकसभा में पेश किया था। विधेयक की जांच के लिए भाजपा सांसद बैजयंत पांडा की अध्यक्षता में 31 सदस्यीय प्रवर समिति बनायी गयी थी। समिति ने विधेयक की जांच की और 285 सुझाव दिये थे। समिति ने 21 जुलाई 2025 को अपनी रिपोर्ट लोकसभा में प्रस्तुत कर दी। केंद्र सरकार ने प्रवर समिति की लगभग सभी सिफारिशें सरकार द्वारा स्वीकार कर ली हैं। कुछ सुझाव भी प्राप्त हुए हैं, जिन्हें सही विधायी अर्थ प्रदान करने के लिए शामिल करने की आवश्यकता है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को लोकसभा में आयकर विधेयक, 2025 वापस ले लिया। उन्होंने कहा कि सरकार प्रवर समिति की ओर से सुझाये गये बदलावों को शामिल करने के बाद विधेयक को नये रूप में लेकर आयेगी। बताया जा रहा है कि विधेयक का नया संस्करण 11 अगस्त को लोकसभा में पेश किया जायेगा। सूत्रों के हवाले से समाचार एजेंसी पीटीआइ ने बताया कि विधेयक के विभिन्न संस्करणों के कारण भ्रम से बचने तथा सभी परिवर्तनों को शामिल करते हुए एक स्पष्ट और नया संस्करण उपलब्ध कराने के लिए आयकर विधेयक का नया संस्करण सोमवार को सदन में विचार के लिए पेश किया जायेगा।

# भारतीय सेना और एयरफोर्स को 200 नये हल्के हेलिकॉप्टर मिलेंगे

### सेना को 120 और 80 वायुसेना को मिलेंगे : पुराने चेतक-चीता हेलिकॉप्टर रिटायर होंगे

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** इंडियन आर्मी और एयरफोर्स अपने पुराने चेतक और चीता हेलिकॉप्टरों को हटाकर करीब 200 नये हल्के हेलिकॉप्टर खरीदने की तैयारी कर रही है। इसके लिए रक्षा मंत्रालय ने रिक्वेस्ट फॉर इन्फॉर्मेशन जारी किया है। इन नये हेलिकॉप्टरों को रिकॉनेसेन्स और सर्विलांस हेलिकॉप्टर के तौर पर बांटा गया है। इनमें से 120 हेलिकॉप्टर भारतीय सेना और 80 हेलिकॉप्टर वायुसेना को दिये जायेंगे। ये हेलिकॉप्टर दिन और रात दोनों समय में काम कर सकेंगे।

रक्षा मंत्रालय का उद्देश्य तकनीकी जरूरतें तय करना, खरीद प्रक्रिया पर निर्णय लेना और संभावित आपूर्तिकर्ताओं की पहचान करना है। इसमें भारतीय कंपनियों को भी शामिल किया जायेगा, जो विदेशी कंपनियों के साथ साझेदारी करके हेलिकॉप्टर बना सकें।

**डिफेंस मिनिस्ट्री और भी हेलिकॉप्टर खरीदेगा :** डिफेंस मिनिस्ट्री ने अन्य प्लेटफॉर्म के साथ और भी यूटिलिटी हेलिकॉप्टर खरीदने की योजना बनायी है।



**नये हेलिकॉप्टरों का उपयोग कई कामों में किया जायेगा**

दुश्मन की निगरानी और जानकारी जुटाना, कम संख्या में सैनिकों को मिशन पर ले जाना, जरूरत पड़ने पर जल्दी प्रतिक्रिया देने वाली टीमों को ले जाना, जमीन पर लड़ाई में मदद देना, घायल सैनिकों को निकालना और राहत-बचाव कार्य और जरूरत पड़ने पर नागरिक प्रशासन की मदद करना आदि।

संसद में पेश रक्षा मामलों की स्थायी समिति की रिपोर्ट के अनुसार, निम्न-स्तरीय रडार, हल्के लड़ाकू विमान, मल्टी-रोल हेलिकॉप्टर, और मिड-एयर रिफ्यूलिंग एयरक्राफ्ट भी खरीदे जायेंगे। इसके अलावा, मंत्रिमंडल की सुरक्षा समिति ने हाल ही में हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड से 156 हल्के लड़ाकू हेलिकॉप्टर खरीदने की मंजूरी दी है, जिसकी कीमत 45,000 करोड़ रुपये से ज्यादा बतायी जा रही है। ये हेलिकॉप्टर भी सेना और वायुसेना में बांटे जायेंगे और चीन-पाकिस्तान सीमा पर तैनात होंगे।

रक्षा मंत्रालय के मुताबिक यह कदम आत्मनिर्भर भारत की दिशा में भी एक बड़ा प्रयास है। भारतीय वायुसेना देश में ही लड़ाकू विमान, ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट, हेलिकॉप्टर, ट्रेनर विमान, मिसाइल, ड्रोन और रडार बनाने पर जोर दे रही है, ताकि रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल की जा सके।

### पीएम ने की रूस के राष्ट्रपति से बात

## मोदी ने द्विपक्षीय सम्मेलन में भारत आने का दिया न्योता

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**नयी दिल्ली।** रूस से तेल खरीदने पर अमेरिका की ओर से लगाये गये 50 फीसदी टैरिफ को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने शुक्रवार को फोन पर बात की। इस दौरान पुतिन ने पीएम मोदी को यूक्रेन युद्ध को लेकर जानकारी दी। पीएम मोदी ने संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान के लिए भारत के रुख को दोहराया। दोनों नेताओं ने भारत-रूस साझेदारी को मजबूत करने पर भी बात की। वहीं पीएम मोदी ने रूस के राष्ट्रपति पुतिन को वार्षिक द्विपक्षीय शिखर सम्मेलन में भारत आने का न्योता दिया। यह बातचीत इसलिए भी अहम है, क्योंकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूस से तेल खरीदने पर 50 फीसदी टैरिफ लगाकर भारत पर दबाव बनाने की कोशिश की है।

पीएम नरेंद्र मोदी ने एक्स पर लिखा कि मेरे मित्र राष्ट्रपति पुतिन के साथ बहुत अच्छी और विस्तृत बातचीत हुई। मैंने यूक्रेन पर नवीनतम घटनाक्रम साझा करने के लिए उनका धन्यवाद किया। हमने अपने द्विपक्षीय एजेंडे में प्रगति की भी समीक्षा की और भारत-रूस विशेष एवं विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को और गहरा करने की प्रतिबद्धता दोहराई। मैं इस वर्ष के अंत में भारत में राष्ट्रपति पुतिन की मेजबानी करने के लिए उत्सुक हूं।

**मॉस्को के दौरे पर हैं डोभाल :** पीएम नरेंद्र मोदी और रूसी राष्ट्रपति पुतिन के बीच बातचीत ऐसे वक्त में हुई जब भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल मॉस्को के दौरे पर हैं। उन्होंने गुरुवार को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की थी। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से राष्ट्रपति पुतिन को इस वर्ष के अंत में भारत आने का निमंत्रण दिया था, जिसे पुतिन ने स्वीकार कर लिया।

**ब्राजील के राष्ट्रपति ने किया था फोन :** इससे पहले गुरुवार को पीएम नरेंद्र मोदी को ब्राजील के राष्ट्रपति लुईज इनासियो लूला दा सिल्वा का फोन आया था। कॉल के दौरान प्रधानमंत्री ने पिछले महीने अपनी ब्राजील यात्रा का जिक्र किया था। तब दोनों नेताओं ने व्यापार, प्रौद्योगिकी, ऊर्जा, रक्षा, कृषि, स्वास्थ्य और लोगों के बीच संबंधों में सहयोग को मजबूत करने की रूपरेखा पर सहमति जतायी थी।

## तिरंगा यात्रा और घर-घर तिरंगा गर्व का पल : जैलेंद्र

- तिरंगा यात्रा और घर घर तिरंगा यात्रा की सफलता को लेकर टाटीसिलवे मंडल की हुई बैठक

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**नामकुम।** भारतीय जनता पार्टी टाटीसिलवे मंडल द्वारा शुक्रवार को शाम के तीन बजे हर घर तिरंगा एवं तिरंगा यात्रा के साथ साथ महापुरुषों के शहीद स्थल में साफ सफाई हेतु, विभीषिका दिवस इत्यादि कार्यक्रम के सफलता हेतु आवश्यक बैठक की गयी। इस बैठक के कार्यक्रम प्रभारी के रूप में पूर्व 20 सूत्री उपाध्यक्ष एवं पूर्व जिला ग्रामीण जिला अध्यक्ष जैलेंद्र कुमार एवं ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष प्रभु दयाल बड़ाइक एवं मंडल अध्यक्ष राजेंद्र महतो की अध्यक्षता में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम प्रभारी जैलेंद्र कुमार द्वारा सभी कार्यकर्ताओं को इस पूरे कार्यक्रम के बारे में विशेष जानकारी दी गयी एवं सभी कार्यकर्ताओं को विशेष जिम्मेदारी दी गयी। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि यह कार्यक्रम हम सबों के लिए गौरव का पल है। साथ ही 12 अगस्त को शहीदों के प्रतिमा की सफाई, 13 अगस्तवकों सरला बिरला गेट से सुबह 8 बजे पैदल तिरंगा यात्रा इइएफ मैदान टाटीसिलवे तक, 14 अगस्त को हर घर तिरंगा लगाना एवं शाम पांच बजे टाटीसिलवे बाजार में विभाजन विभीषिका दिवस पर मौन जुलूस निकाना तय हुआ। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री रुद्रेश्वर राय एवं समापन महामंत्री अमित मिश्रा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में माधुरी देवी ग्रामीण जिला मंत्री, कपिल देव सिंह उपाध्यक्ष, नागेश्वर महतो मंत्री, रमेश लकड़ा, अरविंद कुमार महतो पूर्व मंडल मीडिया प्रभारी, उद्योचंद महतो, गोवर्धन महतो, बिनोद कुमार शाही, कुमार महतो, सयनाथ महतो, रतनू कुजूर, कर्मा लोहरा, अशोक नायक, रितेश कुमार, संतोष मिर्धा, पवन मिर्धा, विशाल ओझा, रूपेश महतो, अंश कुमार, बसंत कुमार, मुकेश कुमार, मनशा महतो, रजत मिर्धा, केडी शर्मा, सुभाष पांडे, सिदाम सिंह मुंडा आदि उपस्थित रहे।







### सुप्रीम कोर्ट ने बांके बिहारी ट्रस्ट पर लगायी अस्थायी रोक

**मथुरा (आजाद सिपाही)।** सुप्रीम कोर्ट ने बांके बिहारी ट्रस्ट पर अस्थायी रोक लगा दी। शुक्रवार को कोर्ट ने कहा कि बांके बिहारी मंदिर न्यास अध्यादेश, 2025 के तहत समिति के संचालन को सस्पेंड किया जा रहा है। कोर्ट ने अध्यादेश की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिका को हाईकोर्ट ट्रांसफर किया है।






















आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**